वर्ष 73 अंक 200 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 19 अप्रैल, 2026
वैशाख शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

www.dainikjagranmpcg.com


## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय कर्मियों, पेंशनरों का डीए 2% बढ़ाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में इजाफा कर दिया। पेंशनर्स के लिए डीआर में भी इजाफा किया गया है। कैबिनेट ने 2 फीसदी डीए बढ़ने का फैसला किया है। यह बढ़ोतरी 7वें वेतन आयोग के तहत की गई है। इससे अब कर्मचारियों का कुल महंगाई भत्ता 58 से बढ़कर 60 फीसदी हो जाएगा, जो जनवरी 2026 से लागू होगा। यानी जनवरी से अप्रैल तक का बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक साथ अप्रैल की सैलरी के साथ आएगा। सरकार के इस फैसले से केंद्र को हर साल 6791.24 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। हालांकि, इससे 50.46 सरकारी कर्मचारियों और 68.27 लाख रुपए पेंशनर्स को लाभ होगा।

**50 लाख कर्मचारियों, 68 लाख पेंशनरों को होगा लाभ**

### राहुल गांधी को राहत एफआईआर नहीं होगी

**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया। कोर्ट ने बताया कि शुक्रवार को सुनवाई हुई थी। इसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था। हालांकि, आदेश टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फिर से फैसले को परखा।

**हाईकोर्ट ने कहा, बिना नोटिस केस दर्ज करना सही नहीं**

### पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

**पुणे, जेएनएन।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाक विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10.30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि वायुसेना के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था, लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि, फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका। वायुसेना ने बताया, दोनों पायलट सुरक्षित हैं।

**करीब 11 घंटे बंद रहा रनवे 91 फ्लाइट्स कैंसिल हुईं**

### TATA IPL आईपीएल में आज

**कोलकाता बनाम राजस्थान**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**पंजाब बनाम लखनऊ**
समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणाम:** दिल्ली ने बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। हैदराबाद ने चैन्नई को 10 रनों से हराया।

### लेबनान में शांति सैनिकों पर हमला, फ्रांसीसी जवान की मौत

**वॉशिंगटन डीसी/जेएनएन।** ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन पर तैनात फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमले में एक जवान की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने इस हमले के पीछे हिजबुल्लाह का हाथ होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सभी संकेत इसी ओर इशारा करते हैं और लेबनानी अधिकारियों से हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है। दूसरी ओर, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और यूएन शांति बल के फ्रांसीसी दल पर हुए हमले की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं।

## महिला आरक्षण: बिल पास न हो पाने पर मैं माताओं-बहनों का क्षमाप्रार्थी हूं: पीएम

# हमारा आत्मबल अजेय और संकल्प अटूट है... प्रयास जारी रहेगा: मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संशोधन विधेयक गिरने के बाद शनिवार देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। उन्होंने इसके लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, विपक्ष ने स्वार्थ के चलते बिल को पारित नहीं होने दिया। मोदी ने कहा, देश की नारी शक्ति सब देख रही है, बिल गिरा तो मुझे बहुत दुख हुआ। 30 मिनट का संबोधन उन्होंने ये कहते हुए खत्म किया कि उनका आत्मबल अजेय है और उनकी सरकार ने अभी हार नहीं मानी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया और उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। सरकार ने पूरी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई और नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन नहीं हो सका। बिल पास करने के लिए जरूरी 66 प्रतिशत वोट हमें नहीं मिले, लेकिन मैं जानता हूं कि देश की 100 फीसदी नारी शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है। मैं देश की नारी शक्ति को विश्वास दिलाता हुआ कि इसके विरोध में आने वाली हर रुकावट को खत्म करके रहेंगे। कल हमारे पास संख्या बल नहीं था, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हम हार गए हैं। हमारा आत्मबल अजेय है। हमारे पास आगे भी और मौके आएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि जो भी काम देश के लिए जरूरी फैसला होता है, कांग्रेस इसे कार्पेट के नीचे डाल देती है। कांग्रेस के इसी रवैये से आज देश उस ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाया, जिसका ये हकदार है। कांग्रेस हर रिफॉर्म को रोक कर बैठी है। लटकाना और अटकाना की कांग्रेस का सिद्धांत और वर्क कल्चर रहा है। कांग्रेस ने जनधन, आधार, डिजिटल पेमेंट्स, जीएसटी, गरीबों को आरक्षण, तीन तलाक कानून, 370 हटाना, हर चीज का विरोध किया। यहां तक कि यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे सुधारों का भी विरोध करती है। रिफॉर्म का नाम सुनते ही कांग्रेस विरोध करने लगती है, जो भी काम देश को मजबूत बनाता है, कांग्रेस उसमें बाधा डालती है। कांग्रेस वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध करती है। घुसपैठियों को निकालने का विरोध करती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस मतदाता सूची शुद्धिकरण का विरोध करती है। सीएए कानून का विरोध किया और झूठ फैलाकर माहौल खराब किया। माओवादी, नक्सली हिंसा खत्म करने के प्रयासों में भी बाधा डालती है। विपक्ष परिसीमन को लेकर झूठ फैला रहा है। उन्होंने बताया कि न किसी राज्य का प्रतिनिधित्व घटेगा और न ही किसी की हिस्सेदारी कम होगी, बल्कि सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ेंगी।

### राष्ट्र के नाम संबोधन की प्रमुख बातें



**अजेय आत्मबल:** प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में संख्या बल (66 फीसदी बहुमत) की कमी के कारण बिल भले ही गिर गया हो, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे हार गए हैं। उन्होंने जोर दिया कि उनका आत्मबल अजेय है और संकल्प अडिग है।

**नारी शक्ति का समर्थन:** उन्होंने विश्वास जताया कि देश की शत-प्रतिशत नारी शक्ति का आशीर्वाद उनके साथ है और वे महिलाओं को उनका हक दिलाकर ही रहेंगे।

**विपक्ष पर निशाना:** पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया और कहा कि ये दल नारी शक्ति को आगे बढ़ने से नहीं रोक पाएंगे।

**प्रयास जारी रखने का संकल्प:** उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका प्रयास रुकेगा नहीं और भविष्य में आने वाले मौकों पर इस संकल्प को हर हाल में पूरा किया जाएगा।

#### हमारे लिए देशहित सर्वोपरि

प्रधानमंत्री ने कहा कि वो देश की सभी माताओं और बहनों से क्षमा प्रार्थना करते हैं कि यह प्रयास सफल नहीं हो पाया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के लिए देशहित सर्वोपरि है, लेकिन जब कुछ लोगों के लिए दलहित देशहित से बड़ा हो जाता है, तो उसका नुकसान नारी शक्ति और देश दोनों को उठाना पड़ता है।

#### नारी अपमान कभी नहीं भूलती...

मोदी ने कहा, नारी सबकुछ भूल सकती है, लेकिन अपमान कभी नहीं। संसद में कांग्रेस, सहयोगियों के इस व्यवहार की कसक हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी, उसे याद आएगा कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण रोकने का जश्न मनाया था।

#### संविधान और विपक्षी एकता की जीत: प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बिल के गिरने को 'संविधान और विपक्षी एकता की जीत' बताया है। उन्होंने इस दिन को एनडीए सरकार के लिए 'काला दिन' करार दिया। प्रियंका ने मांग की है कि सरकार 2023 में सर्वसम्मति से पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को बिना किसी शर्त (जैसे परिसीमन या जनगणना) के तुरंत लागू करे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का बिल महिला सशक्तिकरण के लिए नहीं, बल्कि परिसीमन के बहाने चुनावी लाभ के लिए था। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस आरक्षण के भीतर ओबीसी महिलाओं के लिए आनुपातिक आरक्षण की पक्षधर है।

#### महिलाओं को वंचित रखने का जश्न : ईरानी



भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर महिलाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया है। ईरानी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि विपक्ष महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण से वंचित रखने का 'जश्न' मना रहा है। उन्होंने विपक्ष के रुख को 'सामंती मानसिकता' बताया, जहां संवैधानिक अधिकारों को हक के बजाय राजनीतिक खैरात समझा जाता है। उन्होंने तर्क दिया कि आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन संवैधानिक आवश्यकता है, न कि राजनीतिक चाल। उन्होंने कांग्रेस को याद दिलाया कि उनके दशकों के शासन व यूपीए के समय भी वे इस बिल को पास कराने में विफल रहे।

# हॉर्मुज स्ट्रेट में भारतीय तेल टैंकर पर फायरिंग

## भारत ने दिखाया सख्त रूख, राजदूत तलब

**वॉशिंगटन डीसी/जेएनएन।** होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहे दो व्यापारी जहाजों पर शनिवार दोपहर गोलीबारी हुई। 'जग अर्णव' नाम का यह जहाज करीब 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था। रिपोट्र्स के मुताबिक, दो भारतीय जहाज (जग अर्णव, सन्मार हेराल्ड) में से 'जग अर्णव' पर फायरिंग की गई, दूसरा जहाज सुरक्षित रहा। इसमें एक भारतीय झंडे वाला तेल टैंकर भी शामिल था। यह जानकारी कई समुद्री और सुरक्षा सूत्रों ने दी है, जिसे शिपिंग मॉनिटर टैंकर ट्रैकर्स ने रिपोर्ट किया। ब्रिटेन के समुद्री निगरानी केंद्र मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स टैंकर्स के पास आईं और बिना रेडियो चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों जहाज स्ट्रेट पार किए बिना ही लौट गए। इस घटना के बाद भारत ने सख्त रुख दिखाया है।

#### कल होगी दोबारा बातचीत

अमेरिका और ईरान की टीमें सोमवार को फिर से पाकिस्तान में बातचीत कर सकती हैं। हालांकि, दोनों पक्षों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया। आरोप लगाया कि अमेरिका सीजफायर समझौते का ठीक से पालन नहीं कर रहा। अमेरिका ने इमरजेंसी ऑयल स्टोरेज से करीब 2.6 करोड़ बैरल तेल निकालकर 9 कंपनियों को दे दिया है।

#### अमेरिकी नाकेबंदी जारी

ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौते में अब कोई बड़ी अड़चन नहीं बची है। हालांकि, डील पूरी होने तक नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी।

#### लेबनान में घर वापसी

इजराइल-लेबनान के बीच सीजफायर लागू होने के बाद लेबनान में हजारों लोग अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं।


### हार्ट क्लीनिक आपके शहर रीवा में

**डॉ. शिरीष मिश्रा हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रत्येक दिन**



**रीवा।** रीवा के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शिरीष मिश्रा जी M.D. मेडिसिन D.N.B कार्डियोलॉजी कंसलटेंट इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व कंसलटेंट - मैक्स हॉस्पिटल, बी.ल कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रति दिन समड़िया गोल्ड बाल भारती स्कूल के सामने रीवा में उपलब्ध है, डॉ शिरीष मिश्रा पूर्व में मैक्स हॉस्पिटल और बी.एल. कपूर जैसे हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है, हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, स्टंट, पेसमेकर, वाल्व बाईपास इत्यादि के मरीजों का फॉलो उप, जन्मजात हृदय रोग जैसे बीमारी का इलाज किया जाता है, आधुनिक जांच सुब्धियाएं जैसे कि इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, ECG, होल्टर, ए बीपीएम जैसे आधुनिक तकनीक से जांच उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु आराध्या मेडिकल स्टोर्स समदड़िया गोल्ड, बाल भारती स्कूल के सामने, रीवा। संपर्क नं. 9752244-218 में संपर्क कर सकते हैं।

**75 वर्ष से ज्यादा व्यक्तियों का सभी प्रकार की जांचो में 50% की छूट एवं निःशुल्क परामर्श**

**विशेष सुविधाएं: एन्जोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी,** आयुष्मान द्वारा निःशुल्क सर्जरी की जाती है।


# भोपाल से 5500 में चंदेरी, 6500 में ओरछा ले जाएगा हेलिकॉप्टर

## आज सीएम करेंगे शुभारंभ, हफ्ते में 5 दिन मिलेगी सुविधा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल से धार्मिक नगरी ओरछा और ऐतिहासिक शहर चंदेरी के बीच भी हवाई सफर की सुविधा रविवार से शुरू हो जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव स्टेट हैंगर से सुबह 10.45 बजे पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के नए रूट का शुभारंभ करेंगे। पर्यटन विभाग ने इसके लिए एक निजी विमानन कंपनी से करार किया है। इसके तहत भोपाल से चंदेरी का किराया 5,500 और ओरछा का हवाई किराया 6,500 रुपए प्रति व्यक्ति होगा। दोनों पर्यटन स्थलों के लिए विभाग ने स्पेशल पैकेज भी तैयार किया है, जिसके तहत 14,500 रुपए हवाई किराए के साथ टैक्सी, वीआईपी दर्शन और प्रसाद जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। जो लोग चंदेरी या ओरछा में आसमान से शहर का नजारा देखना चाहते हैं, उनके लिए 3,500 में जॉय राइड की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।



**ये होगा शेड्यूल**
यह हेलिकॉप्टर सेवा फिलहाल सप्ताह में 5 दिन मिलेगी। भोपाल से ओरछा जाने में 1 घंटे 40 मिनट और चंदेरी पहुंचने में लगभग 1 घंटे 10 मिनट का समय लगेगा।

### अक्षय तृतीया पर आज खुलेंगे कपाट, चारधाम यात्रा शुरू

**देहरादून, जेएनएन।** अक्षय तृतीया से चार धामयात्रा की शुरुआत होने जा रही है। 19 अप्रैल यानी अक्षय तृतीया की शुभ वेला पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसे लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। हर साल की तरह इस बार भी यहां देश-विदेश से श्रद्धालु आएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री के बाद केदारनाथ और बद्रीनाथ के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने से पहले मंदिर परिसर को रंग-रोगन से संवारा जा रहा है। डेढ़ क्विंटल फूलों से मंदिर को सजाया जाएगा। इस बार प्राकृतिक सौंदर्य भी अपने चरम पर है। हाल ही में हुई बर्फबारी से गंगोत्री के आसपास की पहाड़ियां बर्फ से ढक गई हैं, जो तीर्थ यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

### इंदौर आएंगे 11 देशों के कृषि मंत्री, 12 से ब्रिक्स की बैठक

**जागरण, इंदौर।** दुनिया के 11 देशों की मौजूदगी वाले अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स की अहम बैठक सबसे सुंदर शहर इंदौर में होने जा रही है। दो दिनी बैठक 12 व 13 जून को होगी। भारत की मेजबानी में ब्रिक्स देशों के 18वें शिखर सम्मेलन की थीम रेजिलिएंस, इनोवेशन, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण रखी गई है। इसमें ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम डॉ. मोहन यादव से चर्चा के बाद बैठक के लिए इंदौर का चयन किया है। यह आयोजन इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसके तहत कृषि क्षेत्र की अहम बैठक मप्र में रखी गई है। केंद्र से सूचना मिलते ही जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है।









## बीच शहर ओवरलोड माल भरकर दौड़ रहे सवारी ऑटो



**जागरण, रीवा।** शहर भर में ऑटो चालकों की मनमानी रोक पाने में जिम्मेदार नाकारा साबित हो रहे हैं, जिसका भरपूर लाभ सवारी ढोने वाले ऑटो चालक ओवरलोड माल ढोकर उठा रहे हैं। शहर के शिल्पी प्लाजा के सामने ऑटो से दो गुना चौड़ा पत्थर भरकर एक ऑटो चालक इस मार्ग पर घुस गया, जिसकी वजह से मार्ग का आवागमन ही अवरुद्ध हो गया। ऑटो के दोनों ओर निकले पत्थर के कारण ऑटो पीछे व बगल से निकलने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन खड़े करना पड़े। क्षमता से अधिक माल लादे ऑटो चालक अपने हिसाब से ऑटो चलाकर ले गए, जिससे आवागमन तो अवरुद्ध हुआ साथ ही आसपास चल रहे वाहन चालकों को दुर्घटना का भी भय बना रहा।






## जंगल से निकलकर हाथियों का जोड़ा बढ़ा रिहायशी इलाके की ओर



**गोविन्दगढ़ के टीकर क्षेत्र में दिखे हाथी, ग्रामवासियों में दहशत का माहौल**

**जागरण, रीवा।** जिला मुख्यालय से महज 30 किमी दूर स्थित गोविन्दगढ़ के टीकर क्षेत्र में शुक्रवार रात जंगल से निकलकर हाथियों का जोड़ा रिहायशी क्षेत्र की ओर बढ़ने लगा, जिससे क्षेत्र के रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने साहस का परिचय देते हुए हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाकर शोर मचाना शुरू कर दिया और इसकी सूचना वन विभाग को दी, वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को जंगल की ओर मोड़ने गया, वन विभाग ने क्षेत्र के रहवासियों से अलर्ट रहने को कहा और इसकी सूचना वन अमले को देने के बारे में कहा गया, रात भर लोग जागकर हाथियों के जोड़े पर नजर रखते रहे।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**जगह-जगह विभिन्न समाजजनों ने किया स्वागत, विशाल भण्डारे का किया आयोजन**



जागरण, रीवा

शहर में शनिवार को विप्र वंश के आराध्य देव भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, ब्राह्मण समाज, विप्र सेवा संघ एवं समस्त हिन्दू समाज के तत्वावधान में अपराह्न 3 बजे भगवान परशुराम आश्रम इटौरा बायपास से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज सहित क्षत्रिय समाज, करणी सेना के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे। शोभा यात्रा शिल्पी प्लाजा होते हुए पीली कोठी होती हुई शिव मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह सिंधी समाज, अग्रवाल समाज, क्षत्रिय समाज सहित ब्राह्मण समाज के गणमान्यजनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शिव मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसका हजारों समाजजनों सहित अन्य समाज के लोगों ने लाभ उठाया। आयोजन में विप्र सेवा संघ के राजेन्द्र शुक्ला, अभा ब्राह्मण समाज के संजय त्रिपाठी, करणी सेना ने प्रशांत सिंह, आशी तिवारी शिब्बू, सतीश चौबे, लालजी मिश्रा, अनुराग मिश्रा, अजय तिवारी, दीपक पाण्डेय सहित ब्राह्मण समाज, विप्र सेवा संघ सहित समस्त हिन्दू संगठन, क्षत्रिय समाज का विशेष सहयोग रहा।

### श्री परशुराम सेवा संघ आज निकालेगा भव्य शोभायात्रा

रीवा। श्री परशुराम सेवा संघ आज 19 अप्रैल को शहर में भव्य शोभायात्रा निकालेगा। श्री परशुराम सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कमलेश तिवारी ने बताया कि अजा दोपहर 12 बजे दिन शोभायात्रा विवेकानंद पार्क से निकाली जायेगी, पीली कोठी शिवमन्दिर में विराजमान भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया गया है। सभी अनुयायियों से पहुंचने की अपील की गई है।
**परशुराम आश्रम में धर्म संसद आज :** परशुराम सेवा समिति रीवा द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर धर्म संसद के साथ-साथ अनेक धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी पूरी हो चुकी है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.00 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी।

## चिलचिलाती धूप में बांट रहे सिलेण्डर, गोदाम से सौ मीटर दूर खाली पड़े प्लॉट पर हो रहा वितरण



**जागरण, रीवा।** शहर के मे. रीवा गैस एजेन्सी के जिम्मेदार मैदानी स्थित गोदाम से सौ मीटर दूर त्रिदण्डी नगर में खाली पड़े प्लॉट में उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर वितरण कर रहे हैं, यहां पर न तो कहीं छायादार स्थान है न ही आसपास कोई दुकान वगैरह है जहां लोगों को गर्मी से निजात पाने व पीने का पानी नसीब हो सके। लोग चिलचिलाती धूप में खड़े रहकर अपने नंबर का इंतजार करते रहते हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि गोदाम के आसपास छायादार पड़े हैं, अगल-बगल दुकानें हैं, पूर्व में उपभोक्ता वहीं पर कतार लगाकर सिलेण्डर लेने जाते रहे, किन्तु एजेन्सी द्वारा सौ मीटर दूरी का नियम बनाकर उपभोक्ताओं को खाली प्लॉट में सिलेण्डर वितरण कर परेंशान करने में तुले हुए हैं।

## शहर के वार्ड 8 में पीएचई प्रदाय कर रहा गंदा, बदबूदार पानी



**पानी का अन्य विकल्प भी नहीं, लोग पानी खरीदने को मजबूर**

**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 8 बोदाबाग में पीएचई द्वारा गंदा व बदबूदार पेयजल प्रदाय किया जा रहा है, जिससे लोग चाहकर भी इस गंदे का पानी उपयोग नहीं कर पा रहे, वार्ड के रहवासियों ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी का कोई अन्य विकल्प भी नहीं है, ऐसे में लजोगों को मजबूरन पानी खरीदना पड़ रहा है। वार्ड के लोगों ने बताया कि नलों में प्रदाय किए जा रहे गंदे पानी की सूचना वार्ड के लोगों ने पीएचई को भी दी, किन्तु अभी तक तो कोई देखने भी नहीं आया, लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं, पीने का पानी तो बाजार से रोज खरीद लेते हैं, लेकिन कपड़े धोने, नहाने व अन्य उपयोग के लिए लोग प्रतिदिन पानी नहीं खरीद सकते।
शहर के लगभग अधिकतर वार्ड में इसी प्रकार की समस्या देखने को मिल रही है, वर्षों से शहर में सीवरेज लाइन का कार्य चल रहा है, जिसके लिए किए गए खनन के दौरान अधिकतर क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, शहर की पेयजल पाइप लाइन कहां-कहां से फूटी है, इसकी जानकारी संबंधित विभाग को भी नहीं, इसी वजह से शहर के अधिकतर वार्डों में जा रही पेयजल पाइप लाइनों में गटरों का पानी मिलने से लोगों के नलों में गंदा व बदबूदार पानी पहुंच रहा है। इस समस्या का समाधान कब और कैसे होगा, ये तो संबंधित विभाग के तकनीकी अधिकारी ही बेहतर बता सकते हैं।

# दोपहर में सूनसान दिखाई पड़ रहीं शहर की सड़कें

**42 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान, मारे गर्मी के लोगों के हाल बेहाल**



**जागरण, रीवा।** अभी तो अप्रैल का महीना लगभग आधा ही बीता है, अभी से दोपहर मेंशहर की अधिकांश सड़कें सूनसान नजर आ रही हैं, गर्मी से हलाकान लोग दोपहर की चिलचिलाती धूप में निकलने से कतराने लगे हैं। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। सूर्योदय के पश्चात ही गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है, सुबह 8 बजे की धूप लोगों का सहन नहीं हो पा रही। लोग गर्मी चे बचने, छाता, गमछा आदि से बचाव कर रहे हैं। वहीं शीतल पेयजल सहित गन्ने, ज्यूस सेंटर आदि पर लोगों को गर्मी से राहत पाते देखा जा सकता है। शहरवासियों का मामना है कि अभी से गर्मी से अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू दिया है, जबकि अभी अप्रैल सहित मई, जून माह शेष बचा है, ऐसे में तो तपन के और भी बढ़ने के आसार हैं।

## यातायात पुलिस ने की काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** शहर में शनिवार को यातायात पुलिस ने वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगे वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की और मौके पर ही वाहन के शीशे पर लगी काली फिल्म निकलवाई गई। इनमें से कुछेक वाहन तो ऐसे भी पाए गए जिनसे पूर्व में काली फिल्में हटाई जा चुकी हैं, किन्तु वाहन चालकों ने फिर से शीशों में काली फिल्में लगवा ली। शहर में वाहन के शीशों पर फिल्म लगाने वाले कई दुकानदार हैं, जिम्मेदारों द्वारा काली फिल्म लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करके इतिश्री की जा रही है परन्तु उन दुकानों में आज तक न तो जांच की गई न ही किसी प्रकार की कार्यवाही, जो दुकानदार वाहनों में काली फिल्म लगाने का कार्य कर रहे हैं।

## सुबह सात बजे गुल हुई बिजली सात घंटे बाद आई

**गर्मी से हलाकान होते रहे लोग, पूर्व सूचना भी नहीं**

**जागरण, रीवा।** शहर के पड़रा सहित उक्त क्षेत्र से लगे क्षेत्र दुआरी, मैदानी के कुछ हिस्से में शनिवार सुबह सात बजे से गुल हुई बिजली दोपहर दो बजे यानी सात घंटे बाद चालू हुई, तब तक लोगों का मारे गर्मी के बुरा हाल रहा। संबंधित क्षेत्र के रहवासियों ने बताया बिजली बंद कर दिए जाने से लोग अपने राजमर्रा के कार्य नहीं कर पाए, घरों में बोरिंग होने के बाद भी बिजली न होने से पानी के अभाव में पहाने तक का पानी नसीब नहीं हुआ। बिजली वितरण कंपनी द्वारा की गई कटौती की पूर्व सूचना भी नहीं दी गई कि लोग बिजली कटौती किए जाने के पूर्व पानी वगैरह भर कर रख लेते, किन्तु अधिकतर समय में बिजली वितरण कंपनी द्वारा बिजली कटौती की पूर्व सूचना नहीं दी जाती। भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसे में लोगों को दिन भर परेशान होना पड़ा।

# 32 साल बाद खुला 86 एकड़ सरकारी जमीन के फर्जीवाड़े का मामला

**50 लोगों से जमीन छीन कर फिर से रिकॉर्ड में सरकारी दर्ज की गई पूरी जमीन**



**जागरण, रीवा।** सीमांकन के एक आवेदन के विवाद ने 32 साल बाद 86 एकड़ सरकारी पर भूमाफिया द्वारा किये गये फर्जीवाड़े की पोल खोल कर रख दी। मामला सामने आने के बाद उक्त सरकारी जमीन को 50 लोगों से छीन कर फिर से सरकारी दर्ज कर दी गई। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तत्कालीन अपर कलेक्टर प्रभारी एसडीएम त्योंथर प्रभाशंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। सरकारी जमीनों में हेरफेर कर भूमाफियाओं ने धीरे-धीरे 86 एकड़ का पहाड़ ही गायब कर निजी स्वामित्व में दर्ज करा लिया। सरकारी जमीन रिकॉर्ड से गायब कर 13 लोगों के नाम दर्ज करा दी गई। मामले का खुलासा हुआ तो एसडीएम त्योंथर ने जांच के बाद वन विभाग, बाण सागर परियोजना को उनकी जमीन लौटाई। जो बची उसे शासकीय भूमि घोषित कर दी गई। यह पूरा मामला त्योंथर तहसील अंतर्गत ग्राम टिकुरी पटवारी हल्का 1924-25 खतौनी में मूल आराजी चुनरी का है। पुराना अभिलेख वर्ष नंबर 28 कुल रकबा 86.15 एकड़ दर्ज था। यह पूरा पहाड़ है। इस भूमि में 60.53 एकड़ भूमि वन विभाग को अंतरित की गई थी। 7 मार्च 1969 को इसका नोटिफिकेशन भी किया गया था। इसके अलावा इसी जमीन से बाणसागर परियोजना के लिए त्योंथर उद्वहन नहर निर्माण के लिए 2.496 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई। सरकारी जमीन से वन और बाण सागर की जमीनें दी गई लेकिन रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज पटवारी ने नहीं किया। इस पूरी जमीन के रिकॉर्ड में अचानक वर्ष 1993-23 में हेरफेर कर दिया गया। सरकारी भूमि की जगह 13 लोगों के नाम बटांकन दर्ज कर दिया गया। इस पूरी जमीन में सिफ 0.30 एकड़ भूमि सरकारी दर्ज थी। वह भी यह जमीन सड़क के नाम थी। इसके अलावा सभी जमीन पर किसी न किसी का नाम ही दर्ज था। वर्ष 1993-94 के बाद से पहाड़ की जमीन की खरीदी बिक्री होती रही। वन विभाग के मुनारे मौजूद थे लेकिन उन्होंने कब्जे की सुध नहीं ली। बाद में एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी और सीमांकन के लिए एसडीएम कार्यालय में आवेदन किया। जमीन पहाड़ क्षेत्र में है, पथरीला था, इसके कारण सीमांकन करने से विभाग मना करता रहा। इसके बाद जब मामला कोर्ट पहुंचा तो नए सिरे से जमीन की पड़ताल शुरू हुई। एसडीएम ने जब जांच करानी शुरू की तो पूरा खेल खुल कर सामने आ गया। एसडीएम ने इस मामले में 16 मार्च 2026 को आदेश जारी कर खसरा क्रमांक 38 में रकबा 60.53 वन विभाग, 5.47 एकड़ बाण सागर परियोजना, 0.30 एकड़ मप्र शसान सड़क तथा शेष रकबा 19.66 एकड़ मप्र शानस पहाड़ दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए।

### रिकॉर्ड से गायब कर दी गई पूरी की पूरी जमीन

पहाड़ की जमीन वन और बाण सागर को दी गई। पहले रिकॉर्ड में सरकारी दर्ज थी। वन विभाग को जमीन मिलने के बाद गजट नोटिफिकेशन भी हुआ लेकिन पटवारी ने जमीन को रिकॉर्ड में वन विभाग के नाम दर्ज नहीं की। जमीन मप्र शासन ही रही आई। बाद में यह जमीन पूरी की पूरी रिकॉर्ड से गायब कर दी गई। सरकार जमीन प्राइवेट लोगों के नाम दर्ज हो गई। सरकारी जमीन किस आधार पर प्राइवेट लोगों को मिली इसके भी आदेश नहीं मिले। इसी जमीन को कई लोगों को बेचा भी गया। एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी और सीमांकन के लिए आवेदन दिया। जमीन पहाड़ी थी। सीमांकन से प्रशासन इंकार करता रहा। मामला कोर्ट तक पहुंचा। इसके बाद जब प्रशासन ने पुराने रिकॉर्ड फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आ गया।

### कई जमीनों के नही मिल रहे रिकॉर्ड

सरकारी जमीन को रिकार्डों में निजी लोगों के नाम किए जाने का यह खेल नया नहीं है। यहां कई ऐसी जमीनें हैं जो निजी लोगों के नाम दर्ज की जा चुकी है। कई जमीनों के रिकॉर्ड तक गायब कर दिए गए। रीवा में कई हजार हेक्टेयर भूमि सरकारी थी। चरनोई की भूमि थी। यह जमीन अब कहां हैं किसी को इसकी जानकारी नहीं है। रिकॉर्ड तक तलाशे नहीं मिलते। यह सिर्फ एक मामला नहीं है। ऐसे कई है, जो अब न तक सामने ही नहीं आए। रीवा शहर में कई मामले ऐसे वर्तमान समय में प्रचलन में है। कइयों ने सरकारी जमीन पर कब्जा हुआ है। इन्हें फिलहाल प्रशासन छुड़ा नहीं पा रहा है। बाण सागर परियोजना की अधिकांश जमीनें गायब हो गई हैं।






## प्राइवेट नशामुक्ति केंद्रों में लूट, इलाज के नाम पर ऐंठते हैं मोटी रकम

**उपचार के नाम पर होती सिर्फ वसूली, नहीं दिए जाते भर्ती और इलाज के दस्तावेज**

**जागरण, रीवा।** शहर में नशा मुक्ति के नाम पर संचालित कई निजी केंद्र अब सवालों के घेरे में हैं। इन केंद्रों में नशा छुड़वाने और इलाज के नाम पर परिजनों से मोटी रकम वसूली जा रही है, जबकि सुविधाओं और उपचार की वास्तविक स्थिति बेहद संदिग्ध है। सबसे गंभीर बात यह सामने आ रही है कि अधिकांश केंद्रों में मरीजों के भर्ती और उपचार से संबंधित कोई लिखित दस्तावेज परिजनों को नहीं दिए जाते। ऐसे में यदि इलाज के दौरान कोई अप्रिय घटना होती है या दवाओं का रिएक्शन होता है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। शहर में चल रहे इन नशामुक्ति केंद्रों के संचालन को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ये केंद्र शासन से मान्यता प्राप्त हैं। यहां निर्धारित मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन नहीं होता है। प्रशासन द्वारा इनका नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, नशा छुड़ाने के नाम पर मरीजों के परिजनों से 40 से 50 हजार रुपये या उससे अधिक तक वसूले जाते हैं। जबकि वास्तविक खर्च दवा और भोजन मिलाकर काफी कम बताया जा रहा है। इस अंतर के कारण यह धंधा तेजी से मुनाफे वाला बन गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, नशा मुक्ति के लिए काउंसलिंग, मेडिकल जांच और लगातार निगरानी बेहद जरूरी होती है। लेकिन कई केंद्रों में मरीजों को केवल बंद कमरों में रखा जाता है, जिससे वे अस्थायी रूप से नशे से दूर तो रहते हैं, लेकिन स्थायी सुधार नहीं हो पाता। परिजन बताते हैं कि केंद्र से बाहर आने के बाद मरीजों में कोई खास बदलाव नहीं दिखता और वे फिर से नशे की ओर लौट जाते हैं। प्राइवेट नशामुक्ति केंद्रों में नशे की लत के शिकार लोगों को सख्त निगरानी में रखा जाता है और इसलिए ये बाहर आते ही फिर से अपनी पुरानी आदत पकड़ लेते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब दवाइयां दी जाती हैं, इंजेक्शन लगाए जाते हैं और इलाज का दावा किया जाता है, तो उसका पूरा रिकॉर्ड परिजनों को क्यों नहीं दिया जाता। यदि भविष्य में कोई स्वास्थ्य समस्या सामने आती है तो इसकी जिम्मेदारी किसके सर पर मढ़ी जाएगी।

# कैसे संभव होगा शहर का विकास सड़क के कब्जे आ रहे आड़े

**स्थाई अतिक्रमण हटाने पर करने लगते हैं कब्जाधारी विरोध, बता रहे वर्षों पुरानी दुकान**




**जागरण, रीवा।** शहर के लगभग हर मार्ग पर अवैध तरीके से स्थाई-अस्थाई कब्जे किए हुए हैं, किन्तु शासन, प्रशासन ने शुरुआत से इन कब्जों पर ध्यान नहीं दिया, अब जब शहर के विकास का मसला सामने आया तो नापजोख कर मुनादी करवाकर अवैध कब्जे हटाने निकल पड़े, वर्षों से शासकीय भूमि में काबिज कब्जेधारियों को शासन-प्रशासन की लेटलतीफी का विरोध करने का मौका मिल गया। हाल ही में अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर निगम अमले ने पहले मुनादी करवाई थी कि अपने अवैध कब्जे यहां से हटा लें, अन्यथा निगम कार्रवाई करने मजबूर होगा। कुछ व्यापारियों ने तो स्वेच्छा से अपना कब्जा हटा लिया, पहले 15 मीटर चौड़ी सड़क बनाना तय किया गया था, किन्तु व्यापारियों ने 12 मीटर सड़क बनाने की मांग रखी, जनप्रतिनिधियों की अगुआई में 12 मीटर रोड बनना तय हुआ और अमहिया रोड के कुछ हिस्से के व्यापारियों ने स्वयं ही अपनी दुकानें हटा लीं, किन्तु सुपर स्पेशलिटी के सामने बनीं दुकानों के दुकानदार हड़ताल पर बैठ गए, कुछ व्यापारियों से बात करने पर किसी ने इन्हें अवैध दुकानें बताया तो वहीं इन दुकानों के दुकानदारों ने दावा किया है कि ये दुकानें उनके बाप-दादा के समय से उनके पास हैं, और दुकानों की रजिस्ट्री भी है, बताते हैं शासकीय महकमे ने नापजोख करने के पूर्व एक बार भी इन इन दुकानों के पुराने रिकॉर्ड नहीं खंगाले, ऐसे में दोषी कौन? नवागत कलेक्टर से दुकानदारों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की, उनके आश्वासन पश्चात दुकानदारों ने हड़ताल समाप्त कर दी और फिर से अपनी दुकानें खोल लीं। अब यहां से दुकानें हटेंगी या नहीं?, सड़क चौड़ी होगी या नहीं? फिलहाल इन सवालों का उत्तर किसी के पास नहीं।











जानापाव में आकार लेगा
भव्य श्री परशुराम लोक
धर्म, शौर्य, ज्ञान और
न्याय के दिव्य प्रतीक
भगवान श्री परशुराम का पावन प्रकटोत्सव
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
19 अप्रैल 2026 | जानापाव कुटी, इंदौर
भगवान श्री परशुराम तप, शौर्य और न्याय परंपरा के प्रेरणास्रोत हैं। हम उनके आदर्शों को आत्मसात कर हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। जानापाव में 'श्री परशुराम लोक' का निर्माण हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का प्रयास है। निश्चित रूप से यह भव्य लोक भगवान श्री परशुराम की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने का अद्वितीय माध्यम बनेगा।
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-110011/26
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

# बिजनेस में बहू को लाना

> प्रमोटर परिवारों ने सेबी से कहा है कि डिस्क्लोज़र और सक्सेशन प्लानिंग के लिए बहू को रिश्तेदार के तौर पर शामिल किया जाए। कंपनी रेगुलेशन के अलावा, महिलाओं को बागडोर सौंपने के लिए परिवार की सोच बदलने की ज़रूरत है। रिसर्च से पता चलता है कि ग्रोथ पर ध्यान देने वाले परिवार ऐसे बदलाव को बेहतर तरीके से संभालते हैं। जैसे-जैसे भारत के फ़ैमिली एंटरप्राइज़ बढ़ रहे हैं, महिलाओं का असली एम्पावरमेंट रेगुलेशन पर कम और परिवार की सोच, एजेंसी और दिखने वाले लीडरशिप के मौकों पर ज़्यादा निर्भर करता है।

● तुलसी जयकुमार ●



सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड को हाल ही में प्रमोटर ग्रुप्स के अंदर बहू को 'रिश्तेदार' के तौर पर पहचानने का एक प्रस्ताव दिया गया है – जिसका नेतृत्व खुद प्रमोटर परिवार करते हैं – डिस्क्लोज़र और सक्सेशन प्लानिंग के लिए, यह भारत के फ़ैमिली बिज़नेस में महिलाओं की भूमिकाओं में एक ज़रूरी बदलाव का संकेत हो सकता है। यह आखिरकार माना जा सकता है कि बिज़नेस परिवारों में महिलाओं की भूमिका अब इनफ़ॉर्मल, इनविज़िबल या मानी हुई नहीं रह सकती।

यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत के परिवार द्वारा चलाए जाने वाले बिज़नेस, जो देश की जीडीपी में 70 प्रतिशत से ज़्यादा का योगदान देते हैं, पहले से ही बदलाव के दौर से गुज़र रहे हैं। दशकों तक, वे एक अनकहे समझौते पर चलते थे: मालिकाना हक परिवार के पास ही रहता था, अधिकार मुखियाओं के पास होता था, और औरतें, परिवार के लिए अहम होने के बावजूद, किनारे पर ही रहती थीं—मूल्यों को आकार देती थीं, झगड़ों को सुलझाती थीं और विरासत को बचाती थीं, लेकिन शायद ही कभी स्ट्रेटेजिक फैसले लेने का हिस्सा होती थीं।

वह समझौता अब ढीला पड़ने लगा है। पूरे देश में, बिज़नेस परिवारों की औरतें तेज़ी से लीडरशिप की भूमिकाओं में आ रही हैं। फिर भी, इसे सिर्फ़ रेगुलेटरी इन्क्लूजन, या 'महिलाओं को टेबल पर जगह देने' का मामला समझना, चल रहे गहरे बदलाव को नज़रअंदाज़ करना है। कानून और रेगुलेशन यह फिर से तय कर सकते हैं कि किसे औपचारिक रूप से मान्यता दी जाए, लेकिन वे अकेले यह तय नहीं कर सकते कि किस पर सच में भरोसा किया जाए, किसकी बात सुनी जाए या किसे मज़बूत बनाया जाए। असली बदलाव स्ट्रक्चर या पॉलिसी में नहीं, बल्कि सोच में है—सिर्फ़ फर्मों के अंदर ही नहीं, बल्कि परिवारों के अंदर, और सबसे ज़रूरी बात, खुद औरतों के बीच।

भारतीय पारिवारिक फर्मों का पारंपरिक आर्किटेक्चर गहराई से जेंडर आधारित उम्मीदों को दिखाता था। बेटों को ज़िम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाता था, जबकि बेटियों को—चाहे वे कितनी भी काबिल हों—दूसरे परिवारों में जाने के लिए तैयार किया जाता था। महिलाओं को अक्सर समाज सेवा जैसे 'सुरक्षित' रोल की ओर ले जाया जाता था, जबकि बिज़नेस के मुख्य फैसले पुरुषों का ही खास अधिकार बने रहते थे। अब तीन ताकतें उस स्क्रिप्ट को फिर से लिख रही हैं। पहली है पढ़ाई और अनुभव। आज की बेटियां ग्लोबल डिग्री, कॉर्पोरेट अनुभव और प्रोफेशनल पहचान की मज़बूत भावना के साथ फैमिली बिज़नेस में लौट रही हैं। वे दिखावटी रोल नहीं ढूंढ रही हैं, बल्कि मतलब का योगदान देना चाहती हैं।

दूसरा है कानूनी बदलाव। हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) एक्ट ने बेटियों को बराबर कोपार्सनरी अधिकार देकर, फैमिली बिज़नेस की आर्थिक बुनियाद बदल दी है। अगर सेबी बहू को रिश्तेदार मानता है, तो यह इस लॉजिक को और आगे बढ़ाएगा, यह मानते हुए कि शादी के ज़रिए परिवार में आने वाली महिलाएं भी मालिकाना हक, शासन और निरंतरता में भूमिका निभाती हैं। तीसरी है खुद मार्केट। इन्वेस्टर, पार्टनर और कंज्यूमर तेज़ी से प्रोफेशनलिज़्म, ट्रांसपेरेंसी और डाइवर्सिटी की उम्मीद कर रहे हैं। जो फैमिली बिज़नेस अपने पूरे टैलेंट पूल का इस्तेमाल करने में नाकाम रहते हैं, उन्हें न सिर्फ़ रेप्युटेशन की लागत का, बल्कि कॉम्पिटिटिव नुकसान का भी खतरा होता है। इन स्ट्रक्चरल बदलावों के बावजूद, प्रोग्रेस एक जैसी नहीं है। यह अंतर परिवार की सोच की वजह से है। जो बिज़नेस परिवार एक फिक्स्ड सोच के साथ काम करते हैं—जहां लीडरशिप जेंडर, जन्म के क्रम या परंपरा से जुड़ी होती है—वे औपचारिक तौर पर बेटियों या बहुओं को पहचान तो सकते हैं, लेकिन उन पर पूरा भरोसा नहीं करते। इसके उलट, ग्रोथ माइंडसेट वाले परिवार लीडरशिप को ऐसी चीज़ के तौर पर देखते हैं जिसे डेवलप किया जा सकता है, दिखाया जा सकता है और कमाया जा सकता है, और वे परंपरा के बजाय काबिलियत के आधार पर वारिसों का मूल्यांकन करते हैं।

पारिवारिक बिज़नेस में महिलाओं पर हमारी हालिया रिसर्च इस बात को और पक्का करती है। अलग-अलग हालात में, महिलाओं की एक्टिव भागीदारी को भूगोल या इंडस्ट्री नहीं, बल्कि परिवार की सोच तय करती है। फिक्स्ड सोच वाले परिवार अक्सर छोटी लेकिन मज़बूत रुकावटें खड़ी करते हैं, जबकि ग्रोथ माइंडसेट वाले परिवार तीन तरीकों से महिलाओं की भागीदारी को मुमकिन बनाते हैं: मेरिटोक्रेसी को बढ़ावा देना, बिज़नेस में महिलाओं को जल्दी शामिल करना और दिखने वाले रोल मॉडल बनाना। यहीं पर रेगुलेशन की सीमाएं साफ हो जाती हैं। सेबी बहुओं को प्रमोटर ग्रुप का हिस्सा मान सकता है, लेकिन यह पक्का नहीं कर सकता कि वे फैसला लेने वाले ग्रुप का हिस्सा हों। यह बदलाव सोच पर निर्भर करता है।

एक और ज़रूरी पहलू एजेंसी है। फ़ैमिली बिज़नेस में कई महिलाओं को अभी भी 'लेजिटिमेसी गैप' का सामना करना पड़ता है, जहाँ उन्हें बार-बार अपनी अथॉरिटी बनानी पड़ती है। जो महिलाएँ खुद को फ़ैसले लेने वाली मानती हैं, वे लीडरशिप का दावा करने और उसे इस्तेमाल करने में बेहतर होती हैं। एजेंसी को ज़िम्मेदारी के साथ जोड़ने से महिलाएँ सिर्फ़ मौजूद रहने से आगे बढ़कर लीडर बन सकती हैं। असरदार होना।

कुछ फ़ैमिली बिज़नेस इसे पहचान रहे हैं। फिर भी, यह कहना गलत होगा कि बदलाव पूरा हो गया है। पहुँच अभी भी एक जैसी नहीं है, खासकर बड़े, शहरी परिवारों के बाहर। शादी और देखभाल को लेकर सामाजिक उम्मीदें करियर में रुकावट डालती रहती हैं। और टॉप रोल के लिए तैयार महिलाओं की पाइपलाइन काबिलियत की कमी की वजह से नहीं, बल्कि सालों से कम मौकों की वजह से सीमित है। सार्थक बदलाव लाने के लिए, इरादा होना चाहिए—गवर्नेंस स्ट्रक्चर में शामिल होना चाहिए। एंट्री के लिए ट्रांसपेरेंट क्राइटेरिया, रोल क्लैरिटी और परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन से कन्फ्यूजन और बायस कम हो सकता है। इसके लिए शुरू से ही बेटियों और बहुओं के साथ ओनरशिप, सक्सेशन और लीडरशिप के बारे में बातचीत शुरू करने की भी ज़रूरत है। परिवारों को महिलाओं को लीड करने, फैसले लेने, रिस्क लेने और अकाउंटेबल होने के लिए असली मौके भी बनाने चाहिए। इसके बिना, इनक्लूजन ऊपरी रह जाता है। और आखिर में, उन्हें रोल मॉडल दिखाना चाहिए। परिवार में महिला लीडर्स को सेलिब्रेट करने से फॉर्मल पॉलिसी की तुलना में नज़रिया कहीं ज़्यादा असरदार तरीके से बदल सकता है। भारत के फ़ैमिली बिज़नेस में महिलाओं का आगे बढ़ना सिर्फ़ रुकावटों को तोड़ने के बारे में नहीं है। यह लीडरशिप को कैसे डिफाइन किया जाता है और लेजिटिमेसी कैसी दिखती है, इस बारे में लंबे समय से चली आ रही सोच पर फिर से सोचने के बारे में है। रेगुलेशन से रास्ता खुल सकता है। लेकिन यह सोच ही तय करती है कि कौन इससे गुज़रेगा और कौन रहेगा।

# होर्मुज, किसी के लिए रास्ता, किसी के लिए किस्मत!

> होर्मुज एक छोटा सा लेकिन दुनिया का अहम रास्ता है, जिसका असर बहुत बड़ा है। कई मुल्क ऐसे हैं जिनके लिए यही एक दरवाजा है। इसलिए यह सिर्फ समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि दुनिया की ताकत और सियासत का सबसे अहम केंद्र है।



नक्शे में होर्मुज एक पतली सी लकीर लगता है, लेकिन असल में यही वह दरवाजा है, जहां से दुनिया की अर्थव्यवस्था सांस लेती है। यहां हलचल बढ़े तो तेल महंगा हो जाता है। तनाव बढ़े तो बाजार डगमगा जाते हैं और अगर यह रास्ता रुक जाए तो कई मुल्कों की जिंदगी थम सकती है, लेकिन एक बात और है, जो कम लोग समझते हैं। यह रास्ता सबके लिए बराबर नहीं है। कुछ के पास विकल्प हैं और कुछ के लिए यही सब कुछ है।

**फारस की खाड़ी दुनिया से जोड़ने वाला**

होर्मुज को समझना है तो पहले यह समझो कि यह जगह है क्या। ऊपर ईरान, नीचे ओमान और उसके पास संयुक्त अरब अमीरात और बीच में एक पतला सा समुद्री रास्ता। यही रास्ता फारस की खाड़ी को बाहर की दुनिया से जोड़ता है। खाड़ी के अंदर जितना तेल है, उसका बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से बाहर निकलता है। आंकड़ा सीधा है। दुनिया के कुल तेल का करीब पांचवां हिस्सा रोज इसी रास्ते से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, अमीरात और ईरान का तेल यहीं से निकलकर भारत, चीन, जापान, यूरोप और दूसरी जगहों तक पहुंचता है। यानी एक तरफ खाड़ी के मुल्क हैं और दूसरी तरफ पूरी दुनिया और दोनों के बीच यह एक ही दरवाजा है।

**ओमान इस खेल में सबसे अलग :** लेकिन अब असली फर्क समझें। ओमान इस पूरे खेल में सबसे अलग है। वह खुद इस रास्ते के बाहर बैठा है, सीधे समुद्र से जुड़ा हुआ। उसे अपने कारोबार के लिए होर्मुज पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। रास्ता बंद हो भी जाए तो ओमान की रफ्तार नहीं रुकती। संयुक्त अरब अमीरात ने भी पहले से तैयारी कर रखी है। उसने अपने तेल को एक अलग पाइपलाइन के जरिए फुजैरा तक पहुंचाने का इंतजाम किया है। फुजैरा ऐसा बंदरगाह है, जो इस रास्ते के बाहर है यानी जरूरत पड़ने पर अमीरात बिना होर्मुज के भी अपना तेल दुनिया तक भेज सकता है। सऊदी अरब और भी आगे की सोच रखता है। उसने अपने देश के अंदर से तेल को दूसरी तरफ लाल सागर तक पहुंचाने का रास्ता बना लिया है। वहां से जहाज सीधे बाहर निकल जाते हैं यानी उसके पास दो रास्ते हैं। एक बंद हो तो दूसरा खुला है।




## ताकत का खेल होर्मुज

अब उन मुल्कों को देखो जिनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है। इराक, कुवैत, कतर और खुद ईरान। ये सब फारस की खाड़ी के अंदर हैं। इनके पास बाहर निकलने का एक ही रास्ता है और वह है होर्मुज। अगर यह दरवाजा बंद हो जाए तो इनका तेल, इनका कारोबार, सब कुछ वहीं रुक जाएगा। इसे ऐसे समझें, जैसे किसी घर का सिर्फ एक ही दरवाजा हो। अगर वह बंद हो गया तो अंदर का सब कुछ अंदर ही रह जाएगा। यही हालत इन देशों की है। यही वजह है कि होर्मुज सिर्फ पानी का रास्ता नहीं है, यह ताकत का खेल है। जिसके पास विकल्प है वह थोड़ा संभला रहता है और जिसके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है, उसके लिए यह जिंदगी और कारोबार दोनों का सवाल बन जाता है। दुनिया के बड़े देश इस रास्ते को हर हाल में खुला रखना चाहते हैं क्योंकि यहां रुकावट का मतलब है पूरी दुनिया में तेल की कमी और कीमतों में उछाल। दूसरी तरफ ईरान इस जगह के बेहद करीब बैठा है और उसे पता है कि यह उसकी सबसे बड़ी ताकत है इसलिए जब भी तनाव बढ़ता है, होर्मुज का नाम सबसे पहले सामने आता है। हाल के हालात ने फिर यही दिखाया। जहाजों की आवाजाही धीमी हुई है। कई जगह रुकावट आई और दुनिया को फिर याद आया कि यह छोटा सा रास्ता असल में कितना बड़ा असर रखता है। सीधी बात यह है कि होर्मुज को समझना मतलब सिर्फ नक्शा देखना नहीं है। यह समझना है कि दुनिया कैसे चलती है, तेल कैसे पहुंचता है और कैसे एक पतली सी लकीर बड़े-बड़े फैसलों को बदल देती है।

# इज्जत कमाने से पहले ढेरों लानतें बटोरीं आशा ने

● सिद्धार्थ अरोड़ा सहर ●



> क्योंकि लता दीदी जल्दी सो जाती हैं, इसलिए ओपी नय्यर साहब उन्हे परेशान करने रात के दो ढाई बजे, आशा जी को घर छोड़ने के बहाने इतनी ज़ोर से ब्रेक्स लगाते थे कि आसपड़ोस वाले भी घबराकर उठ जाए।

ये वो समय था जब आशा जी और लता जी के बीच रिश्ते बहुत खट्टे हो चुके थे। लता जी को कैबरे आदि के जो गाने पसंद नहीं आते थे, वो गाने वह आगे आशा जी को ट्रांसफर कर देती थीं। छोटी बहन होने के नाते संगीत में भी उनका कद छोटा ही रहे, हमेशा बचा हुआ काम मिले, भला ये आशा जी को कैसे मंजूर होता। तब ओपी नय्यर उनके जीवन में एक ऐसी सहर बनकर उभरे कि जीवन से सारे गिले शिकवे पीछे छूट गए। आओ हुज़ूर तुमको, सितारों में ले चलें... कजरा मुहब्बत वाला, अँखियों में ऐसा डाला... आइए मेहरबान, बैठिए जानेजां... ये रेशमी ज़ुल्फ़ों का अँधेरा न घबराइए... जैसे अमर गीत इस जोड़ी ने दिए।

ओपी भी सनकी संगीतकार थे, क़सम खाई थी कि कभी लता के साथ गाना नहीं बनाऊँगा, नहीं बनाया। 15 साल तक आशा भोंसले का ऐसा साथ दिया कि पक्षपात का इल्ज़ाम लगने लगा। जो गाने गीता दत्त, शमशाद बेग़म या अन्य किसी सिंगर पर फिट हो सकते थे, वो भी आशा जी को देने लगे। लता जी को ज़िंदगी में बेशुमार यश मिला, उनका नाम सदा इज़्ज़त से लिया गया। पर आशा जी की कहानी तो मसालों भरी थी न, उनको इज़्ज़त कमाने से पहले ढेरों लानतें बटोरनी पड़ीं।

बड़ी बहन से चार साल छोटी आशा भोंसले तब मात्र 16 साल की थीं जब लता जी के 36 वर्षीय सेक्रेटरी गणपतराव भोंसले से शादी करने के लिए उन्होंने घर ही छोड़ दिया। जिस साल इतने बवाल के बाद शादी हुई, उसी साल पहला बेटा हेमंत भी हो गया! आनन-फानन की गई ये शादी कब रोज़ के लफड़े-झगड़े में बदल गई, आशा ताई को अंदाज़ा न हुआ।

1955 के आसपास उनकी ज़िंदगी में ओपी नय्यर के रूप में उन्हें म्यूज़िक डायरेक्टर मिला,जिसने उनके घायल मन पर ठंडी फुहारों की बौछार की ! लेकिन म्यूजिक स्टूडियो के सुहाने माहोल के बाद घर पर पति के रूप में जो राक्षस था, उससे रिश्ता कमज़ोर होने लगा। भोंसले आशा जी को काम करते नहीं देख पा रहा था। मात्र 10 साल चली इस शादी से जब तीसरी औलाद होने को थी, तब घरेलू हिंसा से परेशां होकर आशा ताई लौट आईं अपने घर और फिर कभी मुड़कर नहीं गईं। शायद ये भी एक वजह थी कि लता और आशा के बीच प्रेम नगण्य होने लगा था। आशा की अँधेरी रात की सुबह ओपी के संग हुई तो 15 साल चली, पर आखिर यहाँ भी रिश्तों में ब्रेक लगने ही थे क्योंकि ओपी पहले से शादीशुदा थे, सो ब्रेक लगे... आशा जी ने ओपी के साथ जो आखिरी गीत रिकार्ड किया था, उसके बोल बड़े दिलचस्प थे – 'चैन से हमको कभी, आपने जीने न दिया, ज़हर भी चाहा अगर, पीना तो पीने न दिया' ओपी नय्यर पर किताब लिख चुके पराग डिमरी बताते हैं कि इस गाने की रिकॉर्डिंग में आशा जी फूट-फूटकर इतना रोईं कि तब जो स्टूडियो से निकलीं तो फिर कभी ओपी से नहीं मिलीं। क्योंकि फिर उनका साथ पंचम दा के साथ बनने लगा था। 1980 में आशा ताई ने पंचम दा से शादी कर ली। धीरे धीरे लता जी से भी उनके रिश्ते सुधरने लगे। भारतीय सिनेमा के संगीत में जो गोल्डन पीरीयड था, उसमें पाँच गायकों के नाम सबसे बड़े थे, जिनकी जगह कभी कोई न ले पाया; मुहम्मद रफ़ी, मुकेश, लता मँगेश्कर, किशोर कुमार और आशा भोंसले... अब उस आइकानिक ग्रुप का आखिरी पिलर भी ढह गया!

# ममता की गुड लक चार्म हो सकती है पुजारिनी प्रधान

> सफलता कामुक होती है, और धुरंधर के जमील मामू और इन्फ्लुएंसर पुजारिनी प्रधान ने अभी-अभी इसका स्वाद चखा है।

● शोभा डे ●




सफलता को अक्सर एक स्वार्थी जानवर कहा जाता है। और यही बात सफलता को कामुक बनाती है, खासकर बॉलीवुड में। आप एक छोटे-मोटे एक्टर होते हैं। उनतालीस साल और 150 फिल्में बीत जाती हैं...और बिंगो! रातों-रात एक चमत्कार होता है — एक आम सा, हीरो बनने से कोसों दूर करोल बाग का लड़का (जो कभी इंजीनियर बनना चाहता था, लेकिन FTII में शामिल हो गया) मज़ेदार स्टारडम पाता है!

'नो मनी, नो फेम' से राकेश बेदी, जिन्हें अब मेगा ब्लॉकबस्टर धुरंधर के जमील मामू के नाम से बेहतर पहचाना जा रहा है — इंडिया के नए चहेते बन गए हैं। जमील मामू एक हाई-प्रोफाइल इवेंट से दूसरे इवेंट में जाते हैं, फैंस, सेल्फी लेने वालों के साथ मस्ती से पोज़ देते हैं, और उन्हें एंडोर्समेंट मिल रहे हैं। 71 साल की उम्र में, उनकी कोशिशों और टैलेंट को वह प्यार और अटेंशन मिल रहा है जो उन्हें पांच दशकों से नहीं मिला था।

इस बीच, बॉर्डर पार, पाकिस्तान के एक घमंडी पॉलिटिशियन नबील गबोल, अपनी पॉपुलैरिटी के बारे में डींगें हांकने के लिए अपनी ज़बान काट रहे हैं। कहा जाता है कि जमील जमाली का कैरेक्टर गबोल से इंस्पायर्ड था, जिसने धुरंधर के ग्लोबल क्रेज़ के बाद भोलेपन में खुद को 'असली जमील जमाली' कहना शुरू कर दिया था, जब तक कि किसी ने कुछ ऐसा नहीं बताया जो जाहिर है कि पॉलिटिशियन ने साफ तौर पर मिस कर दिया था — धुरंधर: द रिवेंज के आखिर में आया ड्रामैटिक और अनएक्सपेक्टेड ट्विस्ट। जैसे ही पोल खुली, गैबोल तेज़ी से पीछे हट गए और जैसे ही सोशल मीडिया पर मीम्स आए, जिसमें उन्हें इंडियन चमचा बताया गया, उन्होंने खुद को उनसे दूर कर लिया!

खैर, इतनी ज़बरदस्त पब्लिसिटी और तारीफ़ को देखते हुए, बेदी का कॉन्फिडेंस साफ़ तौर पर बढ़ गया है। जब सचिन तेंदुलकर ने उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ़ की और कहा, 'मज़ा आ गया...क्या छक्का मारा आपने... ', तो बेदी ने मज़ाकिया अंदाज़ में जवाब दिया, 'तुम्हारे छक्के इंडिया में गिरे हैं...मेरा छक्का पाकिस्तान में गिरा।' वाह वाह!

## एक नई दीदी उभर रही है

शब्द और उनका इस्तेमाल कैसे किया जाता है... पुजारिनी प्रधान, या 'लाइफऑफपूजा', जिनके 749द्म फॉलोअर्स हैं (जो हर मिनट बढ़ते जा रहे हैं) की ज़बरदस्त इंस्टाग्राम सफलता पर बिना सोचे-समझे विवाद ने सोशल मीडिया पर काफी हंगामा मचा दिया, जिसे इन्फ्लुएंसर निहारिका जैन ने शुरू किया। उसने पूजा के असली होने पर सवाल उठाया, यह सोचते हुए कि क्या वह प्यारी औरत कोई इंडस्ट्रियल 'प्लांट' थी ? यह एक गरमागरम क्लास की बहस में बदल गया — लेकिन दुख की बात है कि इसमें कोई असली क्लास नहीं थी। पुजारिनी पर लगे कुछ इल्ज़ाम उनकी अंग्रेजी भाषा की अच्छी समझ के अलावा लिटरेरी किताबों और इंटरनेशनल सिनेमा की जानकारी को लेकर थे। भौंहें चढ़ाए और आँखों में गहरे शक वाले भाव के साथ, अमीर शक करने वालों ने कहा कि यह यकीन करना मुश्किल है कि ईस्ट मिदनापुर, वेस्ट बंगाल के एक छोटे-से गांव के बैकग्राउंड की एक जवान पत्नी/माँ/बहू ने शादी कर ली थी।

जापानी नॉयर फिल्मों को समझने और उन पर उतनी ही जानकारी और कॉन्फिडेंस के साथ बात करने की हिम्मत, जितनी अनुपमा चोपड़ा करती हैं। वह भी तब, जब वह परिवार के लिए चपाती बेल रही थीं, और उनका बच्चा छोटी सी रसोई में टहल रहा था।

पुजारिनी प्रधान अपनी हिम्मत और शोहरत को समर्पित एक पूरी डॉक्यूमेंट्री की हकदार हैं। साहित्य, महिलाओं के मुद्दों और सामाजिक रीति-रिवाजों पर उनके विचारों ने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ है। उन्हें फेमिनिज्म की बहादुर नई आवाज़, एक पायनियर, एक बेहतरीन और आत्मविश्वास की ताकत का जीता-जागता उदाहरण माना जा रहा है। शॉर्ट में, वंडरवुमन। जब पूजा की रील्स मेरे फ़ीड पर आने लगीं, तो मैं उनका शुरुआती फ़ैन थी ।

ज़ाहिर है, पुजारिनी एक कमर्शियल ब्रांड बन गई हैं और अब उन्हें एक टीम 'मैनेज' करती है जो उनके लिए सही प्रोडक्ट ढूंढती है, बिना उनकी खास जगह और पर्सनैलिटी को कम किए। पूजा के लिए अच्छा है! और उनका सपोर्टिव परिवार, खासकर उनके पति, जो अक्सर किचन की ज़िम्मेदारी संभालते हैं और सबके लिए खाना बनाते हैं, जिससे पूजा को अपने वीडियो स्क्रिप्ट करने, शूट करने और एडिट करने के लिए काफी समय मिल जाता है।

पश्चिम बंगाल में गर्म राजनीतिक माहौल में उम्मीद और हिम्मत के प्रतीक की बहुत ज़रूरत है। मुझे लगता है कि ममता बनर्जी को पूजा को पकड़ लेना चाहिए, इससे पहले कि क्ष्छ्ष्क उन्हें अपना गुड लक चार्म समझ ले। पूजा में पॉजिटिव बदलाव लाने, जनता को प्रभावित करने और दीदी द्वारा चुप कराए गए लोगों के लिए निडर होकर बोलने की क्षमता है।

पुजारिनी में, मुझे एक नई दीदी उभरती हुई दिख रही है। कोरबो। लोरबो। जीतबो। जैसा कि कोलकाता नाइट राइडर्स का नारा है।

# इनफिनिट स्क्रॉल का जाल, भूलभुलैया का कोई अंत नहीं

● शेरोन हॉरवुड ●

'इनफिनिट स्क्रॉलिंग' एक भूलभुलैया बन गई है, जिसमें एक बार फोन पर स्क्रॉल शुरू करने के बाद खुद को रोकना मुश्किल हो जाता है। एल्गोरिदम और इनफिनिट स्क्रॉल मिलकर ऐसा माहौल तैयार करते हैं, जहां कंटेंट कभी खत्म ही नहीं होता। और यह लत का रूप ले लेता है।



इससे बचने के लिए खुद से सवाल पूछें कि क्या आप सोशल मीडिया का उपयोग किसी उद्देश्य के लिए कर रहे हैं, जैसे सीखना, नेटवर्किंग या काम? या फिर यह बस एक आदत बन चुकी है?

क्या आपने कभी गौर किया है कि सोशल मीडिया देखते-देखते कब घंटों का समय बीत जाता है, पता ही नहीं चलता? दरअसल, इसे तकनीकी दुनिया में 'इनफिनिट स्क्रॉल' कहते हैं। यह डिजाइन जितना स्मार्ट है, उतना ही चालाक भी। यह फीचर शॉपिंग से लेकर वीडियो एप्स तक हर जगह मौजूद है, जो पेज खत्म होने ही नहीं देता और लगातार नया कंटेंट आपके सामने परोसता रहता है। यही वह कारण है कि एक बार स्क्रॉल शुरू करने के बाद उसे रोकना मुश्किल हो जाता है।

इस फीचर की असली ताकत इसके मनोविज्ञान में छिपी है। पहले ऐसा होता था कि जब आप अपने सभी फॉलो किए गए अकाउंट्स के पोस्ट देख लेते थे, तो एक साफ संकेत मिल जाता था कि आज के लिए इतना काफी है। पर अब एल्गोरिदम और इनफिनिट स्क्रॉल मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जहां कंटेंट कभी खत्म ही नहीं होता। दूसरा, यह आपको एक ऐसी उम्मीद में बांधे रखता है कि शायद अगला पोस्ट और भी मजेदार होगा। धीरे-धीरे यह लत का रूप ले लेता है। अच्छी बात यह है कि इससे बाहर निकलना मुश्किल जरूर है, पर नामुमकिन नहीं। सबसे पहले, अपने फोन के 'स्क्रीन टाइम' फीचर्स का इस्तेमाल करें-जैसे एंड्राइड का डिजिटल वेलबीइंग या एपल का स्क्रीन टाइम। कुछ थर्ड-पार्टी एप्स भी हैं, जो आपको बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करने से रोकने में मदद करते हैं। एक और असरदार तरीका है-सोशल मीडिया एप्स को फोन से हटा देना। अगर पूरी तरह छोड़ना संभव नहीं है, तो स्क्रॉल करने के लिए एक तय समय निर्धारित करें। उस समय के अतिरिक्त सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें। हालांकि, अक्सर ये तरीके कुछ वक्त बाद असर खो देते हैं, खासकर तब, जब जीवन में तनाव या व्यस्तता बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप खुद से ईमानदार सवाल पूछें कि आप इतना स्क्रॉल क्यों करते हैं? क्या यह सिर्फ आदत है, या आप किसी चीज से बचने की कोशिश कर रहे हैं? क्या यह किसी भावनात्मक दबाव या अधूरे कामों से भागने का तरीका है? स्क्रॉलिंग खुद समस्या नहीं है, बल्कि किसी बड़ी समस्या का लक्षण हो सकती है।

एक और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इससे फायदा किसे हो रहा है? क्या आप सोशल मीडिया का उपयोग किसी उद्देश्य के लिए कर रहे हैं, जैसे सीखना, नेटवर्किंग या काम? या फिर यह बस एक आदत बन चुकी है? अगर आपको इसका कोई ठोस लाभ नहीं दिखता, तो यह सोचने का सही समय है कि किन प्लेटफॉर्म्स को अलविदा कहना चाहिए। जब आप स्क्रीन से बाहर निकलते हैं, तभी असली जिंदगी आपके सामने खुलती है और वही सबसे ज्यादा मायने रखती है।

# कॉलेजों की दीवारों पर लिखे जाएंगे हेल्पलाइन नंबर, मानसिक स्वास्थ्य सेल बनेगा

## आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से चिंता, उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

**जागरण, रीवा।** परीक्षा का दबाव, करियर की चिंता, रिश्तों की उलझनें और समाज का तनाव ये सब मिलकर युवा दिमाग को तोड़ रहे है। कई छात्र तनाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम उठा चुके है। इससे चिंतित होकर उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के सभी सरकारी और निजी कॉलेजों,




विश्वविद्यालयों में अब मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर अनिवार्य रूप से दीवारों पर लिखे जाएंगे। टेली-मानस (14416), उमंग (14425) और आपातकालीन नंबर 112 ये तीनों नंबर हर परिसर में प्रमुखता से लिखे जाएंगे, ताकि संकट के समय छात्र तुरंत मदद मांग सकें। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने बीते दिनों उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए थे। इसके बाद विभाग ने सभी संस्थानों को पत्र जारी कर काम शुरू करने को कहा। इसका उद्देश्य है तनाव में छात्र अकेला महसूस न करें, मदद बस एक कॉल दूर हो।

### क्यों उठाया ये कदम

पिछले कुछ सालों में कॉलेज-यूनिवर्सिटी में छात्रों की आत्महत्या के मामले बढ़े हैं। परीक्षा तनाव, डिप्रेशन, अकेलापन ये कारण सामने आए। सरकार ने अब इसे रोकने के लिए जागरूकता से ज्यादा तत्काल मदद पर फोकस किया है। विद्यार्थी स्वस्थ होंगे तभी उज्वल भविष्य बनेगा। मानसिक स्वास्थ्य अब वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य है।

### नए नियम बदल देंगे कॉलेज कैंपस की तस्वीर

- हेल्पलाइन प्रदर्शन अनिवार्य: टेली-मानस 14416 (राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन 24×7 मुफ्त, गोपनीय), उमंग 14425 (किशोर-युवा स्वास्थ्य, जीवन कौशल, करियर मार्गदर्शन) और 112 (पुलिस/आपातकाल) हर जगह दिखेंगे।
- विशेष सेल और प्रोफेशनल काउंसलर: हर संस्थान में अब मानसिक स्वास्थ्य सेलश बनेगा। प्रोफेशनल काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य।
- 24×7 मेडिकल सुविधा: आवासीय परिसरों में 24 घंटे चिकित्सा व्यवस्था या 1 किलोमीटर के दायरे में अस्पताल से टाई-अप।
- रैगिंग और शिकायत समितियां सक्रिय: रैगिंग निरोधक समिति और आंतरिक शिकायत समिति को और मजबूत कर अपडेट किया जाएगा।

# 3 से 13 जून तक होगी 9वीं-11वीं की द्वितीय परीक्षा

## सुबह 9 से 12 बजे तक होगी आयोजित

**जागरण, रीवा।** 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं हाल ही में संपन्न हो चुकी हैं। वहीं कॉपियों का मूल्यांकन कार्य भी जारी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 9वीं और 11वीं की द्वितीय परीक्षा का टाइम टेबिल जारी कर दिया गया है। उक्त संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार आगामी 3 जून से 9वीं व 11वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होंगी। बताया गया कि 9वीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत 3 जून अंग्रेजी के पेपर के साथ होगी जो कि 12 जून तक चलेगी। अंतिम पेपर 12 जून को एनएसक्यूएफ विषय का होगा। वहीं 11वीं कक्षा की परीक्षा भी 3 जून से ही भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबैंडरी, मिल्क ट्रेंड पॉल्ट्री फार्मिंग एडं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास विषय के साथ शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन 13 जून तक होगा। अंतिम पेपर जीव विज्ञान विषय का होगा। बता दें कि मुख्य परीक्षा बीते माह समाप्त हुई थी। वहीं अब मंडल द्वारा द्वितीय परीक्षा के लिए टाइम टेबिल जारी कर दिया गया है। इन्हें स्कूलों के नोटिस बोर्ड में चस्पा करने के लिए किया गया है। इसमें परीक्षा में शामिल न हो सके विद्यार्थी व परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे।

**एक्शन में एडी उच्च शिक्षा**

# कॉलेजों में परखी जमीनी हकीकत, छात्रों से पूछे सवाल

## शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ली जानकारी, ई-प्रवेश की तैयारी की हुई समीक्षा

जागरण,रीवा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा क्षेत्रीय संचालक उच्च शिक्षा विभाग रीवा व शहडोल संभाग की कुर्सी में बीते दिनों बदलाव किया गया है, एडी की जिम्मेदारी अब वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.महेन्द्रमणि द्विवेदी को दी गई है। उनके द्वारा जिम्मेदारी संभालने के साथ ही जमीनी हकीकत को परखने कॉलेजों का दौरा शुरू कर दिया गया है। एडी रीवा डॉ.महेन्द्रमणि द्वारा कॉलेजों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को वह शासकीय महाविद्यालय गुढ़ निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उनके द्वारा पहुंचते ही कॉलेज में प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति की जांच की गई, इसके साथ ही छात्रों की उपस्थिति की भी जांच की गई। गुढ़ महाविद्यालय में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। महाविद्यालय में कई विषयों की प्रायोगिक परीक्षा का नियमानुसार आयोजन किया जा रहा था। एडी रीवा ने छात्रों से संबंधित शासन की सम समस्तजन कल्याणकारी योजनाओं की समुचित जानकारी ली व योजनाओं के 100 प्रतिशत क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।



### प्रयोगशाला में सुधार के निर्देश

गुढ़ महाविद्यालय में प्रयोगशाला के सुधार हेतु निर्देशित किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया। छात्रों द्वारा कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम को लेकर अतिरिक्त संचालक से मांग की गई, जिस पर उन्होंने हर संभव प्रयास करने की बात कहीं। बता दें कि गुढ़ महाविद्यालय में अभी तक पीजी पाठ्यक्रम नहीं शुरू हो पाया है। अतिरिक्त संचालक के साथ जन भागीदारी अध्यक्ष गुढ़, क्षेत्र के एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल और कार्यालय से विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ.जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय, कार्यालय प्रमुख प्रदीप मिश्रा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेंद्र तिवारी भी उपस्थित रहे।


### ई-प्रवेश में न बरतें लापरवाही

एडी रीवा ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि आगामी दिनों में महाविद्यालयों में प्रवेश शुरू होंगे। शासन के नियमानुसार इसकी तैयारी की जाए, छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न हो व सभी सीटों पर 100 प्रतिशत प्रवेश कराया जाए। कॉलेज में छात्रवृत्ति संबंधी समस्त जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया गया।

> कॉलेजों में व्यवस्थाएं देखने निरीक्षण किया जा रहा है, शनिवार को गुढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। शासन की हर योजनाओं का लाभ छात्रों को मिले, कक्षाएं 100 प्रतिशत संचालित हों, इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं।
>
> **डॉ.महेन्द्र मणि द्विवेदी**
> **एडी रीवा**

# पांडुलिपियों का होगा सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण

## संस्कृति मंत्रालय ने चलाया विशेष अभियान



**जागरण, रीवा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'ज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन' के अंतर्गत मध्य प्रदेश में पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस मिशन की घोषणा एक फरवरी 2025 के केंद्रीय बजट में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है। इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और भारत सरकार के बीच 19 दिसम्बर 2025 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। यह विशेष अभियान 16 मार्च से जारी है और 15 जून तक संचालित किया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त मदन कुमार ने कलेक्टर्स को पत्र जारी किए हैं।

अभियान के संबंध में जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें एसडीएम को समन्वयक और जिला नोडल अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया जाएगा। समिति में जिला पंचायत सीईओ, विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय तथा पुरातत्व विभाग के एक-एक प्रतिनिधि को सदस्य बनाया जाएगा। समिति मंदिरों, मठों, आश्रमों, निजी संग्रहों, पुस्तकालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज कर 'ज्ञान भारतम' ऐप के माध्यम से जानकारी अपलोड करेगी। अभियान की सफलता के लिए पांडुलिपि धारकों के साथ संवाद स्थापित करने और विश्वविद्यालयों के छात्र-शोधार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस मिशन के सुचारु संचालन के लिए डॉ. मनीषा शर्मा को मिशन हेड नियुक्त किया गया है और जिला स्तर पर विभाग का एक प्रतिनिधि भी तैनात किया गया है। चूंकि भारत सरकार द्वारा इस मिशन की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है, इसलिए जिला स्तरीय समिति को प्रत्येक 15 दिवस में अभियान की प्रगति की समीक्षा कर संचालनालय पुरातत्व को अवगत कराना होगा।

# सैनिक स्कूल की अद्विता ने हासिल किये 98 प्रतिशत

**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा की छात्रा अद्विता तिवारी ने कक्षा 10, सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विंध्य क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अद्विता वरिष्ठ दंत चिकित्सक एवं आयुष्मान भारत योजना के प्रदेश प्रभारी डॉ. अमित तिवारी तथा डॉ. ऋचा तिवारी की सुपुत्री हैं। शिक्षकों, परिजन एवं इष्ट-मित्रों ने अद्विता के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की हैं।



# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आयोजित हुई व्याख्यान माला



**रीवा।** टीआरएस कालेज इतिहास विभाग के द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में किया गया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पूनम मिश्रा, विभाग अध्यक्ष इतिहास ने किया। उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विषय प्रवेश पर विस्तार से प्रकाश डाला ,कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ विनय कुशवाहा, सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना उपस्थित रहे, उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं ज्योतिर्लिंग परंपरा पर अपना उद्बोधन दिया, जिसका प्रारंभ उन्होंने संस्कृति एवं सभ्यता में अंतर बताने से किया । विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. जयप्रकाश, सहायक प्राध्यापक इतिहास, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ने अपने उद्बोधन में मंदिर वास्तुकला के उद्गम एवं उसके विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत की प्रमुख मंदिर वास्तु कला जैसे नगर शैली, द्रविड़ शैली, एवं वेसर शैली को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सुधाकर दुबे द्वारा किया गया, एवं आभार प्रदीप प्रदर्शन मोहित मेहरा ने व्यक्त किया, कार्यक्रम में इतिहास विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. अश्विनी कुमार द्विवेदी, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ. प्रतिमा पाण्डेय एवं शालिनी मिश्रा तथा इतिहास विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीढ़ियों के सशक्त निर्माण का आधार हैं धरोहरें

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन



**जागरण, रीवा।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रीवा सेवा केंद्र द्वारा प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें आर.बी. पटेल, बीके सीखा चिटके, बीके प्रभाकर सिंह, बीके सुशील चतुर्वेदी, कैलाश तिवारी, शेखर कुमार, तथा अन्य सम्मानित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने धरोहरों के महत्व को केवल अतीत तक सीमित न रखते हुए, उसे वर्तमान और भविष्य की आवश्यकता के रूप में प्रस्तुत किया। विशेष रूप से श्री पटेल ने धरोहरों की वैचारिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के समय में यह हमारी पहचान और संतुलित समाज के निर्माण का आधार हैं। कार्यक्रम में बीके सत्येंद्र ने बताया कि धरोहरें केवल देखने की वस्तु नहीं, बल्कि व्यक्ति के मानसिक विकास, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के सशक्त निर्माण का आधार हैं। प्रभाकर सिंह ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए धरोहरों के समय-समय पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया, वहीं कैलाश तिवारी ने युवाओं तक इस विषय को पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सुशील चतुर्वेदी ने स्थानीय स्तर पर किए जा सकने वाले प्रयासों की चर्चा की और प्राचार्य दीपक तिवारी ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की समग्र विवेचना प्रस्तुत की। विजय देव ने सभी को नशा मुक्ति और सकारात्मक जीवन का संकल्प दिलाया। बीके लता दीदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आध्यात्मिकता ही वह शक्ति है जो हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को जीवंत बनाए रखती है। वहीं सुभाष भाई ने रीवा, गोविंदगढ़ और मऊगंज जैसे क्षेत्रों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए स्थानीय विरासत के महत्व को सामने रखा।

# सपाक्स के संजय प्रदेश उपाध्यक्ष और तोषण जिला अध्यक्ष बने



**जागरण, रीवा।** सपाक्स पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा वीणा घाणेकर (पूर्व आईएएस), राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हीरालाल त्रिवेदी (पूर्व आईएएस) के निर्देशानुसार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) सुरेश शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष इं. पीएस परिहार एवं प्रदेश महासचिव राहुल राजपूत की अनुशंसा पर इं. संजय सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष म प्र एवं डॉक्टर तोषण सिंह को जिला अध्यक्ष रीवा के पद पर मनोनीत किया गया है। इनको पदाधिकारी बनाए जाने पर सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (समन्वय) इं देवेंद्र सिंह, वंदना द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, हिमांशु शुक्ला प्रदेश सचिव, प्रो. पंकज श्रीवास्तव (से नि प्रा.), रामशंकर दूबे, दीपक पांडे, रोहित सिंह बघेल, सुशील खरे, कमलेश प्रसाद उपाध्याय, संतोष तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, एड. संजय सिंह, आदर्श शुक्ला, आजाद सिंह चौहान, गेंदाकली पाठक, संध्या सिंह, रवि रतन त्रिपाठी, किरण शुक्ला, शंकर नारायण श्रीवास्तव, लालता प्रसाद यादव, विश्व भरण द्विवेदी, एन पी शुक्ला, धर्मेन्द्र गौतम, संतोष तिवारी (से.नि.सैनिक), विपिन तिवारी, के पी सिंह, विनोद पटेल, विपिन मिश्रा, हरिओम गुप्ता, संतोष सिंह, राजकुमार गुप्ता, सुनील मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, संतोष मिश्रा, राकेश पांडे, संजय भगत, अरविंद मिश्रा, अंबिकेश दुबे, श्याम नारायण शर्मा (से.नि.), अनूप उपाध्याय, अर्जुन पांडे, पीयूष असाटी, अकबर खान एवं राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला के समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# स्वर्ण पदक से सम्मानित होंगे मॉडल स्कूल के स्टेट टॉपर्स

**जागरण, रीवा।** मॉडल स्कूल रीवा के स्टेट टॉपर्स स्वर्ण पदक से सममानित किए जायेंगे। प्राचार्य महेश कुमार तिवारी के साथ गुरू प्रसाद श्रीवास्तव संस्थान के अध्यक्ष डॉ अनिल श्रीवास्तव, सचिव जयराम शुक्ला माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सदस्य नीरज खरे, एवं पियूश तिवारी ने बैठक की जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा।

मॉडल स्कूल के लिए यह गौरव का विषय है कि विद्यालय के 06 छात्र प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने में सफल रहे तथा 07 छात्रों ने जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यार्थियों को सम्मानित करने से आगे आने वाले विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी और वो बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगे। मॉडल स्कूल माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित प्रतिष्ठित संस्थान है। 1974 में स्थापित इस विद्यालय के छात्र प्रथम सत्र से ही राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाते आये हैं। 1976 में प्रथम बैच के विद्यार्थी रावेन्द्र घाड़ेकर ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित किया था तब से लेकर के अब तक निरंतर यहां के विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यार्थियों के अंदर स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा जागृत करने के लिए विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य गुरु प्रसाद श्रीवास्वत के स्मृति में सत्र 2026 से प्रदेश स्तरीय मेद्यावी विद्यार्थियों को गुरु प्रसाद श्रीवास्तव पदक से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

# क्षेत्रीय विरासत को संरक्षण देने का किया आह्वान

## विवि के इतिहास पुरातत्व विभाग में हुआ आयोजन




**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में विश्व विरासत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महेश चन्द्र श्रीवास्तव रहे। मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाना बताया। इस वर्ष की थीम 'विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष संकट' है। विश्व विरासत दिवस 1982 से प्रारंभ किया गया जिसे यूनेस्को की मान्यता प्राप्त है। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय धरोहरों के साथ-साथ क्षेत्रीय विरासत के संरक्षण पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि हमें समाज को जागरूक करते हुए आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित विरासत सौंपना चाहिए। सहायक प्राध्यापक डॉ. शंकर लाल यादव ने शोध छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में विरासत को संजोये रखने तथा नवीन स्थलों की खोज कर उन्हें विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल कराने हेतु सभी को अथक प्रयास करना होगा। विश्व विरासत दिवस के अवसर पर शोध छात्र प्रदीप कुशवाहा, मयंक शर्मा, नम्रता मिश्रा, विकास सिंह और अर्जित चित्रांश ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन डॉ. चन्द्र प्रकाश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ प्रीति तिवारी, डॉ. धीरेन्द्र सिंह, तनुजा सिंह और विभाग के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# डेमो के माध्यम से दिया जीवन रक्षक तकनीक का प्रशिक्षण

## आईजी कार्यालय में सीपीआर वर्कशॉप का आयोजन



**जागरण, रीवा।** फेस संस्था रीवा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में सीपीआर पर आधारित एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक रीवा सहित उनके समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर से संबंधित आवश्यक जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा। वर्कशॉप के दौरान फेस संस्था की मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने डेमो के माध्यम से सीपीआर तकनीक का विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति, विशेष रूप से हृदयगति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) के मामलों में समय पर दी गई सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचाने में अत्यंत प्रभावी साबित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी पिछले कई महीनों से मिशन जीवन संजीवनी के तहत रीवा एवं आसपास के जिलों में लगातार इस जीवन रक्षक तकनीक के प्रति जनजागरुकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। इसके अंतर्गत वे विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीपीआर वर्कशॉप आयोजित कर आमजन को इसके प्रति जागरूक कर रही हैं। फेस संस्था द्वारा जनहित में संचालित इस सराहनीय अभियान की पुलिस महानिरीक्षक रीवा एवं उनके स्टाफ द्वारा प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से की जा रही यह जनसेवा न केवल अनुकरणीय है, बल्कि समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक पहल है। यह वर्कशॉप न केवल पुलिस विभाग के कर्मचारियों के लिए ज्ञानवर्धक रही, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुई।

### रीवा संभाग की महिला सीनियर क्रिकेट टीम की घोषणा

**रीवा।** 20 अप्रैल से इन्दौर में खेली जाने वाली मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व.जेएस आनंद अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली रीवा संभाग की महिला सीनियर क्रिकेट खिलाड़ियों की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा शनिवार को रीवा संभाग की महिला चयनसमिति के सदस्य धीरेन्द्र शुक्ला एवं निशी मिश्रा के द्वारा की गयी। टीम के कप्तान की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश के लिये जूनियर क्रिकेट खेल चुकी तथा सिंगरौली जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली रचना यादव को सौंपा गया है । चयनकर्ताओं के द्वारा बताया गया कि रीवा की टीम में कप्तान रचना यादव के अतिरिकत नित्या तिवारी, इशिका सिंह , सृष्टि नागपुरे, रोशनी कुमारी, अंशिका पाण्डेय , दाप्ति सिंह जैसी बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं जिनसे अच्छे प्रदर्शन की पूरी उम्मीद है। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व.जेएस आनंद अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये रीवा की टीम इन्दौर के लिये रवाना हो चुकी है।

# संस्कार वैली स्कूल मैदानी का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**जागरण, रीवा।** मैदानी में संचालित सीबीएसई स्कूल संस्कार वैली जो की शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है इस स्कूल का प्रतिवर्ष शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहता है इस वर्ष भी गत दिवस घोषित बोर्ड के परीक्षा परिणाम मैं यहां का 100त्न रिजल्ट रहा है यहां के छात्रों की अभूत पूर्व सफलता पर स्कूल के संचालक अशोक मिश्रा तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने सफलतम छात्र-छात्र को बधाई देते हुए उनकी सफलता तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना अवैध सट्टा का हाईटेक कारोबार



**जागरण, रीवा।** जिले में नशे के अवैध कारोबार की तरह ही सट्टा और जुए का धंधा भी लगातार फलता-फूलता रहा है। पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई कर सटोरियों और जुआरियों को पकड़ा जरूर जाता है, लेकिन जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई के बाद आरोपियों को आसानी से जमानत मिल जाती है। बाहर आते ही वे फिर उसी अवैध धंधे में सक्रिय हो जाते हैं पुलिस अपनी क्षमता के अनुसार कार्रवाई करती रही, लेकिन सट्टे का कारोबार अब इतना संगठित हो चुका है कि यह पारंपरिक पर्ची सिस्टम से आगे बढ़कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक पहुंच गया है। पहले जहां सटोरिये सुनसान और जर्जर स्थानों से काम करते थे, वहीं अब वे बहुमंजिला इमारतों को किराये पर लेकर हाई-टेक तरीके से इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं। अगर पुराने रिकॉर्ड पर नजर डालें तो पहले जो सट्टा किंग के नाम से चर्चित थे, उनका वर्चस्व धीरे-धीरे खत्म हो गया। अब उनकी जगह नए और ज्यादा शातिर खिलाड़ी सामने आ गए हैं। ये नए सट्टा कारोबारी पढ़े-लिखे होने के साथ-साथ तकनीकी रूप से भी सक्षम हैं और लोगों को लालच देकर आसानी से अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई मामलों में यह भी देखने को मिलता है कि बड़े सट्टा कारोबारियों को संरक्षण मिलता है। वहां खुलेआम सट्टा मंडियां संचालित होने लगती हैं और दूर-दराज से लोग इसमें शामिल होने पहुंचते हैं। ऐसे मामलों का खुलासा अक्सर तब होता है जब प्रशासनिक फेरबदल होता है या किसी सख्त अधिकारी की नजर इस पर पड़ती है। इसके बावजूद सवाल यह उठता है कि कार्रवाई के बाद भी यह अवैध कारोबार पूरी तरह बंद क्यों नहीं हो पाता? वर्तमान में सट्टे का अवैध कारोबार एक ऐसे नेटवर्क में बदल चुका है, जिसे पूरी तरह नियंत्रित करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। जब तक सख्त और निरंतर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इस पर लगाम लगाना मुश्किल ही नजर आता है।

## दिव्यराज कुशवाहा ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर किया गौरवान्वित

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में शिवशक्ति हाई स्कूल अमवा के छात्र दिव्यराज कुशवाहा पिता बालमुकुंद कुशवाहा ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय सहित पूरे गांव को गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रशित रहा। छात्र दिव्यराज ने विद्यालय में प्रथम स्थान, श्रुति तिवारी ने द्वितीय तथा रुचि यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के साथ-साथ गांव के संभ्रांतनागरिकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मेंटनेंस कार्य चल रहा, छज्जों से जोड़े खंभे दिखाई नहीं दे रहे

### कई लोगों ने बिजली के खंभों के सहारे टिका रखे हैं छज्जे गैलरी



**जागरण, रीवा।** बिजली वितरण कंपनी द्वारा शहर में वर्षाकाल के पूर्व किया जाने वाला मेंटनेंस कार्य शुरू कर दिया गया है, शहर सहित अंचलों में लगे बिजली के खंभों में से किसी ने खंभा अपनी छत के अंदर जोड़ लिया, किसी की गैलरी खंभे के सहारे टिकी है तो कोई खंभे से छज्जों को सहारा देकर टिकाकर खंभों को अपनी जद में ले लिया है, बिजली वितरण कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष किए जाने वाले मेंटनेंस कार्य के दौरान खंभों में किए गए कब्जे दिखाई नहीं दे रहे, इस साल भी मेंटनेंस कार्य शुरू कर दिया गया है, किन्तु खंभों को कब्जे लेने वाले एक भी कब्जेधारी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही। जिसके चलते कब्जा करने वालों का हौसला बढ़ता जा रहा है।

### छत से सटे खंभों में उतरे करंट से आए दिन हो रही मौत

कब्जे धारियों ने अपनी छतों के अंदर बिजली के खंभे तो घेर लिए हैं, किन्तु ये उन्हीं के लिए दुखदायी साबित हो रहे हैं, आए दिन कहीं न कहीं इन खंभों में उतरे करंट से लोग असमय मौत के मुंह में जा रहे हैं, शनिवार को ही मनगवां में छत पर करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई, किन्तु इन पर बिजली वितरण कंपनी कोई ध्यान देने को तैयार नहीं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनु. हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक /0265/अपील/2022–23
रीवा दिनांक 13.04.2026

राजेश जयपुरिया पिता डी.पी. जयपुरिया, निवासी तरहटी, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) व 10 अन्य
...........अपीलार्थीगण

बनाम

1. अमित कुमार पिता सज्जन कुमार, निवासी 370 नया तालाब वार्ड क्र0 40, तह. हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) 2. सहनवाज अख्तर पिता नूर मोहम्मद, निवासी 68 राजीव गांधी वार्ड नम्बर 21 रीवा, तह. हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) 3. विनोद कुमार दुबे पिता रमाशंकर दुबे, निवासी 15/275/2 पंडित शिवप्रसाद वार्ड नम्बर 15, तह. हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) 4. इजमाम उल हक पिता अनवरूल हक, निवासी तरहटी रीवा, तह. हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.)
...........उत्तरवादीगण

अपीलार्थी राजेश जयपुरिया पिता डी.पी. जयपुरिया, निवासी तरहटी, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) व 10 अन्य की ओर से अधिवक्ता श्री अनिल सिंह गहरवार द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 ई0 की धारा 44 (1) के तहत न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त गोविन्दगढ़, जिला-रीवा (म.प्र.) के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0006/बी-121/2022- 23 में पारित आदेश दिनांक 08.04.2022 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई है, जिसकी पेशी दिनांक 13.04.2026 को नियत थी। उक्त प्रकरण में उत्तरवादीगण पक्षकार हैं। उत्तरवादीगण को सूचना दी जाती है कि प्रकरण में अगली तारीख पेशी दिनांक 12.05.2026 नियत है। नियत पेशी दिनांक को उत्तरवादीगण समय 11.00 बजे दिन स्वयं या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि जो जवाब प्रस्तुत करने में सक्षम हो, न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनु. हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) के न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। उत्तरवादीगण को निर्देशित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक को आवश्यक लोक दस्तावेज जो अपने पक्ष समर्थन के लिये आवश्यक हो प्रस्तुत करें। नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नही होने की दशा में उक्त प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निर्णय किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तहसील हुजूर,
RN- 85031 जिला- रीवा (म.प्र.)


## भू-संपदा जागरुकता शिविर 21 अप्रैल को

**रीवा।** मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के द्वारा जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भू-संपदा परियोजनाओं से संबंधित अधिनियमों, नियमों और कार्य प्रक्रियाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। यह शिविर 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट भवन के मोहन सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्राधिकरण की ओर से सेवानिवृत्त आईएएस और विशेष सचिव राजेश बहुगुणा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों से जागरुकता शिविर में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## एक बार में कहीं नहीं हो रहा सीवरेज लाइन का कार्य

### पहले सड़क के बगल से नाली खोद डाला पाइप फिर किया प्लास्टर अब फिर से कर रहे खनन



**जागरण, रीवा।** शहर में डाली जा रही सीवरेज लाइन का कार्य किसी भी वार्ड में एक बार में नहीं किया जा रहा। लगभग प्रत्येक क्षेत्र में सीवरेज के नाम में दो-दो, तीन-तीन बार खनन किया जाकर शहरवासियों के लिए परेशानी खड़ी जा रही है बल्कि शासन को भी लाखों की चपत लगाई जा रही है। बीड़ा मोड़ से धिरमा नाले के बीच डाली गई सीवरेज लाइन के लिए पहले सड़क के बगल से खनन किया गया था, जहां पाइप डालने के बाद महीनों तक सड़क खुदी ही पड़ी रही, जिसमें आए दिन वाहन फंसते रहे, रहवासियों द्वारा शिकायत करने के बाद खोदी गई सड़क के ऊपर प्लास्टर कर दिया गया। शनिवार को फिर से इसी मार्ग पर सीवरेज लाइन के पाइप डालने खनन शुरू कर दिया गया है, यानी फिर सड़क खोदी जाएंगी, कितने दिनों बाद सड़क बनेगी, कहा नहीं जा सकता।

## चिरहुला मार्ग बंद, मोहल्लावासियों की बढ़ी परेशानियां

**जागरण, रीवा।** चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चिरहुला मंदिर के सामने से गुजरने वाला प्रमुख मार्ग अचानक बंद कर दिए जाने से क्षेत्र के रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग वर्षों से स्थानीय नागरिकों के आवागमन का प्रमुख साधन रहा है और कई मोहल्ले इसी रास्ते पर निर्भर रहे हैं। मार्ग बंद होने के कारण वार्डवासियों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। श्री शर्मा ने कहा कि इस मार्ग के बंद हो जाने से लोगों को अपने निवास स्थान का पता बताने में भी कठिनाई हो रही है, जिससे उनके परिजन एवं परिचितों को घर तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से नर्मदा नगर, अयोध्या नगर, बढ़राउ टोला, एस.एफ. कॉलोनी वार्ड क्रमांक 43, मंदिर के पीछे स्थित पटेल बस्ती, चिरहुला, बंसल बस्ती, सांबा बस्ती, उत्तम नगर तथा जोरी तक के नागरिक प्रभावित हो रहे हैं, जो वर्षों से इस मार्ग का उपयोग करते आ रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को इस विषय में गंभीरता से विचार करना चाहिए और जनभावनाओं को समझते हुए समस्या के समाधान के लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मोहल्लावासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें गुढ़ रोड से सीधे जोड़ने की व्यवस्था की जाए, जिससे आमजन का दैनिक जीवन पुनः सुगम और सरल हो सके।

## लोकतंत्र सेनानी मोतीलाल मिश्रा का निधन

### भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मीसाबंदी ग्राम पंचायत गोदरी अम्बिकाराम के वरिष्ठ समाजसेवी मोतीलाल मिश्रा का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शोक संवेदना व्याप्त करते हुए कहा कि वे पूरे जीवन सामाजिक सरोकार के साथ आम लोगों के कल्याण के लिए समर्पित रहे, उनके निधन से पार्टी और समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है, ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। सांसद जनार्दन मिश्रा ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि वे राष्ट्र और समाज के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने वाले नेता थे, लोकतंत्र सेनानी के रूप में उन्होंने 19 महीने जेल में बिताये, ईश्वर से प्रार्थना है की ऐसे महामानव की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। मऊगंज भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा गहरा दुःख जताते हुए कहा कि वे पार्टी के लिए समर्पित नेता थे, उनसे संगठन के बारीकियां को सीखने का अवसर भी मिला। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने मोतीलाल मिश्रा के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और दुःख में सहभागी हुए। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राहुल गौतम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, विपिन मिश्रा, वंश गोपाल तिवारी, अजय मिश्रा, गोपाल तिवारी, प्रकाश चौरसिया, महेंद्र सिंह, सुदीप सिंह, मुरलीधर द्विवेदी, संतोष तिवारी, विनोद द्विवेदी, अमित सिंह, ग्राम पंचायत गोदरी अम्बिकाराम की सरपंच प्रमिला तिवारी सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओ ने शोक व्यक्त किया है।

## कारण सहित जवाब देंगे सक्षम अधिकारी

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद पंचायत त्योंथर में पदस्थ लोक सूचना अधिकारी खंड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा और रनवीर राय यादव निवासी ग्राम गडर गवाबाया त्योंथर जिला रीवा द्वारा प्रस्तुत अपील पर मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग अरोड़ा हिल्स भोपाल के पत्र क्रमांक द्वितीय अपील क्रमांक 3528 भोपाल दिनांक 17 मार्च 2026 के पत्र द्वारा राज्य सूचना आयुक्त ओकार नाथ के समक्ष 22 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे कोर्ट रूम क्रमांक 4 स्थान राज्य सूचना आयोग कार्यालय 35 सूचना भवन अरेरा हिल्स भोपाल पर होना है जिसमें सभी तीनों लोगों को उपस्थित होने अथवा कारण सहित किसी सक्षम व्यक्ति को भेजने का निर्देश दिया गया है।

## सांदीपनि विद्यालय मऊगंज के छात्र शिवांशु चतुर्वेदी ने बनाया कीर्तिमान



**मऊगंज ब्यूरो।** संदीपनी विद्यालय मऊगंज के कक्षा 12वीं के छात्र शिवांशु द्विवेदी 12वीं की परीक्षा मे 500 में से कुल 476 अंक 95.1प्रतिशत अंक हासिल कर अपने घर-परिवार को गौरवान्वित किया। शिवांशु द्विवेदी के दादा विद्याधर शर्मा रिटायर्ड शिक्षक हैं एवं पिता संतोष कुमार द्विवेदी शा.उ.मा.वि. पहाड़ी मऊगंज में शिक्षक पद पर सेवारत हैं। माता सविता द्विवेदी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं। शिवांशु की इस सफलता से सभी परिजन गौरवान्वित हैं एवं उनके उत्तरोत्तर सफलता हेतु भगवान से कामना की है। शिवाशुं द्विवेदी ने बताया कि, उसकी इस सफलता में उसकी बड़ी बहन शिवांजली द्विवेदी, शिक्षकगण एवं प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है।


**बधू चाहिए**

पाण्डेय इटिया ब्राम्हण श्रावण्य गोत्र, मांगलिक नहीं, उम्र 30 वर्ष, 5 फिट 3 इंच शिक्षक, पीएचडी रनिंग, माता-पिता दोनों शासकीय शिक्षक हेतु सर्व ब्राम्हण मान्य वधू चाहिए।
संपर्क- 7415111804, 9993493384
मैरिज ब्यूरो संपर्क ना करें।
R.N. 82243



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## देश को फिर काले कानूनों से बचाया: शिव सिंह

**रीवा।** सपा राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह एडवोकेट ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर देशभर में प्रधानमंत्री सहित भाजपा के नेता विलाप कर रहे हैं। बीजेपी का महिला आरक्षण बिल जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के रूप में माना जाता है। उक्त बिल में किसानों के खिलाफ बनाए गए तीन काले कानूनों जैसी खामियां थीं, जिसका विपक्ष ने विरोध भी किया था। विपक्ष का कहना था कि महिला आरक्षण बिल तभी लागू हो जब जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ साथ ओबीसी महिलाओं का कोटा निर्धारित कर लिया जाए। लेकिन भाजपा को बंगाल चुनाव का डर सताने लगा और आनन फानन में महिला आरक्षण बिल का नाम देकर देश की महिलाओं को गुमराह करते हुए 131वां संविधान संशोधन परिसीमन बिल 2026 पास कराना चाहा, लेकिन विपक्ष के सूझबूझ के चलते एक बार देश को फिर से काले कानूनों से बचा लिया गया।


**महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय**
छतरपुर (म.प्र.), Ph. & Fax No. : 07682-244442
Email : mchhatrasaluniversity@gmail.com
क्रमांक/621/शोध शाखा/2026 छतरपुर, दिनांक 18.04.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न विषयों के पी.-एच.डी. कार्यक्रम (Ph.D. Programme) में प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश राज्य के पी.-एच.डी. अध्यादेश 11 एवं इसके संशोधनों के प्रतिस्थापन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देश 2022 तथा F.4-1 (UGC-NET Review Committee)/2024(NET)/140648 दिनांक 28.03.2024 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी **दिनांक 21.05.2026 तक** ऑनलाइन आवेदन एमपी ऑनलाइन लिंक **https://mcbu.mponline.gov.in/portal/index.aspx** से कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, शुल्क एवं आवेदन करने की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://mcbu.ac.in** का अवलोकन करें।
म.प्र. माध्यम/125409/2026 कुलसचिव



**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सिरमौर, रीवा (म.प्र.)**
PM SHRI

**WALK IN INTERVIEW**

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सिरमौर रीवा (म.प्र.) में सत्र 2026-27 हेतु 10 माह की अवधि (01.07.2026 से 30.04.2027) के लिए संविदा आधार पर मेट्रन की भर्ती हेतु योग्य महिला उम्मीदवारों को Walk In Interview में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है Walk In Interview दिनांक 28.04.2026 को प्रात: 10:00 से 01:00 बजे तक पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सिरमौर रीवा (म.प्र.) में होगा इच्छुक महिला उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रमाणम पत्रों, अनुभव प्रमाण-पत्र, अंकसुची, बायोडाटा एवं फोटो इत्यादि के साथ दिनांक 28.04.2026 को शामिल हो सकते है।

**आवश्यक योग्यता**

1. शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम कक्षा 10वीं उर्तीण। यद्यपि उच्च शैक्षणिक योग्यता को वरीयता दी जावेगी।
2. पारिवारिक जिम्मेदारी रहित विवाहित महिलाएं जिसमें विधवा व तलाकशुदा शामिल है प्राथमिकता दी जावेगी।
3. दिनांक 01.07.2026 की स्थिति में न्यूनतम आयु 35 वर्ष व अधिकतम आयु 55 वर्ष होनी चाहिए।
4. मेट्रन को छात्रावास में छात्राओं के साथ रहना अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए विद्यालय आकर संपर्क कर सकतें है।

एम के तिवारी
प्राचार्य/Principal



**नाम परिर्वतन सूचना**

मै धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी (Dharmendra Prasad Tiwari) आयु 38 वर्ष आधार नं. 470138486710 पिता श्री अभिलाष प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम एवं पोस्ट लोही थाना बिछिया तह. हुजूर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूॅं। मेरी नाबलिग पुत्री गौरी तिवारी (GauriTiwari) माता श्रीमती सीनू तिवारी (Seenu Tiwari) के जन्म प्रमाण पत्र में पं. क्र. बी 2020:23-90112-001186 Reg dt. 26.06.2020 एवं आधार कार्ड नं. 864042650287 में मेरी पुत्री का नाम त्रुटीवस मान्या तिवारी (Manya Tiwari) अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम गौरी तिवारी (Gauri Tiwari) है। अत: मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में अंकित नाम मान्या तिवारी (Manya Tiwari) के स्थान पर गौरी तिवारी (Gauri Tiwari) के नाम से जाना पहचाना एवं सुधार किया जाये।

धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी



**कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला रीवा (म.प्र.)**
E-mail ID- cmodabhaura@mpurban.gov.in
क्रमांक/514/पीएमएवाई/न.परि./2026 डभौरा, दिनांक 17.04.2026

**दावा-आपत्ति सूचना (प्रारंभिक प्रकाशन)**

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक/एफ/एफ.यू.डी.एच./9/0009/18-2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र.भोपाल के पत्र क्रमांक/या.प्र./07/2025/3180 भोपाल दिनांक 18.03.2025 के निर्देशानुसार निकाय में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (B.L.C.) के तहत प्राप्त आवेदनों के जांच हेतु दल का गठन किया गया था। गठित दल द्वारा किये गये सर्वेक्षण के पंचवे चरण में 103 हितग्राही पात्र पाये गये हैं। पात्र हितग्राहियों की सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। सूची में अंकित पात्र हितग्राहियों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 04.05.2026 को शायं 4.00 बजे तक अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(हेमंत त्रिपाठी)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा,
जिला-रीवा (म.प्र.)



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत रु. | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी0-ई-2026-78 | 22758328.50 | 455200.00 |

**कार्य का नाम:** खैरार-भीमसेन सेक्शन:- हैवी रिपेयर/इंस्टालेशन ऑफ स्टैण्डर्ड हाइट गेज एंड अदर एंसीलरी वर्क एट डिफरेंट एलएचएस लोकेशन अंडर जूरिडिक्शन ऑफ एडीईएन/बाँदा।
**निविदा बन्द होने की तिथि:** 11.05.2026 at 15:00 hrs.
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 08 माह
• निविदा दिनांक **11.05.2026** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 829/26 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या:** 08/2026/आर.एस./जे.एच.एस. **दिनांक :** 13.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू सी.-टी2-2026-27 | **निविदा मूल्य:** ₹ 8392987.30
**कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के 1750 कम्प्रेसरों की मरम्मत/पुनःनिर्माण।
**बयाना राशि:** ₹ 167900.00 | **निविदा बंद होने की तिथि:** 12.05.2026
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 18 माह
निविदाकार निविदा दिनांक **12.05.2026** को **15.00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 823/26(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**क्रमांक:-**झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/75 **दिनांक:** 15.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी.-ई-2026-75, **कार्य का नाम:** झाँसी डिवीज़न:- सिविल इंजीनियरिंग वर्क फॉर वर्कस पार्ट इन कनेक्शन विथ वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी डेवलपमेंट ऑफ़ सटेलाइट डिपो एट टीकमगढ़ फॉर मेंटेनेंस ऑफ़ ट्रैक मशीन इन एनसीआर।
**अनुमानित लागत (₹):** ₹ 8,34,21,296.20 | **अमानत राशि (₹)** ₹ 16,68,400.00
**निविदा बन्द होने की तिथि :** 13.05.2026 at 15:00 hrs.
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन की अवधि:** 12 माह
निविदा दिनांक **13.05.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 825/26 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्र सं :-** No. JHS/Commercial/e-Auction/25/176 **दिनांक :** 17.04.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी :** प्रचार | **केटलोग संख्या :** JHS-NFR-MISC-53

**एसेट्स डिटेल्स**

E-auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन :-
1. Creation, operation and maintenance of FOOD VAN serving (24x7) at BIX Railway Station
2. Contract for multi-functional activity in railway land location: near LAXMANPURA on the old narrow gauge line gwalior.

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय :** दिनांक 04.05.2026 को समय - 12:00 से
**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय :** दिनांक 04.05.2026 को समय - 12:40 तक
**नोट :-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 838/26 (AS)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

L.No. JHS-ELG-W-T-03-2026-27 Date : 13.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झॉसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं :** झॉसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-03-2026-27 | **निविदा राशि :** रू. 70,42,266/- मात्र
**कार्य का विवरण :** विद्युत/जी कार्य : ग्वालियर में न्यू ताज पिटलाइन पर बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का उन्नयन।
**बयाना राशि :** रू. 1,40,900/- मात्र | **कार्य समापन अवधि :** 06 माह
**निविदा बंद होने की तिथि :** 05.05.2026 (15:00 बजे तक)
निविदाकार निविदा **दिनांक 05.05.2026 को 15:00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 842/26 (C)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्रांक :** Dy.CE-JHSW-92 **दिनांक :** 15.04.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-92
**कार्य का नाम :** झांसी में वैगन मरम्मत कारखाना के पॉकेट यार्ड में सतह को समतल करने और जल निकासी का काम करने का प्रावधान।
**अनुमानित लागत (रूपये) :** 28837758.75 (दो करोड़ अठ्ठासी लाख सैंतीस हजार सात सौ अठ्ठावन रूपये और पचहत्तर पैसे मात्र।)
**अमानत राशि (रूपये) :** 576800/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये :** कुछ नहीं
**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 12.05.2026 15:30 बजे
**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह
पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 826/26 (C)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी0-ई-2026-69 **दिनांक:** 15.04.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़न:- रेजिंग ऑफ़ प्लेटफार्म नंबर 2 टू एच.एल. प्लेटफार्म एट राजनगर 'के' (आरजेएके) स्टेशन इन कनेक्शन विथ वर्क ऑफ़ प्रोवीजन ऑफ़ एफओबी विथ रैंप कनेक्टिंग टू प्लेटफार्म नंबर 1 टू प्लेटफार्म नंबर 2 एंड रेजिंग ऑफ़ प्लेटफार्म नंबर 2 टू एच.एल. प्लेटफार्म एट राजनगर 'के' (आरजेएके) स्टेशन। (आरजेएके) स्टेशन।
**अनुमानित लागत (रू):** ₹16790481.40 | **अमानत राशि (रू):** ₹335800.00
**निविदा बन्द होने की तिथि:** 11.05.2026 at 15:00 hrs.
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह
● निविदा **दिनांक** 11.05.2026 को 15.00 **बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 824/26(A)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सं0:** JHSW-MNP-26-01 **दिनांक:** 16.04.2026

**ई-टेंडर नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन रिपेयर झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा वैगन रिपेयर कारखाना झाँसी में निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या:** JHSW-MNP-26-01 | **कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 06 माह
**कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर वर्कशॉप, झांसी में न्यूमैटिक पाइपलाइन तथा ऑक्सीजन पाइपलाइनों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग।
**अनुमानित लागत:** रु. 1,05,27,122.75/- (रुपये एक करोड़ पांच लाख सत्ताईस हजार एक सौ बाईस एवं पैसा पचहत्तर केवल)
**धरोहर राशि:** रु. 2,10,600/- (रुपये दो लाख दस हजार छः सौ केवल)
**निविदा बंद होने की तिथि:** 14.05.2026, समय 15:00 बजे
1. निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की ई-टेंडर वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 837/26 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## संक्षिप्त खबरें

### गैस एजेंसी संचालकों को नहीं मिले आदेश, उपभोक्ता परेशान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ईरान इजरायल के बीच भले ही युद्ध विराम हो गया है, लेकिन राजधानी भोपाल में युद्ध के कारण शुरू हुई एलपीजी की किल्लत कम होती नजर नहीं आ रही है, जिसके कारण शादी वाले परिवारों की चिंता बढ़ गई हैं। इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसीएल) की ओर से शादी वाले घरों को दो कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने के दावे पर अब ग्रहण लगता दिख रहा है। एजेंसी संचालकों का कहना है उन्हें अब तक लिखित निर्देश नहीं मिले हैं। जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग का दावा है कि एजेंसी संचालक आपूर्ति करने से मना नहीं कर सकते।

**शादी समारोह के लिए दो सिलेंडर देने का मामला**

जिसके चलते आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। इंडियन ऑयल कारपोरेशन ने एलपीजी की किल्लत के बीच शादी वाले परिवारों को राहत देने के लिए दो कमर्शियल सिलेंडर देने का प्रावधान किया है। इसके लिए आवेदक को शादी के दो कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। एजेंसी संचालक कह रहे हैं कि उन्हें अभी तक ऐसे कोई आधिकारिक निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को है जिनके यहां शादी में एक या दो दिन का समय शेष है और वे सिलेंडर के लिए एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। पहले सिलेंडर के लिए आवेदन खाद्य आपूर्ति विभाग को देना था, जिसे अब बदलकर सीधा गैस एजेंसी पर आवेदन जमा करने का नियम बना दिया गया है। आपूर्ति विभाग के अनुसार यदि निर्देश जारी होने के बाद भी कोई एजेंसी सिलेंडर देने से मना करती है, तो उपभोक्ता विभाग और ऑयल कारपोरेशन में सीधे शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 23 को मनेगा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

**जागरण, भोपाल।** भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर 23 अप्रैल को राजधानी में आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का संगम देखने को मिलेगा। इस दिन शाम 5 बजे जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में ही संपन्न होगी। आयोजन समिति के अनुसार शोभायात्रा जवाहर चौक से प्रारंभ होकर काटजू हॉस्पिटल, रंगमहल चौराहा, टीटी. नगर, न्यू मार्केट और रोशनपुरा होते हुए जी.टी.बी. कॉम्प्लेक्स तक जाएगी और फिर वापस चित्रगुप्त मंदिर, जवाहर चौक पर समापन होगा। पूरे मार्ग में आकर्षक सजावट, लाइट-साउंड और भव्य व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे यह आयोजन शहर का केंद्र बिंदु बन जाएगा। मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कायस्थ महासभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसे गौरव, आस्था और सामाजिक एकता का महापर्व बताया।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनकर हिल गए थे दिग्विजय सरकार के दिग्गज

## पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने खोले पुराने पन्ने, महिलाओं को सुरक्षित सीटों पर मौका देने की उठाई मांग

## कांग्रेस के मंच से वरिष्ठ नेताओं के सामने बोलीं- 38 फीसदी महिलाएं जीतकर आईं तो तन गईं थी धुरंधरों की भृकुटि




**जागरण, भोपाल।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में बहुमत के आधार पर गिराकर कांग्रेस भले ही आज सरकार पर सवाल उठा रही हो, लेकिन जब पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पंचायती राज में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल कर रहे थे, तब प्रदेश की कांग्रेस सरकार ही यह सुनकर हिल गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कैबिनेट के दिग्गज मंत्री विरोध में थे। आज भी महिलाओं को लेकर कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों की सोच वही है। जिन सीटों पर लंबे समय से हार मिल रही हो, वे सीटें महिलाओं को थमा दी जाती हैं। यह सोच बदलना चाहिए। महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस की सोच पर यह प्रहार करते यह शब्द कांग्रेस सरकार में मंत्री रहीं वरिष्ठ नेता डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ के हैं। पार्टी के ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में वरिष्ठ नेताओं के सामने पूर्व मंत्री व विधायक साघौ ने मुखरता से अपनी बात मंच पर रखी। इस दौरान वे न केवल पुराने पन्ने खोलते दिखीं, बल्कि महिला आरक्षण को लेकर अपनी ही पार्टी को घेरते नजर आईं। दैनिक जागरण से चर्चा में भी उन्होंने माना कि कांग्रेस ही नहीं, सभी राजनीतिक दलों की महिलाओं को लेकर सोच यही है। हमारी पार्टी तो फिर भी महिला को बढ़ावा देने का काम कर चुकी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 1985 में पंचायतों और निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। जिस समय स्व. गांधी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की बात कही थी, तब मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सरकार के दिग्गजों में शामिल सुभाष यादव, अजय मुशरान, राजेंद्र शुक्ला, प्यारेलाल कंवर जैसे दिग्गज विरोध में आ गए थे। इन सभी की सोच थी कि इतनी महिलाएं कहां से आएंगी। प्रदेश में महिलाएं किचन और घूंघट से बाहर नहीं निकलती, 33 प्रतिशत सीटों के लिए महिला उम्मीदवार कहां से लाएंगे। मगर पहले ही चुनाव में इन धुरंधरों की सोच महिलाओं से साबित कर दी थी। प्रदेश भर में 33 प्रतिशत की जगह 38 प्रतिशत सीटों पर महिलाएं जीतकर आईं थीं। इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के जीतने पर भी इन धुरंधरों की भृकुटी तन गई थीं। जबकि उसके पहले विधानसभा चुनावों में अविभाजित मध्यप्रदेश में 32 जीतकर विधायक चुनी गई थीं। उनमें मैं भी शामिल थी।

**पार्टी को दिखाया आईना**

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में पूर्व मंत्री डॉ. साधौ द्वारा कही गई इन बातों के राजनीतिक मायने भी खोजे जाने लगे हैं। दो दिन से कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश भर से आए नेता उनकी बातों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। जबकि डॉ. साधौ का कहना है कि मैंने महिलाओं के प्रति सोच को लेकर जो बात कही थी वह हर राजनीतिक दल के संबंध में है। यह सोच आज भी कायम है। कांग्रेस सहित सभी दलों में महिलाओं के हिस्से में आमतौर पर वही सीटें आती हैं, जहां पार्टियां लगातार हारती रहती हैं। उन्होंने कांग्रेस का नसीहत दी है कि आगामी चुनावों में संगठन को अपनी सोच बदलना चाहिए। चुनौतीपूर्ण सीटों से उतारने की बजाय सुरक्षित और जिताऊ सीटों पर भी मौका देना चाहिए।

**भाजपा की मंशा पर सवाल**

राज्यसभा सांसद डॉ. साधौ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा सरकार की मंशा पर भी जमकर सवाल उठाए। उनका कहना है कि भाजपा सरकार संसद में महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन का विधेयक पारित कराना चाहती थी। पिछले चुनाव में भाजपा 400 पार नहीं हो सकी, इसलिए अब यह रास्ता अपना रही है। यदि पूर्ण बहुमत में होती तो यह रास्ता नहीं अपनाती और परिसीमन कराकर लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ा लेती और फिर महिलाओं को आरक्षण देती। डॉ. साधौ द्वारा 40 साल पुरानी बातें पार्टी के ही कहकर भाजपा को

**भाजपा को मिला पलटवार**

पलटवार का मौका दे दिया है। भाजपा विधायक और कार्यकर्ता इसे आधार बनाकर कांग्रेस को शुरू से ही महिला विरोधी साबित करने में जुट गए हैं। भाजपा के प्रवक्ता अब संसद में संविधान संशोधन बिल पारित न होने पर डॉ. साधौ की बातों को ही आधार बनाकर कांग्रेस पर हमला करने में जुट गए हैं।

### निलंबन से बहाली के एवज में 40 हजार की घूस लेते क्लर्क गिरफ्तार



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शिवपुरी नगर पालिका के निलंबित कर्मचारी को बहाल करने का झांसा देकर 40 हजार की रिश्वत लेने वाले क्लर्क को लोकायुक्त पुलिस की ग्वालियर यूनिट ने शनिवार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यहाँ पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक हरिवल्लभ चंदौरिया निलंबित चल रहे थे और उनकी नौकरी बहाल कराने के एवज में स्थापना शाखा के प्रभारी लिपिक भगवान लाल करोसिया ने 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसमें से आरोपी भगवान लाल पहली किस्त के रूप में 20,000 रुपये पहले ही ले चुका था। तय योजना के मुताबिक शनिवार को शेष 40,000 रुपये लेकर जैसे ही हरिवल्लभ आरोपी भगवान लाल के घर पहुंचा और पैसे थमाए, पहले से तैयार टीम ने उसे दबोच लिया। फिलहाल आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। टीम की गिरफ्त में आते ही क्लर्क ने दावा किया कि वह नगर पालिका के बड़े अफसरों के कहने पर ही घूस ले रहा था और उसे तो इस रकम में से छोटा सा हिस्सा ही मिलना था। अब टीम इस बात की तस्दीक के लिए क्लर्क के मोबाइल के मैसेज, बैंक खातों और कॉल रिकॉर्ड्स की भी जांच कर रही है।

# भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन का 12,098 वर्ग किमी में होगा विस्तार, 2510 गांव होंगे शामिल

## बीएमआर के लिए राज्य सरकार ने जारी किया आधिकारिक नोटिफिकेशन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन (बीएमआर) के गठन के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके साथ ही भोपाल जिले के विस्तार का रास्ता साफ हो गया। अब भोपाल जिला जल्दी ही अपने पुराने भौगोलिक स्वरूप से बाहर निकलकर एक विशाल महानगर क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार नए मेट्रोपॉलिटन रीजन का कुल दायरा 12,098 वर्ग किमी (करीब 13 हजार वर्ग किमी) होगा। इस विशाल क्षेत्र में भोपाल के साथ-साथ रायसेन, विदिशा, सीहोर, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिलों के वे हिस्से भी शामिल किए गए हैं, जो राजधानी की सीमा से सटे हुए हैं। इस पूरे क्षेत्र में कुल 2,510 गांवों को शामिल किया गया है।

**इस अधिनियम के तहत हुआ गठन**

बीएमआर का गठन मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम, 2025 के तहत किया गया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य भोपाल और उसके आसपास के जिलों में भविष्य की शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना है। उन क्षेत्रों को



प्राथमिकता दी गई है जहां आने वाले समय में शहरी फैलाव की प्रबल संभावनाएं हैं। माना जा रहा है कि इस निर्णय से भोपाल की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। अब तक भोपाल का विकास केवल जिले की सीमाओं तक ही सीमित था, लेकिन इस महानगर क्षेत्र के गठन के बाद यह दायरा काफी विस्तृत हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह न केवल बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करेगा, बल्कि आसपास के छह जिलों के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा जो अब तक उपेक्षित थे। इस योजना के क्रियान्वयन से भविष्य में बेहतर ट्रांसपोर्टेशन, आवासीय कॉलोनियों और औद्योगिक गलियारों का निर्माण करना आसान होगा।



# टीईटी की अनिवार्यता से नाराज शिक्षकों का भोपाल में सैलाब

## भेल में जुटे 50 हजार से ज्यादा शिक्षक, जून तक मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन

**जागरण, भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता से तमतमाए सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के आगे राजधानी का 41 डिग्री तापमान भी ठंडा पड़ गया। जब प्रदेश भर से हजारों की संख्या में शिक्षक भेल क्षेत्र की सड़कों पर सैलाब बनकर जमा हो गए। संख्या इतनी अधिक थी कि बगैर रैली निकाले भी सड़कों पर शिक्षकों का रैला नजर आता रहा। भोपाल पहुंचे शिक्षकों ने एक स्वर में सरकार को चेतावनी दी है कि बिना सोचे समझे जारी किया गया टीईटी का आदेश निरस्त किया जाए। सरकार अंत तक शिक्षकों के साथ मजबूती से खड़ी रहे। मांगें नहीं मानी गईं तो 5 जून से फिर क्रमिक आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। अगली बार प्रदेश के शिक्षक दिल्ली का घेराव करने में भी संकोच नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा के तहत अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने भोपाल में 50 हजार शिक्षकों के जुटने का दावा किया था। शनिवार को सुबह से ही भेल के दशहरा मैदान के आसपास शिक्षकों का सैलाब नजर आने लगा। आईएसबीटी से लेकर जम्बूरी और आसपास के सारे क्षेत्रों के गली-मोहल्लों में शिक्षक ही नजर आते रहे। बस-ट्रेनों के अलावा निजी गाड़ियों से भी शिक्षक भोपाल पहुंचे थे। भेल की सड़कों और खुले मैदानों पर शिक्षकों की गाड़ियों का रैला ही दिखता रहा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के साथ विभिन्न अध्यापक व शिक्षक संगठन भी इस प्रदर्शन में पहुंचे थे। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने एमपी नगर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



**परीक्षा लेना है तो जनगणना में मत लगाओ**

प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक संगठनों के नेताओं ने सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। संयुक्त मोर्चे के संयोजक जगदीश यादव ने कहा कि अगर सरकार परीक्षा लेना ही चाहती है तो शिक्षकों को पढ़ाई के लिए समय दिया जाए। उन्हें जनगणना जैसे कामों में न लगाया जाए। पहले से नौकरी कर रहे शिक्षकों को दोबारा पात्रता परीक्षा देने के लिए मजबूर करना गलत है। नियुक्ति के समय ही शिक्षक अपनी योग्यता और पात्रता पूरी कर लेते हैं, दोबारा 20 से 25 साल की सेवा के बाद नई शर्तें थोपना अन्याय है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से 90 से 95 प्रतिशत तक शिक्षक प्रभावित हुए हैं। खासकर वे शिक्षक जो पहले अध्यापक थे और बाद में शिक्षक संवर्ग में शामिल हुए। इन संवर्ग को सरकार आज तक पूरा लाभ तो दे नहीं सकी है, अब परीक्षा की अनिवार्यता लगाकर परेशान किया जा रहा है। शिक्षकों की नाराजगी इस बात से ज्यादा है कि जब पुनर्विचार याचिका दायर कर दी गई है तो मार्च में जारी किया गया टीईटी का आदेश स्थगित किया जाना चाहिए। सभा को मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मनोहर दुबे, जगदीश यादव, भरत पटेल, राकेश दुबे, परमानंद यादव, डीके सिंगोर, राकेश नायक, शिल्पी डहरिया आदि ने संबोधित किया।

# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी चौधरी ने जिला प्रभारियों से दो महीने में मांगी निष्क्रिय ब्लॉक अध्यक्षों की रिपोर्ट

**जागरण, भोपाल।** निचले स्तर तक संगठन के सृजन और समन्वय बढ़ाने में जुटी कांग्रेस ने सभी जिला प्रभारियों को नए टारगेट सौंपे हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने शनिवार को सभी जिला प्रभारियों की बैठक लेकर विधानसभा प्रभारियों और ब्लॉक अध्यक्षों के बीच तालमेल बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। सभी प्रभारी अपने-अपने जिले में ब्लॉक अध्यक्षों की मानीटरिंग करेंगे और दो महीने के भीतर निष्क्रिय अध्यक्षों की रिपोर्ट संगठन को देंगे। रिपोर्ट में निष्क्रिय मिलने वाले ब्लॉक अध्यक्षों को तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

पीसीसी में चले बैठकों के दौर में प्रदेश प्रभारी ने पहले सभी जिला प्रभारियों की संयुक्त बैठक ली। इसमें 61 में से चार जिलों के प्रभारी गैर हाजिर रहे। फिर सभी से अलग-अलग चर्चा कर प्रदेश प्रभारी ने संगठन की कमजोरी व मजबूती पर चर्चा की। संयुक्त बैठक में सभी को तीन सूत्रीय कार्य सौंपे गए। इनमें प्रभारियों को जिले में समन्वय बनाते हुए नए ब्लॉक अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारी के बीच समन्वय की मॉनीटरिंग करना है। हर ब्लॉक में मंडलम और सेक्टर की टीम को सक्रिय करते हुए मतदाताओं से जीवंत संपर्क पर जोर देना है। चौधरी ने कहाकि संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विधानसभा प्रभारियों और ब्लॉक अध्यक्षों के बीच समन्वय जरूरी है। जहां समन्वय की कमी है, वहां लगातार संपर्क करें।




**वरिष्ठ नेता भी पहुंचे**

प्रदेश प्रभारी चौधरी की मौजूदगी के कारण पार्टी के वरिष्ठ नेता भी दिन भर पीसीसी में मौजूद रहे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद प्रजापति, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी पीसीसी पहुंचे।

**विस आधारित होंगे कार्यक्रम**

धरातल स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को गति देने के लिए कांग्रेस अब विधानसभा क्षेत्र आधारित कार्यक्रमों पर फोकस करेगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी, अध्यक्ष, मंडलम व सेक्टर को आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा। बूथ कमेटियों के गठन के साथ ही मोहल्ला और पंचायत कमेटी भी बनाई जाएंगी। ताकि हर घर तक कार्यकर्ताओं का सतत संपर्क बने। मंडलम व सेक्टर से लेकर बूथ व पंचायत स्तर तक की कमेटियों के सत्यापन की जिम्मेदारी भी संगठन ने जिला प्रभारियों को सौंपी है।

### खाद्य विभाग में लाए जाएं वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मप्र सहित देश में अव्यवस्था से सालाना 5000 करोड़ का खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है। राज्यों में वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन का सहकारिता विभाग में होना है, जबकि नियमानुसार इन्हें खाद्य विभाग में होना चाहिए। इस बड़ी खामी सहित अन्य अनियमितताओं को देखते हुए ऑल इंडिया वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एंप्लॉय फेडरेशन ने देश के गृह मंत्री और खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर इन अनियमितताओं को सुधारने की मांग की है। देश के सभी खाद्य विभाग से संबंधित निगम मंडलों की राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है, ताकि खाद्यान्न की बर्बादी के कारणों और जिम्मेदार तत्वों का पता लगाया जा सके। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल वाजपेयी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रणाली और भंडारण व्यवस्था में परिवर्तन होना चाहिए। साथ ही धान-गेहूं खरीद की नीति को देशभर में एक समान करने और भंडारण व्यवस्था में सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही देश के सभी राज्यों के निगम मंडलों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार के अधीन एक नया केंद्रीय उपक्रम बनाने की मांग की है।

**अभियान** प्रदेश में 38 हजार 491 लोगों ने की स्व-गणना, 13 हजार 904 लोगों ने भी पोर्टल पर आवेदन के लिए किया लॉग इन

# स्व-गणना में मंदसौर आगे, 3 दिन में 4595 लोगों ने पूरा किया काम

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में 16 अप्रैल से शुरू हो रही जनगणना कार्य के दौरान केवल तीन दिनों में ही 38 हजार 491 लोगों ने ऑनलाइन पोर्टल के जरिए स्व-गणना का काम पूरा कर लिया है। जबकि 13 हजार 904 लोगों ने पोर्टल पर लॉग इन किया है, जो एक दो दिन में अपनी जानकारी स्व गणना पोर्टल पर दर्ज करवा देंगे। इस तरह से तीन दिनों में ही 52 हजार 395 लोगों ने स्व-गणना के लिए पोर्टल पर आवेदन किया है। बता दें कि स्व-गणना पोर्टल पर गुरुवार से ही ऑनलाइन जानकारी दर्ज की जा रही है। नागरिक 30 अप्रैल तक स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। जिसमें वे स्वयं का और अपने परिवार का विवरण पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 1 मई से 30 मई तक कर्मचारियों की ओर से घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। स्व-गणना के तहत मंदसौर जिला प्रदेश में फिलहाल सबसे अव्वल है। मंदसौर के 4 हजार 595 लोगों ने स्व-गणना का कार्य पूर्ण किया है, जबकि दूसरे स्थान पर सागर है, जहां 3153 लोगों ने स्व-गणना कार्य किय है, जबकि तीसरे स्थान पर भोपाल है। राजधानी के 2 हजार 405 लोगों ने स्वगणना का कार्य पूरा कर लिया है।



**30 अप्रैल तक इस तरह कर सकते हैं स्व-गणना**

राज्य का चयन कर परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। बता दें कि एक बार विवरण पोर्टल पर दर्ज होने के बाद मुखिया का नाम और चयनित भाषा को बदला नहीं जा सकिगा। इसके बाद मैप पर अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान को चिन्हित करना होगा। इस के बाद प्रश्नवाली में मकान सूचीकरण से संबंधित जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना होगी।

**यह हैं प्रदेश के टॉप 10 जिले**

| जिले का नाम | स्व-गणना कार्य पूर्ण | स्व-गणना कार्य शुरू |
|---|---|---|
| 1. मंदसौर | 4595 | 900 |
| 2. सागर | 3153 | 658 |
| 3. भोपाल | 2405 | 862 |
| 4. राजगढ़ | 2197 | 579 |
| 5. इंदौर | 2030 | 799 |
| 6. जबलपुर | 1926 | 590 |
| 7. उज्जैन | 1511 | 758 |
| 7. दमोह | 1262 | 299 |
| 9. उमरिया | 1032 | 103 |
| 10. छिंदवाड़ा | 1004 | 316 |

**बाद में स्व-गणना आईडी का करवाना होगा सत्यान**

सारा डेटा पोर्टल पर दर्ज होने के बाद 11 अंकों की एक स्व-गणना पहचान संख्या या सेल्फ एन्युमरेशन आईडी (एसई आईडी) मोबाइल और ईमेल पर मिलेगी। इस एसई आईडी का सत्यापन करवाना जरूरी होगा। जब जनगणना प्रगणक घर-घर पहुंचकर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करेंगे। तब स्व-गणना करने वाले नागरिक अपनी एसई आईडी उनके साथ साझा कर सकते हैं। यदि आईडी का मिलान प्रगणक कर लेते हैं, तो डेटा को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया जाएगा।

# प्रदेश में गेहूं घोटाला कर रहा है मप्र-उप्र का सिंडिकेट : डॉ. सिंह

## पैसे लेकर बनाए गए खरीदी केंद्र, एमपी में बिक रहा यूपी का गेहूं

**जागरण, भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी में खाद्य अधिकारियों और भाजपा नेताओं की मिलीभगत से बड़े घोटाले के आरोप लगाए हैं। डॉ. सिंह का कहना है कि भिंड जिले के लहार और रौन क्षेत्र में तो यूपी-एमपी का सिंडिकेट लूट मचाए हुए है। प्रदेश में बड़ी मात्रा में उत्तर प्रदेश का गेहूं बेचा जा रहा है। सरकार को निष्पक्ष जांच कर मामले के दोषियों की संपत्ति कुर्क करना चाहिए, यदि सरकार ने मांग नहीं मानी तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन चलाएंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने शनिवार को राजधानी में मीडिया से चर्चा के दौरान सिंडिकेट द्वारा गेहूं बिक्री का वीडियो भी दिखाया। उप्र में गेहूं की बाजार कीमत 2100 रुपए है, जबकि मध्यप्रदेश में बोनस मिलाकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर गेहूं खरीदी हो रही है। इसी अंतर का फायदा उठाकर यूपी का सस्ता गेहूं फर्जी पंजीयन के जरिए एमपी के केंद्रों पर खपाया जा रहा है। डॉ. सिंह ने लहार के उपार्जन केंद्र का घोटाला उजागर करते हुए बताया कि यहां किसानों द्वारा स्लॉट बुक करने से पहले ही 4 से 5 हजार क्विंटल गेहूं भरा मिला। नागरिक आपूर्ति निगम का बारदाना (बोरियां) माफियाओं तक पहुंच गया। सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा की गई छापामारी में हजारों क्विंटल गेहूं पकड़ाया था। मजदूर बोरियों में भरने में जुटे थे। इसके पहले भिंड जिले की सहकारी समिति अमाहा के सचिव भी पकड़ा जा चुका है। डॉ. सिंह का आरोप है कि बीजेपी के मंडल अध्यक्ष ने दतिया जिले से गेहूं खरीदकर भिंड जिले में बेचा है। एक वीडियो दिखाते हुए डॉ. सिंह ने दावा किया कि 5-5 लाख की रिश्वत लेकर उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया वोटर लिस्ट केस
## पुराना मामला अब जांच किसके खिलाफ: कोर्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की राऊज एवेन्यु कोर्ट में शनिवार को सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों से कहा है कि वे एक हफ्ते के अंदर अपनी लिखित दलीलें जमा करें। अगली सुनवाई 16 मई को होगी। मामले से जुड़े शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी का आरोप है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में वोटर लिस्ट में जुड़ गया था। जबकि वे 1983 में भारतीय नागरिक बनीं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा- अगर 1980 में नाम जुड़ा और 1983 में नागरिकता मिली, तो इसे कैसे समझाया जाएगा। इतना पुराना मामला है, अब जांच किसके खिलाफ होगी?

## पुंछ में एलओसी के पास धमाका, सैनिक घायल



**पुंछ, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास गांव में शनिवार को लैंडमाइन धमाके में सेना का जवान घायल हो गया। धमाका बालाकोट इलाके में सेना के एक दस्ते के एरिया डोमिनेशन पेट्रोल (इलाके पर गश्त) के दौरान हुआ, जिसमें एक अग्निवीर घायल हो गया। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। घुसपैठ रोकने के लिए सीमावर्ती इलाकों में जगह-जगह लैंडमाइन बिछाए जाते हैं, जो कभी-कभी बारिश के पानी के साथ बह जाते हैं, जिसके कारण इस तरह की दुर्घटनाएं हो जाती हैं। एक अलग अभियान में, बलनोई इलाके के साग्रा सीमावर्ती गांव में सेना ने जंग लगा मोर्टार गोला देखा। इसे बाद में सेना के विशेषज्ञों ने नियंत्रित धमाके के जरिए नष्ट कर दिया।

## नोएडा आंदोलन: ठेकेदारों को नोटिस, 10 लाइसेंस निरस्त

**नोएडा, जेएनएन।** नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन के बाद से अनियमितता कर रहे संविदाकारों पर श्रम विभाग एक बाद एक नकेल कसता जा रहा है। अपर श्रमायुक्त ने ऐसे 43 संविदाकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है तो वहीं 10 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए। अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में औद्योगिक क्षेत्रों में शांति बनी रहे और कामगारों के साथ नियमों के विरुद्ध काम करने वाले संविदाकारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। विभाग प्रवर्तन की टीम को अलग अलग हिस्सों में भेजकर ऐसे संविदाकारों को चिह्नित कर उनकी जांच कर रहा है और अनियमितता पाने पर उन पर कार्रवाई की जा रही है। जांच में श्रम कानून उल्लंघन करने वाले 10 संविदाकार पाए गए जिन्हें काली सूची में डाला जाएगा।

## व्हाट्सएप में आएगा स्नैपचैट जैसा फीचर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** व्हाट्सएप एक बार फिर सुर्खियों में है और इस बार वजह है इसका नया प्राइवेसी-फोकस्ड फीचर, जो यूजर्स को इस बात पर ज्यादा कंट्रोल देगा कि उनके मैसेज कितनी देर तक दिखाई देंगे। व्हाट्सएप की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेटा के स्वामित्व वाला ये मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एक ऐसे ऑप्शन पर काम कर रहा है जिससे मैसेज रिसीवर द्वारा पढ़े जाने के बाद ऑटोमैटिकली गायब हो जाएंगे। फिलहाल, ये फीचर अभी डेवलपमेंट फेज में है और इसे हाल ही के एंड्रायड बीटा बिल्ड्स में देखा गया है। अगर आप सोच रहे हैं कि व्हाट्सएप तो पहले से ही 24 घंटे, 7 दिन और 90 दिन जैसे फिक्स्ड ड्यूरेशन वाले डिसअपियरिंग मैसेज ऑफर करता है, तो फिर ये नया फीचर अलग कैसे है? यूजर्स अब मैसेज को खुलने के कुछ ही देर बाद गायब होने के लिए सेट कर पाएंगे, ठीक वैसे ही जैसे स्नेपचैट में होता है।

## टीसीएस नासिक केस- आरोपी निदा खान फरार



**मुंबई, जेएनएन।** नासिक के टीसीएस ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी निदा खान 8 दिन से फरार है। पुलिस के मुताबिक, उसे ढूंढने के लिए तीन अलग-अलग टीमें बनाई गईं हैं। निदा के पति को शुक्रवार को पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया। पति ने बताया था कि निदा एक रिश्तेदार के घर पर रुकी हुई है, लेकिन जब अधिकारी वहां पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ था। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसके रिश्तेदारों दोनों के मोबाइल फोन भी बंद हैं। उधर टीसीएस कंपनी ने भी इंटरनल जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने बताया कि किसी भी पीड़ित ने कंपनी की प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट पॉलिसी के तहत कभी कोई लिखित शिकायत नहीं की।



## नासा ने कैद की सहारा की आंख की तस्वीर

सहारा रेगिस्तान के बीच स्थित एक रहस्यमयी गोलाकार संरचना ने दशकों से वैज्ञानिकों को हैरान कर रखा है। नासा की अर्थ ऑब्जर्वेटरी ने उन्नत सैटेलाइट तकनीक से इस अनोखी भूवैज्ञानिक बनावट को स्पष्ट रूप से कैद किया है। इसे रिचैट स्ट्रक्चर या सहारा की आंख के नाम से जाना जाता है। यह उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के मॉरिटानिया देश में स्थित है। यह संरचना लगभग 40 किलोमीटर व्यास वाली है और ऊपर से देखने पर एक विशाल बैल की आंख या बटनहोल जैसी दिखाई देती है। पहले इसे किसी उल्कापिंड के टकराने से बने गड्ढे समझा जाता था, लेकिन यह एक प्राकृतिक भूवैज्ञानिक प्रक्रिया का नतीजा है। हाल ही में नासा के लैंडसैट 8 और 9 उपग्रहों से ली गई तस्वीरों में इस संरचना को और स्पष्ट रूप से दिखाया है। आसपास रंग-बिरंगे रेत के टीले, गहरी घाटियां और सूखी नदी धाराएं भी दिखाई देती हैं। यह संरचना पृथ्वी की सतह को आकार देने वाली भूवैज्ञानिक शक्तियों—जैसे उठाव, कटाव और आग्नेय गतिविधि—का शानदार उदाहरण है। नासा की यह तस्वीर न केवल वैज्ञानिकों के लिए उपयोगी है। बल्कि आम लोगों को भी पृथ्वी के अद्भुत इतिहास से जोड़ती है।

# महिला आरक्षण से जुड़ा बिल गिरने पर संसद के बाद सड़क पर उतरी 'सरकार'

### राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, भाजपा के 3 सांसद गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला सांसदों के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत को हिरासत में लिया गया। बाद में छोड़ दिया गया। दरअसल सरकार शुक्रवार को लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया। इसके जरिए संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था।

**भारतीय जनता पार्टी के सांसद हिरासत में:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास तक विरोध मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस ने शनिवार को तीन भाजपा सांसदों को हिरासत में लिया है। इन सांसदों में बांसुरी स्वराज भी शामिल हैं। भाजपा सांसदों ने यह मार्च लोकसभा में संविधान विधेयक असफल होने के एक दिन बाद निकाला था। कांग्रेस सांसद तमिलनाडु में एक चुनावी रैली में शामिल होने पहुंचे थे।

**भाजपा डर को हथियार बनाकर सत्ता में काबिज :डिंपल:** सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा, ये लोग समाज को बांटने वाले हैं। इन्होंने हमेशा समाज में फूट, अविश्वास और डर पैदा किया है और इसी हथियार के दम पर ये सत्ता में बने रहे हैं। अब लोग इनकी इस चाल को समझ चुके हैं।



विधेयक के गिरने के विरोध में आंध्र प्रदेश सीएम चंद्रबाबू नायडू ने निदावोलु में प्रदर्शन किया। इसमें टीडीपी, जन सेना और भाजपा दलों के नेताओं व कार्यकर्ता भी शामिल हुए।



**शिवसेना महिला विंग का प्रदर्शन:** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पारित न हो पाने पर दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया।

### अधिकार न देकर जश्न मनाना गलत: रिजिजू



रिजिजू ने कहा- हम लोग दुखी है यह नुकसान पार्टियों को हुआ इससे दुखी नहीं है, देश की महिलाओं के लिए दुखी हैं। यह पार्टी की असफलता नहीं है महिलाओं को अधिकार न देकर जश्न मनाना सही नहीं है। इससे बढ़ी महिला विरोधी मानसिकता नहीं हो सकती।

### विपक्षियों ने महिलाओं को चुनौती दी है: मनोज



सांसद मनोज तिवारी ने कहा- मेरा मन बहुत रो रहा है। कल जब संसद में बिल पास नहीं हो पाया तो आपने पीएम मोदी का चेहरा देखा होगा कि उन्होंने अपने दर्द और आंसुओं को कैसे काबू में रखा। विपक्षी दलों ने इस देश की महिलाओं को चुनौती दी है। महिलाएं उन्हें जवाब देंगी।

### कल हमने संसद में बिल को हरा दिया: राहुल गांधी



तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रैली में राहुल ने कहा- कल संसद में वे एक नया बिल लेकर आए थे लेकिन वे 2023 में ही महिला बिल पास कर चुके थे। उस बिल के पीछे परिसीमन छिपा हुआ था। कल हमने संसद भवन में उस बिल को हरा दिया।

### हम महिला विरोधी नहीं: खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हम महिलाओं के विरोधी नहीं हैं, और हम लंबे समय से महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। हमने 2023 के संशोधन का सर्वसम्मति से समर्थन किया और उसे पास किया।

### दिल्ली की सीएम ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की तरफ से आयोजित किया गया था।

**सरकार का एजेंडा कल फेल हो गया :वेणुगोपाल:** कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने कहा, हमने 2023 का महिला आरक्षण अधिनियम पहले ही सर्वसम्मति से पास कर दिया था। महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने का उनका एजेंडा कल फेल हो गया क्योंकि वे अपनी सुविधा के हिसाब से परिसीमन करना चाहते हैं।

### तमिलनाडु में राहुल बोले- मोदी कम्प्रोमाइज्ड पीएम
## डीएमके के कारनामे जनता अब जान चुकी है: पीएम मोदी



**कोलकाता/नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, डीएमके के कृत्य अब बहुत अच्छे से एक्सपोज हो चुके हैं। जनता डीएमके के काले कारनामे अच्छे से जान चुकी है। झूठ फैलाने से डीएमके के काले कारनामे छिपने वाले नहीं हैं। लोग एक स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि एनडीए इन, डीएमके आउट। यहां महिलाएं अपराधियों से सुरक्षित नहीं हैं। अब डीएमके की इस महिला विरोधी मानसिकता का जवाब निश्चित रूप से दिया जाएगा। डीएमके संसद में भी महिलाओं के साथ खड़ी नहीं होती, लेकिन अब उसकी महिला-विरोधी सोच को चुनौती दी जाएगी। वहीं, शनिवार को तमिलनाडु में राहुल गांधी ने पहली चुनावी रैली की। पोन्नेरी में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- धरती पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो तमिलनाडु या तमिल भाषा को जरा भी नुकसान पहुंचा सके।

*तमिलनाडु के थुरैयूर में चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी संसद में विपक्ष की आंखों में नहीं देख सकते। वह एक कम्प्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री हैं।*

### ममता ने बंगाल को बर्बाद कर दिया: हिमंता



असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने ने वोटों के लिए बंगाल की जमीन बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दी है। कलिम्पोंग में एक रैली के दौरान हिमंता ने कहा कि जब से ममता सीएम बनी हैं, उन्होंने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।

### भाजपा का पतन कल से शुरू हो गया: ममता



बंगाल के उलुबेरिया में चुनावी रैली में ममताने कहा कि भाजपा का पतन कल से शुरू हो गया है। हम पिछले कई दशकों से महिलाओं के आरक्षण के मुद्दे की वकालत करते आ रहे हैं। यह महिलाओं के आरक्षण का बिल नहीं था, इसका संबंध परिसीमन से था।

### महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से 4 संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से आईईडी और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है। आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में आईईडी फिट करने की तैयारी में थे। जांच में सामने आया कि शेख इमरान दिसंबर 2025 में दिल्ली गया था। उसने लाल किला और इंडिया गेट जैसे जगहों की रेकी की थी। एजेंसियों के अनुसार, इन लोगों ने राम मंदिर, संसद भवन और सैन्य ठिकानों जैसे बड़े टारगेट पर हमले की भी चर्चा की थी।

## नीतू की नातिन का होगा ग्रैंड डेब्यू



नीतू कपूर को तो आपने स्क्रीन पर कई दफा धमाल मचाते देखा होगा, लेकिन इस बार नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर और नातिन समारा संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। नीतू कपूर और कपिल शर्मा स्टारर फिल्म दादी की शादी से रिद्धिमा अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। फिल्म का नया गाना सेंटी रिलीज हो चुका है। गाने में नीतू कपूर की 15 साल की नातिन समारा की झलक देखकर फैंस खुशी से गदगद हो गए हैं। फिल्म का पोस्टर भी जारी हो चुका है। दरअसल, सेंटी गाने में कपूर परिवार की तीन जनरेशन एक साथ नजर आ रही हैं। गाने में नीतू कपूर के साथ उनकी लाडली बेटी रिद्धिमा साहनी और 15 साल की नातिन समारा की झलक भी देखी जा सकती है। नीतू कपूर बेटी रिद्धिमा और नातिन समारा संग धमाकेदार डांस करती हुई दिखाई दीं। फिल्म के गाने में समारा की झलक देखकर फैंस खुशी से गदगद हो गए हैं।

## ईरान ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला एयरस्पेस

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान ने शनिवार को अपने एयरस्पेस को आंशिक रूप से खोलते हुए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को सीमित राहत दी है। ईरान के सिविल एविएशन अथॉरिटी के मुताबिक, देश के पूर्वी हिस्से का एयरस्पेस अब ट्रांजिट फ्लाइट्स के लिए खोल दिया गया है। साथ ही कुछ एयरपोर्ट्स को भी दोबारा ऑपरेशन की इजाजत दे दी गई है। हालांकि, इस ऐलान के कई घंटे बाद तक जमीनी स्थिति में बड़ा बदलाव नजर नहीं आया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट्स के डेटा के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अब भी ईरान के ऊपर से गुजरने से बच रही हैं और लंबा डिटूर लेकर अपने डेस्टिनेशन तक पहुंच रही हैं। इससे साफ है कि एयरस्पेस खुलने के बावजूद एयरलाइंस अभी पूरी तरह भरोसा नहीं जता पा रही हैं।

## एआई से डरने की जरूरत नहीं, सचेत रहना होगा: सीजेआई



**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कृत्रित बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इससे डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन संतुलन के साथ इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। न्यायपालिका में इसके इस्तेमाल को अपनाने पर जोर देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि टेक्नोलॉजी को मददगार के रूप में लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एआई की सीमाओं को लेकर सचेत रहने का भी आग्रह किया। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में ज्यूडिशरी में एआई के इस्तेमाल को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में सीजेआई ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल करते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी है। इससे न्यायपालिका का काम आसानी के साथ और जल्दी निपट सकता है। लेकिन किसी भी केस पर फैसला इंसानी सोच, संवैधानिक समझ और अनुभव के आधार पर ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वह एआई से अपनी सोच को प्रभावित न होने दें, न्याय के मामले में अपनी सोच की स्वतंत्रता को बनाए रखें।

मुख्य न्यायाधीश जिस कार्यक्रम में यह बातें कह रहे थे। उसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना और अरविंद कुमार, और कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

एआई टूल्स को एक पेचीदा केस की तरह लें

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई से डरना नहीं चाहिए। जब आपके सामने बहुत जटिल तथ्यों और कानून के पेचीदा सवालों से जुड़ा कोई मामला आता है, तो आप क्या करते हैं? आप अधिक सोच-विचार करते हैं, अधिक समय लगाते हैं, अधिक धैर्य रखते हैं, और ऐसे मामले का फैसला करते समय आपको संतुष्टि का अनुभव होता है। उन्होंने आगे कहा, यही बात एआई टूल्स के साथ भी लागू होगी जब हम उनका सावधानीपूर्वक और सचेत रूप से उपयोग करना शुरू करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र रहे और इन तकनीकी उपकरणों से प्रभावित न हों।

**अध्यात्म**

### गैलप की सर्वे रिपोर्ट: डिजिटल दौर में आध्यात्मिक हो रहे हैं युवा
# अमेरिकी जेन-जी लड़कों का धर्म के प्रति झुकाव बढ़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कई सालों से अमेरिका भर के पादरियों ने अपने चर्चों में युवा पुरुषों की संख्या लगातार बढ़ती देखी है। इन नए आने वाले लोगों का स्वागत तो हो रहा है, लेकिन उनकी यह बढ़ती रुचि अभी भी रहस्य बनी हुई थी। लेकिन अब गैलप के नए सर्वे ने इन अनुभवों को ठोस आंकड़ों के साथ पुष्टि कर दी है। सर्वे के अनुसार, 30 साल से कम उम्र के पुरुषों में 42 प्रतिशत लोग कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है। यह आंकड़ा 2023 में सिर्फ 28 प्रतिशत था। यह तेज बढ़ोतरी धर्म नेताओं और विद्वानों को हैरान कर रही है।

**युवा महिलाओं में कम हुआ धर्म का महत्व:** पहले दशकों तक हर सर्वे में यही दिखता था कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा धार्मिक होती हैं। लेकिन गैलप के इस नए सर्वे ने एक बड़ा उलटफेर दर्ज किया है। 18 से 29 साल की युवा महिलाओं में धर्म का महत्व घट गया है, जबकि युवा पुरुषों में यह काफी बढ़ गया है। अब युवा महिलाएं सभी आयु वर्गों में सबसे कम धार्मिक पाई गई हैं। वे 65 साल से ऊपर की महिलाओं की तुलना में आधे से भी कम कहती हैं कि धर्म उनके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। गैलप के वरिष्ठ पोलस्टर फ्रैंक न्यूपोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत शक्तिशाली ऐतिहासिक निष्कर्ष है। उन्होंने बताया कि 1950 के दशक से अब तक धर्म के अध्ययन में सबसे स्थायी बात यही थी कि महिलाएं पुरुषों से ज्यादा धार्मिक होती हैं। टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी के 21 वर्षीय छात्र मेसन गुब्सर इसी बदलाव का अच्छा उदाहरण हैं। वे पेट्रोलियम इंजीनियरिंग पढ़ रहे हैं। ह्यूस्टन के बाहर रहते हुए उन्हें फोन पर स्क्रॉल करने वाली जिंदगी से




**धर्म और राजनीति का गहरा संबंध:** यह लिंग भेद अब राजनीति से भी जुड़ता दिख रहा है। ईसाई पहचान तेजी से दक्षिणपंथी विचारों से जुड़ रही है। सर्वे के मुताबिक, युवा रिपब्लिकन पुरुष और महिलाएं दोनों में हर महीने चर्च जाने की संख्या बढ़ी है। डेमोक्रेट युवा पुरुषों में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन युवा डेमोक्रेट महिलाएं एकमात्र समूह हैं जिनमें धार्मिक उपस्थिति नहीं बढ़ी।

### कैथोलिक और ऑर्थोडॉक्स चर्चों में बढ़ोतरी

देश भर के कैथोलिक चर्च नए सदस्यों की आमद बता रहे हैं। कई ऑर्थोडॉक्स चर्चों में भी उपस्थिति और सदस्यता बढ़ रही है, जिसमें युवा पुरुषों की बड़ी भूमिका है। बाइबिल की बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है। 2025 में प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे के अनुसार, लंबे समय की गिरावट के बाद अमेरिका में ईसाई आबादी अब स्थिर हो गई है। 2000 से 2006 के बीच जन्मे युवाओं की धार्मिक पहचान उनके ठीक ऊपर वाले समूह के बराबर है। गैलप सर्वे भी बताता है कि अमेरिका में धर्महीनता की बढ़ोतरी अब रुक रही है।

## इंसान के मस्तिष्क की गतिविधियों को ट्रिगर करते हैं आर्टिफिशियल न्यूरॉन्स



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल न्यूरॉन्स और न्यूरोमॉर्फिक तकनीक वास्तव में मानव मस्तिष्क की गतिविधि को ट्रिगर करने, नकल करने और समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वैज्ञानिक ऐसे न्यूरोमॉर्फिक डिवाइस विकसित कर रहे हैं, जो मानव मस्तिष्क के 100 अरब न्यूरॉन्स और सिनैप्स के काम करने के तरीके की नकल करते हैं। ये इलेक्ट्रॉनिक सर्किट मस्तिष्क के विद्युत संकेतों को दोहरा सकते हैं।

कृत्रिम न्यूरॉन्स जैव-संगत मेमरिस्टर का उपयोग करते हैं, जो जैविक न्यूरॉन्स के वोल्टेज पर काम करते हैं। ये सीधे तौर पर जैविक न्यूरॉन्स के साथ संवाद कर सकते हैं। इन कृत्रिम न्यूरॉन्स को जैविक तंत्रिकाओं के साथ एकीकृत करके 'हाइब्रिड कृत्रिम सिनैप्टिक रिफ्लेक्स आर्क' बनाए जा सकते हैं। न्यूरोमॉड्यूलेशन कृत्रिम कोशिकाएं न्यूरॉन की गतिविधियों को नियंत्रित और विनियमित करने की क्षमता रखती हैं, जिससे न्यूरॉन पुनर्वास और मस्तिष्क संकेत डिकोडिंग में मदद मिल सकती है।

### बीमारी के पैटर्न को समझना

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एल्गोरिदम के जरिए ब्रेन स्कैन का विश्लेषण करने से पता चलता है कि मानसिक बीमारियों में न्यूरॉन्स की सक्रियता का एक विशेष पैटर्न होता है, जिसे कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क द्वारा पहचाना जा सकता है। यानी ये तकनीकें न केवल मस्तिष्क की नकल करती हैं, बल्कि मस्तिष्क की गतिविधियों को सक्रिय रूप से ट्रिगर और मॉड्यूलेट भी कर सकती हैं।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**शिवराज सिंह**
केंद्रीय कृषि मंत्री

कृषि सचिव और वरिष्ठ अधिकारी किसानों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करें। हमारे लिए किसान हित सर्वोपरि है और संभावित अल नीनो के प्रभाव को लेकर सरकार तैयार है। मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 2026 के मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना जताई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अब केवल 10 शराब दुकानों की नीलामी शेष

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों की नीलामी अब अपने अंतिम दौर में है। विभाग द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की 3,553 शराब दुकानों में से 3,543 वाइन शॉप की नीलामी हो चुकी है और अब केवल 10 दुकानें शेष बची हैं। इन बची हुई दुकानों का आरक्षित मूल्य लगभग 87 करोड़ रुपये है, जिन्हें नीलाम करने के लिए विभाग ने पहले ही 21 ऑफर होल्ड पर रखे हैं। गौरतलब है कि अंतिम दौर में शेष रह गई दुकानों की रिजर्व प्राइस में सरकार ने 45 फीसदी तक की कटौती की है। शनिवार को नीलामी के 21वें राउंड के बाद सरकार को अब तक वाइन शॉप की नीलामी से 18,649 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिला है। यह पिछले साल के वार्षिक मूल्य 16,627 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब 12.61 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस वित्त वर्ष के लिए सरकार ने कुल 20,280 करोड़ रुपये के कलेक्शन का टारगेट रखा था। शनिवार को ही विभाग ने 44 दुकानों की नीलामी कर 173 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। अब विभाग की पूरी कोशिश अगले कुछ दिनों में उन 10 दुकानों के ठेके आवंटित करने की है, जो अब तक न बिकने के कारण आबकारी विभाग को ही चलानी पड़ रही हैं।

### ट्रेन में छूटी शेरवानी आरपीएफ ने लौटाई

**जागरण, ग्वालियर।** शादी का घर, खुशियों का माहौल और ऐन वक्त पर दूल्हे की शेरवानी और पगड़ी ही गायब हो जाए, तो सोचिए क्या बीतेगी? कुछ ऐसा ही हुआ उप्र के बलरामपुर के रहने वाले अमन कुमार के साथ, लेकिन एमपी की ग्वालियर आरपीएफ की मुस्तैदी ने 'दूल्हे राजा' की बड़ी मुश्किल आसान कर दी। मामला ग्वालियर रेलवे स्टेशन का है। यूपी के बलरामपुर निवासी अमन कुमार अपनी शादी के लिए साबरमती एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। हड़बड़ी ऐसी कि ग्वालियर स्टेशन पर उतरकर उन्होंने झांसी के लिए दूसरी ट्रेन तो पकड़ ली, लेकिन अपना मुख्य बैग साबरमती एक्सप्रेस के कोच नंबर रू-1 में ही भूल गए। झांसी पहुंचने पर जब अमन को एहसास हुआ कि उनकी शेरवानी और पगड़ी वाली बैग ट्रेन में ही रह गई है।

### टीकमगढ़ में कुएं में मिले मां बेटे के शव



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलसी गांव में एक महिला और उसके दो साल के बेटे का शव कुएं में मिला। ग्रामिणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना के बाद मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। भेलसी निवासी काशीबाई पत्नी राहुल लोधी और उनके दो साल के पुत्र अभिराज के शव गांव के एक कुएं में मिले। बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे मृतका के भाई सुंदर लोधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बहन और भांजे की हत्या कर कुएं में फेंका गया है। उन्होंने बताया कि बहन के चेहरे पर चोट के निशान थे।

### लक्ष्मीपति कॉलेज में ओपन कैंपस का सफल आयोजन



**भोपाल।** लक्ष्मीपति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस खजूरी कला भोपाल में ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रोजगार युवा संगम एवं अनुदीप फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव,संस्थान के चेयरमैन ओ पी बंसल एवम सीईओ डा संजय बंसल की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

# उप्र-बिहार के बाद मप्र की जेलों में सबसे ज्यादा कैदी, सलाखों में कैद हैं 42 हजार बंदी

## आबादी में प्रदेश पांचवें स्थान पर, लेकिन कैदियों की संख्या में तीसरे

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।**

आबादी के लिहाज से मध्य प्रदेश भले ही देश का पांचवे नंबर पर आए लेकिन जेलों में बंद कैदियों की संख्या के मामले में यह टॉप थ्री में है। एमपी की जेलों में फिलहाल 42,697 बंदी सलाखों के पीछे हैं। जेल मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 82,231 बंदी हैं, जबकि दूसरे नंबर पर बिहार है, जहां इस समय 50,294 कैदी कारागार में हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक यूपी में लगभग 20 करोड़, महाराष्ट्र में 11.2 करोड़, बिहार में 10.4 करोड़ और पश्चिम बंगाल की जनसंख्या 9.1 करोड़ थी। इसके बाद एमपी का नंबर है, जिसकी आबादी लगभग 7.2 करोड़ थी। जनसंख्या के हिसाब से कैदियों की संख्या को देखा जाए तो एमपी से बेहतर स्थिति महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की रही है। जनसंख्या में दूसरे स्थान पर मौजूद महाराष्ट्र की जेलों में केवल 39,205 कैदी हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की आबादी एमपी से करीब 2 करोड़ अधिक होने के बावजूद वहां बंदियों की संख्या मात्र 24,422 है।




### पंजाब और हरियाणा छोटे राज्य, लेकिन बड़ा आंकड़ा

देश की जेलों में बंद कैदियों के ताजा आंकड़ों ने एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। ये आंकड़े उस धारणा के ठीक उलट हैं कि जिस राच्य की आबादी या आकार बड़ा होगा, वहां कैदियों की संख्या भी अधिक होगी। भौगोलिक आकार के नजरिए से देखें तो पंजाब और हरियाणा काफी छोटे राच्य हैं, लेकिन यहां कैदियों की संख्या काफी च्यादा है। पंजाब में यह आंकड़ा 34,245 है, जबकि हरियाणा में 25,752 बंदी जेलों में हैं। क्षेत्रफल के नजरिए से देश के सबसे बड़े प्रांत राजस्थान में केवल 25,810 बंदी हैं। वहीं, एमपी से अलग होकर साल 2000 में बने नए राज्य छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा जंगलों से घिरा है, इसके बावजूद वहां 22,756 बंदी हैं। इसके अलावा देश के केंद्र शासित प्रदेशों और पूर्वोत्तर राच्यों में स्थिति इसके उलट है। लद्दाख में सबसे कम 57 और लक्षद्वीप में केवल 6 बंदी हैं। वहीं नॉर्थ-ईस्ट की बात करें तो असम ही एकमात्र राज्य है जहां 12,148 कैदी हैं, जबकि सिक्किम और नगालैंड में कैदियों की संख्या 1,000 से कम है। त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में बंदियों की संख्या 2,000 से कम है।

### इन राज्यों-केंद्र शासित इलाकों में बंदियों की संख्या कम

आंध्र प्रदेश- 7565, असम- 12148, बिहार- 50294, छत्तीसगढ़- 22756, दिल्ली- 20432, गुजरात- 20190, हरियाणा- 25752, झारखंड- 16521, कर्नाटक- 14953, केरल- 9924, मध्य प्रदेश- 42697, महाराष्ट्र- 39205, ओडिशा- 20013, पंजाब- 34245, राजस्थान- 25810, तमिलनाडु-21175, तेलंगाना- 7465, उत्तर प्रदेश- 82231, पश्चिम बंगाल- 24422।

### इन राज्यों-केंद्र शासित इलाकों में बंदियों की संख्या कम

अंडमान-निकोबार- 468, अरुणाचल प्रदेश- 699, चंडीगढ़- 965, दमन-दीव और दादरा-नगर हवेली- 192, गोवा- 620, हिमाचल प्रदेश- 3173, जम्मू-कश्मीर- 5411, लद्दाख- 57, लक्षद्वीप- 6, मणिपुर- 728, मेघालय- 1931, मिजोरम- 1728, नगालैंड- 522, पुदुचेरी- 321, सिक्किम- 461, त्रिपुरा- 1720, उत्तराखंड- 4763।

### दिल्ली आकार- आबादी में छोटा लेकिन 20 हजार से ज्यादा कैदी

बात अगर देश की राजधानी दिल्ली की करें तो यहां जेल में बंद कैदियों का औसत सबसे अधिक है। 2011 की जनगणना के अनुसार, दिल्ली की कुल आबादी लगभग 1.68 करोड़ थी, जो अन्य राच्यों की तुलना में काफी कम है। भौगोलिक नजरिए से भी दिल्ली का क्षेत्रफल केवल 1,484 वर्ग किलोमीटर है, इसके बावजूद वहां की जेलों में बंदियों की संख्या 20,432 है। इस लिहाज से जेलों की क्षमता के मुकाबले कैदियों की संख्या का अनुपात यहां सबसे अधिक है। हालांकि विशेषत्रों का दावा है कि दिल्ली में इसकी अन्य वजह भी हैं। देश की केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए हाई-प्रोफाइल कैदियों को जहां दिल्ली की अति सुरक्षित जेलों में बंद रखा जाता है, वहीं दिल्ली पुलिस भी कानून सख्ती बरतते हुए छोटे अपराधों में भी सख्त कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेज देती है।

# जंगल राज से मुक्ति चाहती है बंगाल की जनता: सीएम



**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल चुनाव में सक्रियता दिखाते हुए सड़कों पर उतरकर घर-घर जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों से कहाकि पश्चिम बंगाल कभी देश का सबसे अच्छा राज्य था, किंतु पहले कम्युनिस्ट पार्टी और बाद में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकारों ने बंगाल का बेड़ा गर्क कर दिया। केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताते हुए लोगों से कहाकि पश्चिम बंगाल देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा तो विकास की राह पर बहुत आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को कोलकाता नार्थ सबअर्बन जिले के कमरहाटी एवं मेदनीपुर जिले के खड़गपुर सदर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो कर जनसभा को संबोधित किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने घर-घर पहुंचकर केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताईं। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की प्रगति और बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोक के लिए भाजपा जरूरी है। पश्चिम बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के जंगलराज से मुक्ति चाहती है। भाजपा की सरकार बनने के बाद बंगाल में जनकल्याण के कार्य तेजी से होंगे। डॉ. यादव ने कमरहाटी में भाजपा प्रत्याशी अरुप चौधरी एवं खड़गपुर सदर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी दिलीप घोष के समर्थन में विभिन्न नगरों, बस्तियों एवं कॉलोनियों का पैदल भ्रमण कर दोनों प्रत्याशियों के लिए आशीर्वाद मांगा। सभा के बाद मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि पश्चिम बंगाल में जंगलराज जैसे हालात हो गए हैं। इस जंगलराज से जनता मुक्ति चाहती है। विकास की अपार संभावनाएं होने के बावजूद बंगाल की जनता परेशान है, विकास अवरुद्ध है। कोलकाता के अंदरुनी इलाकों में बहुत गरीबी है, हालात बेहद दयनीय हैं। बंगाल के युवाओं के पास रोजगार नहीं है, परिवार पालने के लिए लोग पलायन को मजबूर हैं। सीएम डा. यादव ने बंगाल की प्रगति और बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के लिए एसआईआर को जरूरी बताया।

**सीएम यादव ने कोलकाता में घर-घर किया जनसंपर्क**

# नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में विज्ञान की अनिवार्यता को चुनौती

**हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन मंडल को आवेदन स्वीकार करने दिए निर्देश**

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश के शासकीय मेडिकल कालेजों में नर्सिंग आफिसर के पदों पर भर्ती के लिए जीव विज्ञान की अनिवार्यता को चुनौती के मामले को गंभीरता से लिया। कर्मचारी चयन मंडल को सभी अभ्यर्थियों के आवेदन को स्वीकार करने के अंतरिम निर्देश दे दिए। कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया गया। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी ज्ञयोति साहू सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा। प्रदेश के सरकारी मेडिकल कालेजों में नर्सिंग आफिसर के पदों पर भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन में निर्धारित शर्तें मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2023 के विपरीत हैं। नियमानुसार जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) को नर्सिंग आफिसर पद के लिए एक स्वतंत्र और पर्याप्त योग्यता माना गया है। विज्ञापन में जीएनएम पास उम्मीदवारों के लिए पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की अतिरिक्त शर्त जोड़ दी गई है, जो कि मूल भर्ती नियमों में कहीं भी वर्णित नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि विज्ञापन की कंडिका-आठ (क) के तहत 102 स्तर पर भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान को अनिवार्य कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब उन्होंने जीएनएम कोर्स में प्रवेश लिया था, तब जीव विज्ञान की ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं थी। उम्मीदवारों को बिना जीव विज्ञान के जीएनएम कोर्स करने की अनुमति देने के बाद, भर्ती के समय अचानक ऐसी शर्त लगाना कानून गलत है। देश के अन्य राच्यों में जीएनएम योग्यताधारी उम्मीदवारों के लिए भर्ती के समय 12 वीं में जीव विज्ञान की अनिवार्य की शर्त नहीं है। इसके कारण उक्त शर्त तर्कहीन और भेदभावपूर्ण है।

# 15 करोड़ की बैंक डकैती का बिहार कनेक्शन

## 2 आरोपी औरंगाबाद से गिरफ्तार: एक की लोकेशन झारखंड में मिली, पुलिस टीम रवाना

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिंगरौली के बैंक ऑफ महाराष्ट्र की बैढ़न शाखा में हुई प्रदेश की सबसे बड़ी डकैतियों में से एक के तीन आरोपियों के गिरफ्तार होने की सूचना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को महज 15 मिनट के भीतर बंदूक की नोंक पर करीब 15 करोड़ रुपये का सोना और 20 लाख नकद लूटने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन संदिग्धों को बिहार और झारखंड में पकड़ा गया है। एमपी पुलिस ने डकैती के दौरान सीसीटीवी में कैद हुए आरोपियों की तस्वीरें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ साझा की थीं। शनिवार सुबह इनमें से एक को बिहार के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन पर तैनात एक महिला पुलिस अधिकारी ने पहचान लिया। इसके बाद जीआरपी की मदद से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर औरंगाबाद से ही एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जबकि तीसरे की गिरफ्तारी झारखंड के गढ़वा जिले से होने की खबर है। इनमें से एक आरोपी के पास से लाखों का कैश और च्वेलरी भी बरामद हुई है। सूत्रों के मुताबिक सिंगरौली पुलिस की टीमें इन आरोपियों को लेने के लिए रवाना कर दी गई हैं, हालांकि पुलिस फिलहाल केवल एक आरोपी की ही गिरफ्तारी की पुष्टि कर रही है।



### डीजीपी खुद लीड कर रहे ऑपरेशन

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने डीजीपी कैलाश मकवाणा को तत्काल सिंगरौली जाने के निर्देश दिए। डीजीपी सरकारी हेलीकॉप्टर से स्पेशल डीजी अनिल कुमार के साथ शुक्रवार को रीवा पहुँचे थे और वहाँ से सड़क मार्ग से सिंगरौली के बैढ़न पहुँचे। उन्होंने देर रात ही आईजी गौरव राजपूत और एसपी मनीष खत्री को निर्देश देते हुए पड़ोसी राज्यों के पुलिस प्रमुखों से संपर्क किया। इसके साथ ही पुलिस ने फरार आरोपियों पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इस मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। डकैती के आधे घंटे के भीतर ही जिले की सारी सीमाएं सील करने के बाद भी अपराधी आसानी से दूसरे प्रदेशों तक पहुँच गए। इसके अलावा लूटे गए सोने की कीमत को लेकर भी पेंच फंसा है। पुलिस का कहना है कि लूटे गए सोने पर साढ़े पांच करोड़ का लोन दिया गया था, जबकि सूत्रों के मुताबिक लूटे गए 10 किलो सोने का बाजार भाव 15 करोड़ के आसपास है।

### बैंक सील, गोल्ड गिरवी रखने वाले परेशान

घटना के बाद जिले के एसपी मनीष खत्री को पद से हटाया जा सकता है। डीजीपी और स्पेशल डीजी घटना की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। कई पुलिस कर्मियों पर निलंबन की भी कार्रवाई तय मानी जा रही है। बैंक को सील कर वहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। शनिवार को जिन लोगों ने अपना सोना बैंक में गिरवी रखा था, वे अपने जेवरों की जानकारी के लिए बैंक पहुंचे लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस रविवार को इस पूरे मामले का औपचारिक खुलासा कर सकती है।

एक आरोपी को गिरफ्तार कर कैश और जेवर बरामद किए हैं। फरार आरोपियों पर 50 हजार का इनाम रखा है। बिहार के अन्य आरोपियों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।
● **कैलाश मकवाणा**, डीजीपी

### रिलायंस डिजिटल ने अक्षय तृतीया से पहले की डिजिटल डिस्काउंट की घोषणा, आपको मिलेंगे जबरदस्त ऑफर्स

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल, यह इंडिया का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है, जिसने अपने लंबे समय से इंतजार की जा रही डिजिटल डिस्काउंट डेज कैम्पेन के फिर से आने की घोषणा की है। इससे लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में अपग्रेड करना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान ही नहीं बल्कि फायदेमंद भी हो जाएगा। इस कैम्पेन के अंतर्गत, ग्राहक लीडिंग बैंक के कार्ड्स पर 26,000 रुपए तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं या पेपर फाइनान्स पर 30,000 तक कैशबैक का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावा, रिलायंस डिजिटल सेकंड प्रोडक्ट पर दे रहा है फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट, जिससे ऑडियो डिवाइस, वेयरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप एक्सेसरीज, चुनिंदा होम एंटरटेनमेंट और छोटे अप्लायंसेज जैसी कैटेगरी में कई चीजें खरीदने को बढ़ावा मिलेगा। इसमें हिस्सा लेने वाले ब्रांड्स में मार्शल, जेबीएल, बोट और वनप्लस शामिल हैं, जो लोकप्रिय कंज्यूमर टेक इकोसिस्टम पर कंपनी के मजबूत फोकस को दर्शाता है। सांकेतिक कीमतें इस ऑफर को और भी आकर्षक बनाती हैं। ब्लूटूथ स्पीकर, नेकबैंड और वायरलेस हेडफोन जैसे प्रोडक्ट्स अपनी लिस्टेड कीमत से लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध हैं- उदाहरण के लिए, लगभग 1,699 रुपए की कीमत वाले चुनिंदा स्पीकर लगभग 850 रुपए में मिल जाएंगे, जबकि 9,999 रुपए की रेंज वाले प्रीमियम हेडफोन, सेकंड-आइटम लाभ के अंतर्गत लगभग 5,000 रुपए में मिल सकते हैं।

# गैंगरेप के आरोपियों पर वकीलों ने बरसाए लात-घूंसे

**जागरण महू।** जिले में शनिवार को बेरछा जंगल गैंगरेप केस के 2 आरोपियों को कोर्ट परिसर में वकीलों ने जमकर पीटा। पुलिस के सामने लात-घूंसे बरसाए। कुछ देर के लिए कोर्ट परिसर पूरी तरह हंगामे में बदल गया। मामला महू कोर्ट का है। जानकारी के मुताबिक, वकीलों की भीड़ ने आरोपियों को चारों तरफ से घेर लिया। लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप किया। किसी तरह आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर कोर्ट रूम के भीतर पहुंचाया। इस दौरान पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हंगामे के बीच कोर्ट की कार्रवाई पूरी की गई। दोनों आरोपियों को 20 अप्रैल तक पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की हर कड़ी को जोड़ने में जुटी है। यह पूरा मामला महू के पास स्थित बेरछा जंगल का है, जहां एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात हुई थी। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता अपने दोस्त के साथ इंदौर से लगंचा बाबा मंदिर में दर्शन करने आई थी। दर्शन के बाद दोनों जंगल के पास बैठे थे, तभी दो युवकों ने उन पर हमला कर दिया। इंदौर ग्रामीण पुलिस ने



विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। सर्च ऑपरेशन, स्थानीय इनपुट और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों का नाम महेंद्र और पिंटू है, जो मानपुर थाना क्षेत्र के रहने वाला हैं।

### पीएनजी के देश में 4.40 लाख कनेक्शन चालू

**नई दिल्ली।** भारत सरकार स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता घटाने के लिए पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार को तेज कर रही है। मार्च 2026 के बाद 4.40 लाख कनेक्शन चालू हुए 4.88 लाख आवेदन मिले। प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश 2026 तथा राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 (30 जून 2026 तक विस्तारित) तहत शहरी गैस वितरण, त्वरित अनुमोदन और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जोर है। केंद्र, राज्य और सीजीडी कंपनियों के समन्वय से बुनियादी ढांचा मजबूत किया जा रहा है और पेट्रोल-डीजल-एलपीजी आपूर्ति पर निगरानी रखी जा रही है। लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण।

**नई खोज** | **अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का नाइटटाइम मैप हुआ वायरल**

# अंतरिक्ष से सबसे चमकदार दिखता है उप्र-बिहार

**नई दिल्ली।** नासा ने सैटेलाइट तस्वीरों पर आधारित एक नया ग्लोबल मैप जारी किया, जिसमें 2014 से 2022 के बीच पृथ्वी पर रात की कृत्रिम रोशनी में हुए बदलावों को दर्शाया गया है। वैज्ञानिकों ने नौ सालों तक हर रात ली गई 11.6 लाख सैटेलाइट तस्वीरों का विश्लेषण किया। परिणामों से पता चला कि शहरी विकास और विद्युतीकरण के कारण उत्तरी भारत, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार में रात की रोशनी का स्तर काफी बढ़ गया है। ये क्षेत्र दुनिया के सबसे तेजी से चमकते इलाकों में शामिल हो गए हैं। **अध्ययन की मुख्य खोजें:** वैश्विक स्तर पर रात की रोशनी की तीव्रता में औसतन 16-34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन इसमें क्षेत्रीय



अंतर स्पष्ट है। कुछ जगहें तेजी से चमकीं तो कुछ जगहों में रोशनी घटी भी है। इस अध्ययन में 60ए दक्षिण से 70ए उत्तर अक्षांश तक दुनिया के ज्यादातर बसे हुए इलाकों को शामिल किया गया। वैज्ञानिक हाईवे पर बने टोल बूथ जितनी छोटी रोशनी के स्रोतों को भी पहचानने में सफल रहे। नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के उप-निदेशक मिगुएल रोमन ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल करना, नासा के डेटा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने का एक तरीका है। रात का पृथ्वी हमें बहुत कुछ सिखा सकती है।

### दुनिया भर में रोशनी के पैटर्न में उप्र-बिहार की चमक

कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी के टियान ली और झे झू के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने दृश्य अवरक्त इमेजिंग रेडियोमीटर सूट द्वारा ली गई तस्वीरों का विश्लेषण करने नया एल्गोरिदम विकसित किया। भारत, चीन, मध्य पूर्व और मध्य अमेरिका ज्यादातर सुनहरे रंग के हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में सुनहरे इलाके हैं और पूर्व की ओर ज़्यादा बैंगनी और सफेद इलाके हैं। वहीं, यूरोप ज्यादातर बैंगनी रंग का था, जिससे पता चलता है कि इस दौरान उस इलाके में रोशनी कम हुई थी। सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत पकड़ा कि उत्तर प्रदेश-बिहार का क्षेत्र न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में सबसे तेजी से चमकते इलाकों में से एक बन गया है।

# पान चबाकर-हंसने पर 2 एएसआई को एसपी ने वीसी में किया सस्पेंड

**जागरण, बालाघाट।** पुलिस अधीक्षक की वीडियो कांफ्रेंसिंग में पान खाकर पहुंचना एक उप निरीक्षक एएसआई को महंगा पड़ गया। बैठक के बीच में बातचीत कर रहे एएसआई एसपी के निशाने पर आ गए।

एसपी ने दोनों को वीसी के दौरान ही निलंबित कर दिया। जबकि सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों में लापरवाही बरतने पर तीन थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। बालाघाट के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी थाना क्षेत्रों की समीक्षा बैठक ली थी। एसपी जब सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे, इसी दौरान एएसआई राजकुमार राहंगडाले हंसते हुए दिखाई दिए थे। जबकि कटंगी थाना के कार्यवाहक एएसआई पेंढारीलाल अहाके पान खाते हुए नजर आए। जब उनसे सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के बारे में पूछा गया, तो उनके पास कोई जानकारी नहीं थी। एसपी ने दोनों को वीसी के जरिए ही निलंबित करने का आदेश दे दिया गया। दोनों की गतिविधियों को एसपी ने अनुशासनहीनता माना है। वहीं तीन थाना प्रभारियों और एक आरक्षक सहित कुल छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर लाइन अटैच किया गया है। निलंबित किए गए थाना प्रभारियों में कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धुमकेती, ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल और रामपायली थाना प्रभारी दिलीप मौर्य शामिल हैं। निलंबित कर लाइन अटैच किए गए टीआई पर सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों और थाना क्षेत्र में गंभीर अपराधों पर कार्रवाई में देरी के कारण कार्रवाई की गई है।

# साहित्य सृजन

## पथ पर आगे बढ़ो



बस ये तो शुरुआत है
बच्चों! आपसे करनी दो बात है;
आम का मौसम है तो आम ही आयेगा
परीक्षा दिया है,तो परिणाम भी आयेगा;
परिणाम का मतलब
उत्कर्ष और अवनति से नहीं है
ना ही यह पैमाना है
कितने प्रश्न गलत कितने सही हैं;
दरअसल परिणाम प्रयास का फल है
आपके अनुशासन,धैर्य का प्रतिफल है;
तुम्ही बताओ! किसी के मुकद्दर का फैसला
कोई कैसे कर सकता है;
जिसको तैरना ही ना आये, वो नदी-तालाब कैसे
पार कर सकता है;
हो सकता है, कुछ के परिणाम आशा के अनुरूप ना हों;
जैसे कि दिये हुए त्रिभुजों में हर एक समरूप ना हों;
बुद्धि-लब्धि सब में कम-ज्यादा होती है;
पर होती सभी में है...बाकायदा होती है;
परिणाम जो भी हों सहर्ष स्वीकार करो
सोच समझकर पथ पर आगें बढ़ो;
सभी बच्चों की पूरी हो मनोकामनाएं

**विजय शर्मा 'स्वामी', हायर सेकेण्डरी कन्या गोविंदगढ़**

## सनातन धर्म



काल के प्रवाह में, अडिग खड़ा सनातन धर्म मिला,
हर युग के अंधकार में, दीप बनकर कर्म मिला।
भक्ति में मीरा का प्रेम, तप मे ध्रुव का धैर्य मिला,
सेवा में सुदामा की सादगी, त्याग में सबरी का नेह मिला।
न्याय में राम का आदर्श, रण में कृष्ण का मर्म मिला,
ज्ञान में वेदों का प्रकाश, योग में शिव का धर्म मिला।
मानवता की राह दिखाता, यह अमर मंत्र मिला,
धन्य हुआ जीवन मेरा, मुझे सनातन धर्म मिला।

**अपर्णा जायसवाल 'अविरल', रीवा**

## मेरे आस्था के भगवन



कितने दिनों तक हिंदू इस मलाल में रहे,
मेरे आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।
आती रही बहारें, जाती रही बहारें,
कहीं मस्जिद के गुंबज कहीं बनी मज़ारे।।
मर्यादा पुरुषोत्तम वर्षों तिरपाल में रहे,
मेरी आस्था के भगवन किस हाल में रहे ।।
प्रभु का नाम लेकर जब मस्जिद ढहाई,
कितने कार-सेवक ने अपनी जान गंवाई।।
त्रेता युगी इन विधर्मियों के जाल में रहे,
मेरे आस्था के भगवन किस हाल में रहे ।।
कुछ कलयुगी पिशाचों ने मुकदमा चलाया,
शबरी के राम को फिर काल्पनिक बताया।।
जो नेत्रहीन कपि भद्राचार्य के बयान में रहे,
मेरे आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।
प्रभु की इच्छा से फिर वो घड़ी भी आई,
खुशियां मनाई घर-घर बांटी लड्डू और मिठाई।।
वह 22 जनवरी सबके दिल में हर साल रहे,
मेरी आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।
कितने दिन तक हिंदू इस मलाल में रहे,
मेरी आस्था के भगवन किस हाल में रहे।।

**डॉ. अरुण मिश्रा 'अकेला', रीवा**

## अक्षय दिवस



जन्म लिये अक्षय दिवस ,परशुराम भगवान
छँठा विष्णु अवतार हैं, हुए बहुत बलवान ।
परशुराम भगवान का, करूँ पूज के ध्यान,
शरण पड़े को दें सदा, सुखद, सुयश,वरदान।
अनाचार सहते नहीं, परशुराम भगवान,
भक्तों को वरदान दें, करते हैं कल्यान।
पिता जमदग्नि जी रहे, माता रेणुका लाल,
परशुराम भगवान के , फरसा बड़ा विशाल।
प्रभु शिव जी के भक्त हैं, शक्ति,शौर्य का रूप,
भार्गव वंश है आपका,प्रभु परशु विप्र अनूप ।
लड़ते रहे अधर्म से, उनमें क्रोध अपार ।
परशुराम भगवान में, बहे ज्ञान की धार ।
हिया भाव वैराग्य का ,परशुराम भगवान,
दानवीर बहादुर है, कर दी पृथ्वी दान ।
सत्य सनातन देव हैं, परशुराम प्रभु नाम,
न्याय हेतु लड़ते रहे, उनको करूँ प्रणाम ।
परशु मार प्रहार करो, कर दो पापी नाश ,
परशुराम भगवान से, करते हम सब आस।

**रश्मि शुक्ला पूर्व संयुक्त संचालक, रीवा**

## प्रेम पूजा है



तुम मेरे हो तो मेरे बन जाओ न,
प्रेम पूजा है तो कर जाओ न,
और यूँ कब तक दूर करते रहोगे
लोगों की नज़रों से,
अपना भी एक आशियाँ
बना जाओ न,
तुम मेरे हो तो मेरे बन जाओ न,
प्रेम पूजा है तो कर जाओ न,

**प्रिन्सू अनिरूद्ध दुबे, रीवा**

## बिहान रोइ रहे हमा



लाज,सरम और मरजादा टांग दिहिन खूंटी मा।
नवजमान बउरान हमा बोतल अउ भोले के बूटी मा।
बाप के निकारी काज जयपुर अउ हल्दी मेंहदी ऊंटी मा।
मेहरिये बुलेट धउके अउ मनसेरु बपुरा स्कूटी मा।।
भइपाचारी बेउहर सब खोइ रहे हमा।
आजुके दसा देखि बिहान रोइ रहे हमा।।
मोबाइल के चुलुक मा कहां लाभ, नहीं घाटा हइ।
बैंक मा बैलेंस को कहइ एनखर ता नही खाता हइ।
बस फुरि कुछ नही सलगा आनलाइन एनखर नाता हइ।
मोबाइल मा डाटा हइ भले घरे खाइका नहीं आटा हइ। ।
अपनेन हाथे भविश्य मा कांटा बोइ रहे हमा।।
आजुके दसा देखि बिहान रोइ रहे हमा।।
राजनेति मा जाति धरम के कइ दिहिन काटानासी।
चोर चउतरा नाचइ अउ साहु का होइ इहन फांसी।
गरीब के मुहे फेफरी कुकुर का काजू बारहमासी।
पइसा अकूत विदेस मा जमा कमाई किहिन खासी।।
देस खोखल होइगा अउ चौकीदार सोई रहें हमा।।
आजुके दसा देखि बिहान रोइ रहे हमा।।

**उमेश बिहान, रीवा**

## मुझे इंतज़ार है तेरे आने का



मेरे रूठ जाने पर तेरे मनाने का
गलतियो पर तेरे समझाने का
हांथ थाम कर साथ निभाने का
उन लम्हो को यादगार बनाने का
मुझे इंतज़ार है तेरे आने का
घर में बहाने बताकर...
चुपके से मिलने आने का
तुझे अपने पास पा कर
तेरे ख्यालो में खो जाने का
मुझे इंतज़ार है तेरे आने का
तेरे-मेरे कुछ अनसुने किस्से सुनने और सुनाने का
मैं हूँ तेरा और तू है मेरी
इस बात पर हक जताने का
मुझे इंतज़ार है तेरे आने का।

**ऋषभ गुप्ता, रतहरा रीवा**

---

### विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने पीएचसी मनगवां का किया औचक निरीक्षण

# पीएचसी में अव्यवस्था देख भड़के विधायक अनुपस्थित डॉक्टर्स पर दिए कार्यवाई के निर्देश

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की दी चेतावनी



**मनिकवार, नि.प्र.।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनगवां में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत उस समय सामने आ गई जब मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मरीजों की देखभाल और दवाइयों की उपलब्धता को लेकर गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान डॉ. एम.डी. पटेल एवं डॉ. कल्पना मिश्रा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए विधायक ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा को फोन पर जानकारी दी और संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने यह भी सवाल उठाया कि जब अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता का दावा किया जाता है, तो फिर मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां क्यों लिखी जा रही हैं। उन्होंने इसे मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला व्यवहार बताते हुए सख्त आपत्ति दर्ज की।

हाल के दिनों में वायरल हुए एक वीडियो का भी जिक्र निरीक्षण के दौरान सामने आया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा मरीजों को बाहर से रेबीज इंजेक्शन मंगाने की बात कही जा रही थी। इस मामले ने पहले ही विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे, और अब ताजा निरीक्षण ने स्थिति को और स्पष्ट कर दिया है। विधायक ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के दावे तभी सार्थक होंगे, जब जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए।

# जो भक्तों के पापों का हरण कर ले वही हरि : पंडित भूपेंद्र शास्त्री



**आंचलिक डेस्क।** भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कुलगुरु पंडित बागीश नारायण मिश्र कथावाचक पंडित भूपेंद्र शुक्ला शास्त्री, दिलीप ऊर्मालिया द्वारा कथा में भक्त जनों को ब्रजमंडल पर इंद्र का प्रकोप, गोवर्धन धारण, महाराश, मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव का वृंदावन जाना, जरासंध का आक्रमण, द्वारिका निर्माण एवं रुक्मणी मंगल विवाह की कथा श्रवण कराई गई। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्री शास्त्री द्वारा बताया गया की जो मन को आकर्षित कर ले वही कृष्ण है। आगे उन्होंने व्यासपीठ से कहा कि सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं।

उन्होंने बताया कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तो उसे रास कहा जाता है। कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी भक्तों को खूब आनंदित किया। जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण तथा रूक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

कथाव्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है।

# जिला स्तरीय विवाह निकाह कार्यक्रम जवा में आज

### ईश्वरचंद्र विद्यासागर कॉलेज जवा में होगा आयोजन

**जवा ब्यूरो।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत विवाह आज 19 अप्रैल को जवा जनपद पंचायत अंतर्गत ईश्वरचंद्र विद्यासागर कॉलेज जवा में विवाह जिला स्तरीय संपन्न किया जाएगा। जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग संभाग रीवा के संयुक्त संचालक दुबे ने बताया की विवाह निकाह कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर शोर से है सभी विभागों को सूचना दी गयी। उन्होंने आमजनो से अपील किये है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चयनित जोड़ो को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला मौजूद रहेंगे जिसकी अध्यक्षता सिरमौर विधायक दिव्यराज द्वारा किया जाएगा। वही विशिष्ट अतिथि के रूप जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के सभी सीईओ, सीएमओ और जिले के सभी जिला पंचायत सदस्य,जनपद पंचायत सदस्य मौजूद रहेंगे।

## पुण्य प्रकाश ने 90 प्रतिशत अंक पाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**हर्दी, नि.प्र.।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक सिवनी में कक्षा 12वीं के छात्र पुण्य प्रकाश चतुर्वेदी ने 500 में से 446 अंक प्राप्त किया। पुण्य प्रकाश चतुर्वेदी ने माता उमा चतुर्वेदी पिता स्वतंत्र प्रकाश चतुर्वेदी और बाबा तुलसीदास चतुर्वेदी तथा गुर्जनों को इस सफलता का श्रेय दिया है जिसमें उनके गृह ग्राम पिपरवार पोस्ट महमूदपुर में परिवारजनों व रिश्तेदारों ने फोन मैसेज और मिलकर बधाइयां दे रहे हैं और बालक पुण्य प्रकाश की उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## मजदूर के बेटे ने लहराया परचम



**सेमरिया।** शुभम कोरी पिता सुखलाल कोरी ने 10वीं मप्र बोर्ड की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर ग्राम सेमरा(प्लॉट) गांव का नाम रोशन किया। उनके पिताजी साधारण मजदूरी का काम करते हैं, शासकीय हाई स्कूल मड़ौ में छात्र अध्ययनरत था। जिला सचिव मनोज बुनकर के साथ बसपा टीम सेमरिया के साथी लालबहादुर साकेत (बसपा प्रभारी सेमरिया), शिवेंद्र कोरी (सेक्टर सचिव), रामस्वरूप साकेत(सेक्टर सचिव) ने अभ्यर्थी के घर पहुंच कर बधाई दीं एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित की।

# गैस सिलेण्डर पाने रात तीन बजे से लगा रहे कतार, प्रशासन बेखबर



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर में इन दोनों रसोई गैस को पाने के लिए बिना खाए पिए रात 8:00 बजे से लंबी लाइन की कतार लगानी पड़ रही है जिसके चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने अपनी व्यथा संवाददाता को बताते हुए कहा कि कई उपभोक्ता दूर दराज से आए हुए हैं तथा अपने घर से बिस्तर और खाना लेकर आ रहे हैं, फिर भी रसोई गैस मिलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है और कई महिलाएं भी दूर दराज से आकर घर का काम धाम छोड़कर सिलेंडर लेने के लिए लाइन लगाने के लिए मजबूर हैं। इस अव्यवस्था को लेकर पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा व निलेश केसरी बच्चा भैया ने मौके पर पहुंच कर भारी नाराजगी दिखाइ देते हुए कहा हालात इतने खराब हैं कि लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए घंटों नहीं बल्कि पूरी रात लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। इसके बावजूद कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है और उपभोक्ता कई दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस वजह से आम जनता की दैनिक जिंदगी पूरी तरह प्रभावित हो गई है। रसोई में गैस न होने से लोगों को खाना बनाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जो महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान नजर आ रही हैं जिन्हें घर का चूल्हा चलाने के लिए लकड़ी और अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। निलेश केसरी ने इस गंभीर समस्या पर सवाल उठाते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जब संकट इतना बढ़ चुका है, तब भी जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं और गैस वितरण व्यवस्था में कहीं न कहीं बड़ी लापरवाही या गड़बड़ी हो रही है, जिसकी वजह से आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह संकट और भी विकराल रूप ले सकता है। जिसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। लोगों ने प्रशासन से पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डर उपलब्ध करने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की है।

# रीवा में विंध्य विकास एवं कृतज्ञता महोत्सव 17 मई को



### उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे मुख्य अतिथि

**आंचलिक डेस्क।** शहर के राज कपूर ऑडिटोरियम में आगामी 17 मई 2026 को आयोजित होने जा रहे 'विंध्य विकास एवं कृतज्ञता महोत्सव' को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस महोत्सव का आयोजन महर्षि विश्वामित्र लोक सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इसी क्रम में कार्यक्रम की पहली तैयारी बैठक रिंग रोड स्थित साक्षी न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर एजेंसी के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई और आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में संस्थान के प्रमुख एवं वरिष्ठ समाजसेवी लाल बहादुर सिंह कर्चुली ने सभी सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव विंध्य क्षेत्र के विकास के प्रति आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे ऐतिहासिक बनाया जाना चाहिए। बैठक में रविनंदन सिंह, ज्ञान सिंह, बृजेंद्र सिंह, शिब्बू सिंह, सत्येंद्र शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, अनुज सिंह एवं विवेक विश्वकर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और आयोजक इसे यादगार बनाने में जुटे हुए हैं।

# अपर कलेक्टर एवं एसपी मऊगंज ने संपादित की स्वगणना





**आंचलिक डेस्क।** अपर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मऊगंज द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत स्वगणना 18 अप्रैल को संपादित की गई। साथ ही हनुमना तहसील में संचालित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को स्वगणना कार्य को प्राथमिकता से संपादित करने, निर्धारित समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रविष्टियों को शुद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन करने एवं क्षेत्रीय स्तर पर कार्य में समन्वय बनाए रखने हेतु भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जनगणना प्रभारी मोहित साहू, अतिरिक्त जनगणना चार्ज अधिकारी बुद्धसेन मांझी, मास्टर ट्रेनर विवेक कुमार पटेल एवं जनगणना सुपरवाइजर रामसागर शुक्ला उपस्थित रहे।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ अतरैला में भगवान परशुराम जयंती का होगा आयोजन

**अतरैला नि.प्र.।** भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ अतरैला में मनाई जाएगी। बीते वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नरसिंह हनुमान सेवा समिति अतरैला के तत्वावधान में यह भव्य आयोजन संपन्न किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शोभा यात्रा के साथ ही कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 19 अप्रैल, दिन रविवार को ग्राम पंचायत अतरैला स्थित रेंज शिव मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के संस्थापक अध्यक्ष नरसिंह कुटी आश्रम पुजारी सुरेंद्र दास तिवारी एवं बृजवासी गौ रक्षक सेवा संगठन युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सज्जन तिवारी के द्वारा सभी सनातन प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि समय कम होने के कारण अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करें। समिति ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारा और एकता भी मजबूत होती है। अतः सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि इस पावन अवसर पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# जनगणना : नवीन शिक्षा महाविद्यालय मनगवा में 500 कर्मचारी हो रहे प्रशिक्षित



**मनगवां नि. प्र.।** भारत की जनगणना कार्यक्रम अंतर्गत नवीन शिक्षा महाविद्यालय मनगवां में प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू है । जिसमें शिक्षक, सचिव ,सहायक सचिवों को प्रशिक्षित किया जा रहा है । मनगवां तहसील अंतर्गत 292 गांव हैं । जिसमें 498 ब्लॉक बनाए गए हैं। मध्य प्रदेश शासन के मनसानुसार 0 से 800 लोगों की जनसंख्या का एक ब्लॉक बनेगा । मनगवां तहसील अंतर्गत 380 प्रगणक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 40 प्रगणकों को रिजर्व सूची में रखा गया है। 69 सुपरवाइजर प्रगणकों की देखरेख के लिए नियुक्त किए गए हैं। साथ ही 6 सुपरवाइजर को रिजर्व सूची में रखा गया है । नवीन शिक्षा महाविद्यालय के चार कमरों में दो-दो ट्रेनर उपस्थित सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। 15 से 23 तक 9 दिवसीय प्रशिक्षण अभियान रखा गया है। जिसमें लगभग 500 कर्मचारी 9 दिवस तक लगातार प्रशिक्षित होंगे। जिले से मास्टर ट्रेनर के रूप में शशिकांत शुक्ला एवं जय रामदास प्रजापति शनिवार को प्रशिक्षणार्थियों के बीच पहुंचकर मध्य प्रदेश शासन के बताए हुए नियम के अनुसार सभी को प्रशिक्षित कर शासन के निर्देश बताए गए। फील्ड ट्रेनर में प्रमुख रूप से प्राचार्य कैलाश चंद्र अवधिया, रंगबहादुर सिंह, पीयूष मणि मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, आकाश मुनिया, राजेंद्र सिंह, विवेक पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


प्लेयर ऑफ द मैच ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद 67 रन

**मैच 26:** 18 रन पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में थी दिल्ली, बर्थडे बॉय राहुल और स्टब्स के अर्धशतकों से जीती

## अंतिम ओवर में मिलर ने दिलाई दिल्ली को जीत घरेलू मैदान पर 100वें मैच में हारी आरसीबी

**जेएनएन, बेंगलुरु**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बर्थडे बॉय केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को आईपीएल के 26वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी। आरसीबी का अपने घरेलू मैदान पर यह 100वां मैच था। घरेलू मैदान पर 100 मैच खेलने वाली आरसीबी पहली टीम बन गई है। सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद राहुल ने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की। इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। 176 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पतुम निसंका के रूप में पहले ही ओवर में झटका लगा, जब पगबाधा की अपील पर नॉटआउट दिए जाने के बाद वह डीआरएस पर भुवनेश्वर का शिकार बने। दिल्ली ने राहुल का साथ देने के लिए करुण नायर को बतौर इम्पैक्ट सब मैदान में भेजा, लेकिन नायर भी बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में डीप थर्ड पर सॉल्ट के हाथों लपके गए और भुवनेश्वर का दूसरा शिकार बने। भुवनेश्वर ने रिजवी का शिकार किया।

**एक मैदान पर सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीमें**

| मैच | टीम | मैदान |
|---|---|---|
| 100 | आरसीबी | एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम |
| 98 | केकेआर | ईडन गार्डन्स |
| 95 | मुंबई | वानखेड़े स्टेडियम |
| 89 | दिल्ली | अरुण जेटली स्टेडियम |
| 80 | सीएसके | एमए चिदंबरम स्टेडियम |

### स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः 175/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का. स्टब्स बो. कुलदीप | 63 | 38 | 4 | 3 |
| कोहली का. निसंका बो. एन्गिडी | 19 | 13 | 3 | 0 |
| पडिक्कल का. मिलर बो. अक्षर | 18 | 13 | 1 | 1 |
| पाटीदार का. राहुल बो. मुकेश | 8 | 4 | 0 | 1 |
| डेविड का. नटराजन बो. अक्षर | 26 | 17 | 3 | 1 |
| जितेश का. मिलर बो. एन्गिडी | 14 | 20 | 1 | 0 |
| शेफर्ड पगबाधा बो. कुलदीप | 1 | 4 | 0 | 0 |
| क्रुणाल पंड्या रनआउट | 12 | 10 | 0 | 1 |
| रसिख सलाम नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 3 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 11, **कुलः** 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन, **विकेट पतनः** 1-52, 2-99, 3-105, 4-131, 5-146, 6-149, 7-172, 8-172, **गेंदबाजीः** आकिब नबी 3-0-36-0, मुकेश कुमार 4-0-32-1, लुंगी एन्गिडी 4-0-39-2, कुलदीप यादव 4-0-32-2, टी नटराजन 2-0-16-0, अक्षर पटेल 3-0-18-2

**दिल्ली कैपिटल्सः 179/4 (19.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पतुम निसंका पगबाधा बो. भुवनेश्वर | 1 | 2 | 0 | 0 |
| केएल राहुल का. कोहली बो. क्रुणाल | 57 | 34 | 6 | 2 |
| करुण नायर का. साल्ट बो. भुवनेश्वर | 5 | 5 | 1 | 0 |
| समीर रिजवी का. जितेश बो. भुवनेश्वर | 2 | 3 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 60 | 47 | 4 | 1 |
| अक्षर पटेल रिटायर्ड हर्ट | 26 | 19 | 3 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 22 | 10 | 1 | 2 |

**अतिरिक्तः** 6, **कुलः** 19.5 ओवर में चार विकेट पर 179 रन, **विकेट पतनः** 1-2, 2-16, 3-18, 4-87, **गेंदबाजीः** भुवनेश्व 4-0-26-3, जोश हेजलवुड 4-0-38-0, रसिख सलाम 4-0-40-0, क्रुणाल पंड्या 4-0-24-1, सुयश शर्मा 3-0-31-0, शेफर्ड 0.5-0-17-0.

### अंतिम पांच गेंदों पर 15 रन बनाकर जीती कैपिटल्स

दिल्ली को जीत के लिए अंतिम ओवर में 15 रनों की दरकार थी। एक समय दिल्ली को चार ओवर में 41 रन बनाने थे, लेकिन लगातार तीन किफायती ओवरों के बाद आरसीबी का पलड़ा भारी लगने लगा था। अक्षर मांसपेशियों में खिंचाव के चलते रिटायर्ड हर्ट हो चुके थे। शेफर्ड की पहली दो गेंदों पर दो सिंगल आने से दिल्ली पर दबाव बढ़ गया था और क्रीज पर डेविड मिलर थे जो कि कुछ ही दिनों पहले ऐसी ही परिस्थिति से दिल्ली को जीत नहीं दिला पाए थे। लेकिन मिलर ने शेफर्ड की दो गेंदों पर दो छक्का जड़ा और अगली गेंद पर चौका जड़कर दिल्ली को जीत दिला दी।

---

**ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)**



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 283 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 251 |
| विराट (आरसीबी) | 247 |

**पर्पल कैप (गेंदबाज)**

| | |
|---|---|
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 13 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 11 |
| भुवनेश्वर (आरसीबी) | 10 |



**बाउंड्री मीटर**

466 छक्के
843 चौके
58 अर्धशतक



अभिषेक शर्मा ने हैदराबाद के लिए आईपीएल इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक 15 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 | 1.067 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.171 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.566 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 | 0.310 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | 0.018 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.780 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.804 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.076 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 | -1.149 |

### चोटिल डेविड पेन की जगह कोएत्जी दो करोड़ में सनराइजर्स की टीम में शामिल

**हैदराबाद, जेएनएन।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटिल डेविड पेन की जगह गेराल्ड कोएत्जी को आईपीएल के बाकी मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पेन ने इस सत्र में दो मैच खेलकर दो विकेट लिए हैं। वह एड़ी की चोट के कारण बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। आईपीएल के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज कोएत्जी को विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। वह दो करोड़ रुपए में सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ेंगे।

### जोकोविच और एलीन गु लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों की करेंगे सह-मेजबानी

**मैड्रिड, जेएनएन।** अपने दौर के दो सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और एलीन गु इस वर्ष के लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार की संयुक्त मेजबानी करेंगे। खेल कैलेंडर के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह में पहली बार दो सक्रिय खिलाड़ी प्रस्तोता की भूमिका निभाएंगे। यह आयोजन 20 अप्रैल को मैड्रिड के प्रतिष्ठित पलासियो दे सिबेल्स में आयोजित किया जाएगा। जोकोविच रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांच बार लॉरियस साल के सर्वश्रेष्ठ वैश्विक खिलाड़ी पुरस्कार जीत चुके हैं। वह ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं और पुरुष एकल में 24 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम कर चुके हैं। वहीं गु फ्रीस्टाइल स्कीइंग इतिहास की सबसे सफल खिलाड़ी हैं। वह कई बार ओलंपिक और विश्व चैंपियन रह चुकी हैं। वह 2023 में लॉरियस विश्व साल की सर्वश्रेष्ठ एक्शन स्पोर्ट्स खिलाड़ी का खिताब जीत चुकी हैं और लॉरियस की दूत भी हैं।

**मैच 27:** हैदराबाद ने सीएसके को 10 रन से हराया, अभिषेक और क्लासेन के अर्धशतक

## सनराइजर्स तीसरी जीत के साथ चौथे नंबर पर

**जेएनएन, हैदराबाद**

अभिषेक शर्मा (59) और हेनरिक क्लासेन (59) के अर्धशतकों और गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की है। यह इस सीजन हैदराबाद की तीसरी जीत है और अब वह अंक तालिका में छठे स्थान से छलांग लगाते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। हैदराबाद की टीम सीएसके के तेज गेंदबाज जेमी ओवर्टन और अंशुल कंबोज की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। जवाब में सीएसके की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 184 रन ही बना सकी और उसे चौथी हार का मुंह देखना पड़ा। 195 के लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन के रूप में सीएसके को शुरुआती झटका लगा था, लेकिन इसके बाद आयुष म्हात्रे के आक्रमण से सीएसके की पारी को गति मिल गई थी और पांचवें ओवर में ही सीएसके 50 के आंकड़े को पार कर गई थी। हालांकि जल्द ही म्हात्रे की मांसपेशियों में खिंचाव आया और उन्हें दौड़ने में परेशानी होने लगी। हालांकि म्हात्रे ने पावरप्ले को भुनाने के इरादे से आगे खेलने का फैसला किया, लेकिन क्लासेन के बेहतरीन कैच के चलते वह आउट हो गए। जल्द ही गायकवाड़ भी पवेलियन लौटे और पावरप्ले की समाप्ति तक सीएसके ने 77 रन जरूर बनाए, लेकिन उनके तीन विकेट गिर चुके थे। इससे पहले हैदराबाद ने आक्रामक शुरुआत की और अभिषेक ने मात्र 15 गेंदों पर अपना अर्धशतक भी पूरा किया। हालांकि पावरप्ले के अंतिम ओवर में मुकेश चौधरी ने ट्रैविस हेड और इशान किशन को लगातार दो गेंदों पर अपना शिकार बनाया। इसके बाद अभिषेक का 52 के निजी स्कोर पर दुबे से कैच छूटा लेकिन जल्द ही अभिषेक ओवर्टन का शिकार बने।

प्लेयर ऑफ द मैचः इशान मलिंगाः 3 विकेट



### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबादः 194/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. सैमसन बो. ओवर्टन | 59 | 22 | 6 | 4 |
| ट्रेविस हेड का. रुतुराज बो. मुकेश | 23 | 20 | 3 | 1 |
| इशान का. रुतुराज बो. मुकेश | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन बो. कंबोज | 59 | 39 | 6 | 2 |
| अनिकेत का. नूर बो. ओवर्टन | 2 | 4 | 0 | 0 |
| नीतीश का. शॉर्ट बो. ओवर्टन | 12 | 8 | 0 | 1 |
| अरोड़ा का. ब्रेविस बो. गुरजपनीत | 13 | 12 | 2 | 0 |
| लिविंगस्टोन का. ब्रेविस बो. कंबोज | 1 | 5 | 0 | 0 |
| शिवांग का. गुरजपनीत बो. कंबोज | 12 | 8 | 1 | 1 |
| प्रफुल हिंगे नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 13, **कुलः** 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन, **विकेट पतनः** 1-75, 2-75, 3-93, 4-112, 5-147, 6-177, 7-179, 8-193, 9-194, **गेंदबाजीः** मैथ्यू शॉर्ट 3-0-38-0, मुकेश चौधरी 2-0-21-2, अंशुल कंबोज 4-0-22-3, नूर अहमद 4-0-33-0, जेमी ओवर्टन 4-0-37-3, गुरजपनीत सिंह 4-0-34-1,

**चेन्नई सुपर किंग्सः 184/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. क्लासेन बो. नीतीश | 7 | 3 | 0 | 1 |
| रुतुराज का. अरोड़ा बो. मलिंगा | 19 | 13 | 3 | 0 |
| आयुष का. क्लासेन बो. नीतीश | 30 | 13 | 5 | 1 |
| शार्ट का. अनिकेत बो. मलिंगा | 34 | 30 | 3 | 0 |
| सरफराज का. नीतीश बो. मलिंगा | 25 | 19 | 3 | 0 |
| ब्रेविस का. लिविंगस्टोन बो. शिवांग | 0 | 4 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे बो. साकिब | 21 | 16 | 1 | 1 |
| ओवर्टन का. लिविंगस्टोन | 16 | 15 | 1 | 0 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 13 | 8 | 0 | 1 |
| नूर अहमद नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 18, **कुलः** 20 ओवर में आठ विकेट पर 184 रन, **विकेट पतनः** 1-15, 2-66, 3-66, 4-112, 5-113, 6-148, 7-154, 8-182, **गेंदबाजीः** प्रफूल हिंगे 4-0-60-0, नीतीश कुमार 4-0-31-2, साकिब हुसैन 4-0-32-1, इशान मलिंगा 4-0-29-3, शिवांग कुमार 3-0-18-1, अभिषेक शर्मा 1-0-13-0,

## केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी रॉयल्स

**कोलकाता, जेएनएन।** शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार दोपहर को आईपीएल के 28वें मैच में लय वापस पाने के इरादे से उतरेगी। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की, लेकिन पिछले मैच में उसे हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है और मात्र एक अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर हैं। केकेआर और राजस्थान के बीच अब तक कुल 31 मुकाबले हुए हैं, जिसमें कोलकाता 16-14 से आगे है। आगामी विधानसभा



चुनाव के कारण अब यहां करीब एक महीने तक मैच नहीं होगा, जिससे केकेआर घरेलू प्रशंसकों के सामने पहली जीत के लिए बेताब होगी। अब ईडन गार्डंस पर अगला मैच 16 मई को होगा।

## सुपर जाएंट्स के सामने विजय रथ पर सवार पंजाब किंग्स की चुनौती

**मुल्लांपुर, जेएनएन।** तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को शाम के मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ के कप्तान रिषभ पंत चोट से उबर कर इस मैच को खेलने के लिए फिट है, जिससे टीम का हौसला बढ़ेगा। पंजाब इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि केकेआर के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम का नेट रन रेट +1.067 है। पंजाब



ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। दोनों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 3-3 की बराबरी पर है, लेकिन 2025 सीजन में पंजाब ने लखनऊ को दोनों मैचों हराया था।

### हॉकीः अर्जेंटीना के खिलाफ भारत ने सीरीज 2-2 से ड्रॉ की

**ब्यूनस आयर्स, जेएनएन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए आखिरी दो मैच जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की। दौरे की शुरुआत 13 अप्रैल को पहले मैच से हुई, जिसमें अर्जेंटीना ने 4-2 से जीत दर्ज की। 14 अप्रैल को खेले गए दूसरे मैच में अर्जेंटीना 2-1 से विजयी रही। तीसरा मैच 16 अप्रैल को खेला गया, जिसे 2-1 से जीतकर भारत ने वापसी की। नवनीत कौर (26वां) और नेहा (37वां) ने गोल किए, जबकि अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल आगस्टिना ने 52वें मिनट में दागा। सीरीज का आखिरी मैच 17 अप्रैल को खेला गया, जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थीं। इसमें भारत ने शूटआउट में 3-2 से जीत दर्ज की।

## पहले टी-20 में हार के बाद वापसी करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा मुकाबला आज शाम शाम 5.30 से**

**डरबन, जेएनएन।** पहले मैच में मिली हार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 में उतरेगी तो बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। यह मैच शाम 5:30 बजे से खेला जाएगा। भारत का स्कोर एक समय 15वें ओवर में दो विकेट पर 119 रन था, लेकिन टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से पांच गेंद बाकी रहते जीत दर्ज कर ली।



दूसरे मैच में भारत को अच्छी शुरुआत का फायदा उठाना होगा और निचले क्रम के बल्लेबाजों को इसके लिए खुलकर खेलना होगा। पिछली चार सीरीज जीत चुकी भारतीय टीम ने 14 वाइड गेंदें भी फेंकी। भारत की फील्डिंग भी लचर रही। रेणुका और अनुष्का शर्मा ने डैथ ओवरों में कैच टपकाए। दो महीने बाद ब्रिटेन में टी-20 विश्व कप होना है और वनडे विश्व चैम्पियन भारतीय टीम तैयारी के लिए पांच मैचों की इस सीरीज का पूरा उपयोग करना चाहेगी। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में अनुशासित प्रदर्शन किया। वोल्वार्ट, क्लो ट्रायोन और एनेरी डर्कसेन ने बल्लेबाजी में कमाल किया और गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने नहीं दिया।

## भारत में 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक घटिया गुणवत्ता के हैंः सुमरिवाला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में एथलेटिक्स के बुनियादी ढांचे को लेकर एक गंभीर और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने कहा कि देश में इस्तेमाल हो रहे लगभग 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक मानकों के अनुरूप नहीं हैं। यह समस्या केवल सामग्री की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया, मार्किंग और समग्र निर्माण मानकों में भी गंभीर खामियां हैं। उन्होंने बताया कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने इस मुद्दे पर एएफआई को सक्रिय भूमिका निभाने और स्थिति सुधारने के निर्देश दिए हैं। सुमरिवाला ने कहा कि मैं किसी ट्रैक का नाम नहीं लूंगा, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि भारत में 90 प्रतिशत से अधिक ट्रैक सामग्री, निर्माण प्रक्रिया और मार्किंग के लिहाज से मानकों से नीचे हैं। हमने टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स के साथ एक बैठक की थी (पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप के दौरान), जहां उन्होंने हमें कुछ आंकड़े दिखाए, जो काफी चौंकाने वाले थे।

## बांग्लादेश दौराः अब्बास की पाकिस्तान टीम में वापसी, सरफराज मुख्य कोच

**कराची, जेएनएन।** अगले महीने के बांग्लादेश दौरे के लिए 36 वर्ष के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास की पाकिस्तान टीम में वापसी हुई है, जबकि चार नए चेहरों को भी दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को टेस्ट टीम का नया मुख्य कोच चुना है। टीम में नए चेहरों में बल्लेबाज अब्दुल्ला फजल, अजान अवैस, हरफनमौला अमाद बट और विकेटकीपर गाजी गोरी शामिल हैं। स्पिनर आसिफ अफरीदी और अबरार अहमद, सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक, बल्लेबाज कामरान गुलाम और विकेटकीपर रोहेल नजीर को टीम में जगह नहीं मिली है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट आठ से 12 मई और दूसरा 16 से 20 मई के बीच खेला जाएगा।

**टीमः** शान मसूद (कप्तान), अब्दुल्ला फजल, अमाद बट, अजान अवैस, बाबर आजम, हसन अली, इमामुल हक, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद गाजी गोरी, नोमान अली, साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी।

## विकास का शतक, प्रारब्ध के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल ने चंबल को 137 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच प्रारब्ध मिश्रा (नाबाद 93 रन व तीन विकेट) के शानदार दोहरे प्रदर्शन और विकास के शतक की बदौलत भोपाल डिवीजन ने अंडर-22 बॉयज लिमिटेड ओवर्स इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में चंबल को 137 रन से करारी शिकस्त दी। एमपीसीए द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में इस जीत से भोपाल को चार अंक प्राप्त हुए। मुरैना के एमपीसीए मैदान पर भोपाल डिवीजन ने निर्धारित 50 ओवर में 3 विकेट खोकर 368 रन बनाए। विकास शर्मा ने 115 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि प्रारब्ध मिश्रा ने नाबाद 93 और तनिष्क यादव ने 81 रन बनाए। चंबल डिवीजन के लिए मनल चौहान, जय और त्वारिक खान ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी



चंबल डिवीजन 43.3 ओवर में 231 रन बनाकर पर सिमट गई। सक्षम पुरोहित ने 48, सोमू सिकरवार ने 38 और स्पर्श धाकड़ ने 34 रन बनाए। भोपाल के नीरज ग्रोवर ने 4 विकेट लिए, जबकि प्रारब्ध को तीन और तन्मय पांडे को दो सफलता मिली।

## एमपीएल महिला क्रिकेट चयन ट्रायल्स 25 अप्रैल को

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 में महिला क्रिकेट टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स के लिए 25 अप्रैल को चयन ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह ट्रायल्स स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के क्रिकेट ग्राउंड पर सुबह आठ बजे से होंगे, जिसमें मप्र की महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगी। एमपीएल में पिछले वर्ष प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में प्रभावी भूमिका निभाने के बाद आईसेक्ट समूह ने इस वर्ष टीम स्वामित्व के साथ खेल विकास की दिशा में नई पहल की है। एमपीएल प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम 2025-26 के लिए खिलाड़ी 1 दिसंबर 2025 तक किसी भी डिवीजन या एमपीसीए में पंजीकृत न हो। खिलाड़ी की आयु 1 दिसंबर 2025 को 15 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम होनी चाहिए।

